

■ प्रौद्योगिकी में बढ़ा आत्मविश्वास नेतृत्व में अब भी बाधाएं - 12




■ कच्चे तेल की आपूर्ति के लिए भारत ने खोजे वैकल्पिक स्रोत - 12



■ राष्ट्रीय मुर्मू ने कहा कि अवसर मिलने पर हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं महिलाएं - 13



■ पॉप स्टार रिकी मार्टिन ने विश्व कप से पहले धूम मचाई - 14


आज का मौसम | 36.0° अधिकतम तापमान | 21.0° न्यूनतम तापमान | सूर्योदय 06.25 | सूर्यास्त 06.14

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष षष्ठी 11:27 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 9 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 202, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# भारत तीसरी बार विश्व चैंपियन

## पहली बार मेजबान टीम ने खिताब जीता, न्यूजीलैंड की 96 रन से सबसे बड़ी हार

| भारत | न्यूजीलैंड |
|---|---|
| 255/5 | 159/10 |

**कब और किसने, कितनी बार जीता टी20 वर्ल्ड कप?**

- 2007 – भारत
- 2009 – पाकिस्तान
- 2010 – इंग्लैंड
- 2012 – वेस्टइंडीज
- 2014 – श्रीलंका
- 2016 – वेस्टइंडीज
- 2021 – ऑस्ट्रेलिया
- 2022 – इंग्लैंड
- 2024 – भारत
- 2026– भारत

**ये रहे टॉप स्कोरर**

| | | | |
|---|---|---|---|
| संजू सैमसन | 89 रन | 8 छक्के | 5 चौके |
| ईशान किशन | 54 रन | 4 छक्के | 4 चौके |
| अभिषेक | 52 रन | 3 छक्के | 6 चौके |

- जसप्रीत बुमराह ने न्यूजीलैंड के 15 रन पर चार विकेट चटकाए

अहमदाबाद, एजेंसी



गुजरात के अहमदाबाद स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी20 विश्व कप 2026 के फाइनल मैच जीतने के बाद जश्न मनाती भारतीय टीम।

टी-20 विश्व कप के फाइनल मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को चारों खाने चित कर तीसरी बार खिताब जीत लिया। ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी मेजबान टीम ने खिताब जीता हो। भारत ने पहले खेलते हुए न्यूजीलैंड को 256 रन का लक्ष्य दिया। पीछा करते हुए न्यूजीलैंड 19 ओवर में 159 रन पर ही आलआउट हो गई और उसे 96 रन से बड़ी हार का सामना करना पड़ा।

आखिरी मैच में फॉर्म में लौटे अभिषेक शर्मा और लगातार भारत के 'मैच विनर' साबित हो रहे संजू सैमसन के अर्धशतकों की मदद से भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप के फाइनल में रविवार को पांच विकेट पर रिकॉर्ड 255 रन बनाए। न्यूजीलैंड की तरफ से सबसे अधिक रन टिम सिफर्ट ने 52 रन बनाए।

इससे पूर्व ईशान किशन ने 25 गेंद में 54 और शिवम दुबे ने आठ गेंद में नाबाद 26 रन बनाये। पूरे टूर्नामेंट में खराब फॉर्म से जूझते रहे अभिषेक ने 21 गेंद में 52 रन बनाये जबकि सैमसन ने 46 गेंद में 89 रन की पारी खेली जिसे लंबे समय तक याद रखा जायेगा। उन्होंने लांग आन, लांग आफ और स्क्वेयर लेग के ऊपर से कुल आठ छक्के लगाकर खचाखच भरे दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में बैठे दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

उन्होंने रचिन रविंद्र, लॉकी फर्ग्यूसन और मैट हेनरी की गेंदों की जमकर धुनाई करके मैदान के चारों ओर रन बनाये। वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के खिलाफ शानदार पारियां खेलने वाले केरल के सैमसन ने एक और जबर्दस्त पारी खेलकर अपने आलोचकों का मुंह बंद कर दिया। वहीं कश्मीर से कन्याकुमारी तक आलोचकों के कोपभाजन बने अभिषेक ने आखिरकार अपनी प्रतिभा के दर्शन कराते हुए न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों को दबाव में ला दिया। उन्होंने 18 गेंद में 50 रन बनाये और छक्के के साथ अर्धशतक तक पहुंचे। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनेर से नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच को भांपने में गलती हुई और टीम चयन में वह चूक गए। उन्होंने आफ स्पिनर कोल मैकोंची को नहीं चुना जिन्होंने सेमीफाइनल में क्विंटोन डिकॉक और रियान रिकेलटन को आउट किया था। अभिषेक ने मैकोंची की जगह खेल रहे जैकब डफी की गेंद पर पांच चौके लगाये। डफी ने तीन ओवर में 42 रन दे डाले और उन्हें कोई विकेट नहीं मिली। हेनरी ने चार ओवर में 49 रन दिये और एक विकेट चटकाया। अंतिम ओवर में अभिषेक ने फर्ग्यूसन और हेनरी को छक्के लगाये।

**भारतीय पारी में बने खास रिकॉर्ड**

- टीम ने 7 .2 ओवर में 100 रन पूरे किए। जो टी–20 वर्ल्ड कप के नॉकआउट मुकाबलों में किसी टीम से सबसे तेज 100 रन का रिकॉर्ड है।
- भारतीय टीम ने पावरप्ले में वर्ल्ड कप के सबसे बड़े स्कोर की बराबरी की। पिछला रिकॉर्ड 92/1 था, जो 2024 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज ने बनाया था।
- सैमसन टी–20 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन गए। उन्होंने वेस्टइंडीज के मार्लोन सैमुअल के 85 रन का रिकॉर्ड तोड़ा।

**ब्रीफ न्यूज**

### एआई 10 से 18 तक नौ मार्गों पर 78 अतिरिक्त उड़ानें करेंगी संचालित

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण उत्पन्न व्यवधानों के बीच यात्रियों को अधिक विकल्प उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एअर इंडिया 10 से 18 मार्च तक नौ अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर 78 अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेगी। एअर इंडिया न्यूयॉर्क, लंदन, फ्रैंकफर्ट, एम्स्टर्डम, ज्यूरिख, पेरिस, कोलंबो और माले को जोड़ने वाले नौ मार्गों पर 78 अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेगी। एअर इंडिया ने बताया कि कंपनी अगले कुछ दिनों में यूरोप के पांच प्रमुख हवाई अड्डों के साथ-साथ न्यूयॉर्क के लिए अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेगी, साथ ही मालदीव और श्रीलंका के लिए भी अतिरिक्त सेवाएं शुरू की जाएंगी। इन उड़ानों से दोनों दिशाओं में नौ मार्गों पर कुल 17,660 यात्री यात्रा करेंगे।

### पुलिस ने विदेशों से जुड़े हथियार आपूर्ति गिरोह का किया भंडाफोड़

**कपूरथला।** पंजाब पुलिस ने हथियारों की आपूर्ति करने वाले एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है जिसके फिलीपीन और यूएई के तस्करों से संबंध हैं और इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया और उसके पास से पांच देसी पिस्तौल बरामद किया गया। इन हथियारों का इस्तेमाल क्षेत्र में गोलीबारी और जबरन वसूली जैसी गतिविधियों के लिए किया जाना था।

# 5000 महिलाओं को रोजगार प्रस्ताव

- आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दी गई 38.49 करोड़ रुपये की डीबीटी सहायता
- महिला दिवस समारोह बना सम्मान सशक्तीकरण और रोजगार का संगम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


लखनऊ में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर पिंक रोजगार महाकुंभ 2026 में महिला को नियुक्तिपत्र देते सीएम योगी।

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को राजधानी में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम नारी सशक्तीकरण का बड़ा मंच बन गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिंक रोजगार महाकुंभ-2026 का शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं को शिक्षा, सुरक्षा और रोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस रोजगार मेले के माध्यम से 5000 से अधिक महिलाओं को रोजगार के प्रस्ताव मिले।

राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं की लाभार्थी महिलाओं को चेक, नियुक्ति पत्र और आयुष्मान कार्ड वितरित किए। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए 38.49 करोड़ की धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में अंतरित की। इसमें साड़ी व वर्दी के लिए 29.59 करोड़ रुपये तथा बीमा प्रीमियम के लिए 8.90 करोड़ रुपये शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने मंच से नेहा दुबे, मानसी साहू, पूनम तिवारी और मनोरमा मिश्रा को साड़ी तथा सेवा मित्र आकांक्षा (ब्यूटीशियन) और रत्ना भारती को यूनिफॉर्म प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने रोजगार संगम पोर्टल के मोबाइल ऐप का भी शुभारंभ किया, जिससे युवाओं और महिलाओं को रोजगार के अवसरों से सीधे जोड़ा जा सकेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थी बालिकाओं शानवी गुप्ता, काव्या कश्यप, नैंसी रावत, साक्षी कुमारी, अभिश्री गुप्ता और शायरा बानो को चेक देकर सम्मानित किया।

### जल्द लांच होगी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना : मुख्यमंत्री

- पहले चरण में स्नातक व परास्नातक के अंतिम वर्ष की मेधावी बेटियों को मिलेगा लाभ

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बहुत जल्द लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना लांच होगी, जिसके पहले चरण में स्नातक व परा स्नातक के अंतिम वर्ष की मेधावी बेटियों को लाभान्वित करेंगे। दूसरे चरण में धीरे-धीरे अन्य को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने घोषणा की कि मिशन शक्ति अभियान का अगला चरण नवरात्रि से शुरू होगा। योगी ने महिला सशक्तीकरण की योजनाएं गिनाते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले समय में विधानसभा व संसद में भी 33 फीसदी सीटों पर बेटियां व बहनें चुनकर जाएंगी। मुख्यमंत्री रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजधानी स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया और पिंक रोजगार महाकुंभ-2026 का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के बाद यूपी में आए व्यापक बदलाव के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 5-टी मॉडल– ट्रेडिशन, टेक्नोलॉजी, ट्रांसपेरेंसी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन की बड़ी भूमिका रही है।

# राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल उल्लंघन पर केंद्र सख्त, बंगाल सरकार से मांगा जवाब

- मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और डीजीपी की अनुपस्थिति का कारण पूछा
- जिस रूट से वह गुजरी वहां थी गंदगी, वॉशरूम में पानी की कमी थी

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति मुर्मू के पश्चिम बंगाल दौरे में प्रोटोकॉल के उल्लंघन को लेकर उपजे विवाद के बीच, केंद्र सरकार ने राज्य सरकार से रविवार शाम पांच बजे तक प्रोटोकॉल, स्थल और मार्ग व्यवस्था से संबंधित उल्लंघनों पर जवाब देने को कहा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को एक पत्र लिखकर 'ब्लू बुक' के नियमों के उल्लंघन, प्रोटोकॉल, स्थल और मार्ग व्यवस्था के बारे में जवाब देने के लिए कहा है।

'ब्लू बुक' एक गोपनीय दस्तावेज है जिसमें राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं उनके परिवारों की सुरक्षा और प्रोटोकॉल के नियमों की सूची है। राष्ट्रपति मुर्मू ने शनिवार को बागडोगरा हवाईअड्डे के पास आदिवासी समुदाय के एक कार्यक्रम में कम लोगों की उपस्थिति पर निराशा व्यक्त की और बिधाननगर की जगह इस स्थान पर कार्यक्रम आयोजित करने के फैसले को लेकर सवाल उठाया। उच्च पदस्थ सूत्रों ने कहा कि बंगाल के मुख्य सचिव को भेजे गए पत्र में राष्ट्रपति के राज्य में आगमन के समय मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और डीजीपी की अनुपस्थिति पर प्रतिक्रिया मांगी गई है। सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रपति के लिए बनाए गए वॉशरूम में पानी की कमी थी, जिसके लिए राज्य से स्पष्टीकरण मांगा गया है। यह भी पूछा गया है कि राष्ट्रपति को लाने के लिए चुने गए मार्ग पर गंदगी क्यों थी। पत्र में यह भी पूछा गया है कि दार्जिलिंग के जिलाधिकारी, सिलीगुड़ी के पुलिस आयुक्त और अतिरिक्त जिलाधिकारी के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है, जो इन उल्लंघनों के लिए सीधे जिम्मेदार प्रतीत होते हैं।

### पश्चिम बंगाल की जनता घोर अपमान के लिए तृणमूल को माफ नहीं करेगी : प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रोटोकॉल उल्लंघन को लेकर रविवार को तृणमूल कांग्रेस सरकार पर अपना हमला तेज करते हुए कहा कि राज्य की जागरूक जनता एक महिला आदिवासी नेता और देश की राष्ट्रपति का अपमान करने के लिए पार्टी को कभी माफ नहीं करेगी। प्रधानमंत्री ने दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर और अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद राष्ट्रीय राजधानी में यह बात कही। मोदी ने कहा, आज जब पूरा देश अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मना रहा है, यह बेहद चिंताजनक है कि शनिवार को पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार ने भारत की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का घोर अपमान किया।

### प्रोटोकॉल का कोई उल्लंघन नहीं किया: ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को जोर देकर कहा कि सिलीगुड़ी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यक्रम में प्रोटोकॉल का कोई उल्लंघन नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में अगर कोई गड़बड़ी हुई है, तो उसकी जिम्मेदारी निजी आयोजकों व भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की है, जिसने कार्यक्रम स्थल उपलब्ध कराया था। उन्होंने तस्वीर को सबूत बताते हुए दावा किया, तस्वीर में दिख रहा है कि प्रधानमंत्री बैठे हैं जबकि राष्ट्रपति खड़े हैं। हम ऐसा कभी नहीं करते। राष्ट्रपति का अपमान करने की संस्कृति भाजपा की है, हमारी नहीं। ममता ने कहा, हम राष्ट्रपति की कुर्सी और भारत के संविधान का पूरा सम्मान करते हैं, जिसे हम अपनी जननी मानते हैं, हमें दोष न दें।

# संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से, हंगामेदार रहने के आसार

- विपक्ष की लोकसभा अध्यक्ष बिरला को हटाने की मांग पर होगी चर्चा
- तेल खरीद पर अमेरिका छूट व अन्य मुद्दों पर हमलावर रहेगा विपक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी



संसद के बजट सत्र के सोमवार से शुरू होने वाले दूसरे चरण के हंगामेदार रहने की संभावना है। इस दौरान लोकसभा में विपक्ष द्वारा प्रायोजित उस प्रस्ताव पर चर्चा होनी है, जिसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने की मांग की गई है। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया जा सकता है, क्योंकि विपक्ष पहले से ही ईरान के प्रति सरकार के रुख, भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने पर अमेरिका द्वारा दी गई छूट और अन्य मुद्दों को लेकर सरकार पर हमला कर रहा है।

इसके अलावा, चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के एसआईआर के परिणाम, जिसके कारण लगभग 60 लाख नाम हटा दिए गए, का भी संसदीय कार्यवाही पर असर पड़ने की आशंका है। बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव कई विपक्षी नेताओं द्वारा लाया गया है, जिन्होंने आरोप लगाया कि उन्होंने सदन में स्पष्ट रूप से पक्षपातपूर्ण तरीके से काम किया। उन्होंने अध्यक्ष पर लोकसभा में कुछ अप्रत्याशित कार्रवाई की बात करते हुए कांग्रेस सदस्यों के खिलाफ कुछ झूठे दावे कर प्रधानमंत्री मोदी से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देने के लिए सदन में न आने का अनुरोध करने का भी आरोप लगाया था। बिरला ने नोटिस प्रस्तुत किए जाने की तारीख से सदन की कार्यवाही से खुद को अलग कर लिया था, लोकसभा सचिवालय ने कहा था कि वह एजेंडा के निपटारे के बाद ही लौटेंगे। प्रधानमंत्री ने बिरला का समर्थन करते हुए कहा कि वह सभी सांसदों को साथ लेकर चले हैं।

**बदलाव** | राजनीतिक रूप से अस्थिर देश में स्थापित पुरानी पार्टियों का सफाया, 165 सीट में से 120 सीट पर जीत हासिल की

# बालेंद्र की आरएसपी ने रचा इतिहास, ऐतिहासिक जीत दर्ज की

काठमांडू, एजेंसी



रैपर से नेता बने बालेंद्र शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) नेपाल में सरकार बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। पार्टी ने नेपाल के आम चुनाव में भारी बहुमत से जीत हासिल की है, जिससे राजनीतिक रूप से अस्थिर देश में स्थापित पुरानी पार्टियों का सफाया हो गया है।

नेपाल के निर्वाचन आयोग के अनुसार, रवि लामिछाने द्वारा 2022 में गठित इस पार्टी ने उन 165 सीट में से 120 सीट पर पहले ही जीत हासिल कर ली है जिनके लिए प्रत्यक्ष मतदान प्रक्रिया के तहत निर्वाचन किया जाता है। जबकि प्रतिनिधि सभा के चुनाव में पार्टी आठ अन्य सीट पर आगे है। निर्वाचन आयोग द्वारा अब तक 165 सीट में से 152 सीट के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। नेपाली कांग्रेस (एनसी) 17 सीट जीतकर दूसरे स्थान पर है। प्रधानमंत्री के पद से हटाए गए केपी शर्मा ओली की नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) ने केवल सात सीट जीती हैं और तीन सीट पर आगे है। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) सात सीट पर विजयी रही और श्रम संस्कृति पार्टी ने दो सीट पर जीत दर्ज की है और एक पर आगे है जबकि राष्ट्रीय प्रजापति पार्टी (आरपीपी) ने एक सीट जीती है।

जीतने वालों में एक निर्दलीय उम्मीदवार भी शामिल है। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, आरएसपी ने काठमांडू घाटी के तीन जिलों के सभी 15 निर्वाचन क्षेत्रों में अन्य पार्टियों का सूपड़ा साफ कर दिया है। बालेन के नाम से मशहूर आरएसपी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार 35 वर्षीय बालेंद्र शाह ने झापा-5 निर्वाचन क्षेत्र में नेपाल की सबसे पुरानी पार्टी नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष और चार बार के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को लगभग 50,000 वोट के भारी अंतर से हराया।

बालेन का नेपाल का अगला प्रधानमंत्री बनने की संभावना है। वहीं, इस चुनाव में आरएसपी की जीत देश में स्थापित दलों को जनता द्वारा नकारे जाने को दर्शाती है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने जनता और सरकार को दी बधाई

भारत इस चुनाव पर करीब से नजर रख रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नेपाल की जनता और सरकार को चुनाव के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, अपने नेपाली बहनों और भाइयों को इतने जोश के साथ अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करते देखकर खुशी महसूस हो रही है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि नेपाल की लोकतांत्रिक यात्रा में एक गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने यह भी कहा कि एक घनिष्ठ मित्र और पड़ोसी के रूप में भारत, नेपाल के लोगों तथा उसकी नयी सरकार के साथ मिलकर शांति, प्रगति और समृद्धि की नयी ऊंचाइयों को छूने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रपति, लोस अध्यक्ष पद का राजनीतिकरण ठीक नहीं: मायावती



**अमृत विचार, लखनऊ:** बंगाल में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के अपमान और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विरोध मामले को बसपा प्रमुख मायावती ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा है कि भारतीय संविधान की भावना के अनुसार सभी को राष्ट्रपति पद का सम्मान करना चाहिए और उसके प्रोटोकॉल का भी ध्यान रखना जरूरी है। इस पद का किसी भी तरह से राजनीतिकरण करना सही नहीं है। बसपा प्रमुख ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर जारी बयान में कहा कि वर्तमान में देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू एक महिला होने के साथ-साथ आदिवासी समाज से भी आती हैं, लेकिन हाल ही में वेस्ट बंगाल में उनके दौरे को लेकर जो घटनाएं हुईं, वे नहीं होनी चाहिए थीं। आगे कहा कि पिछले कुछ समय से संसद में भी खासकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के पद का जिस तरह राजनीतिकरण किया जा रहा है, वह भी उचित नहीं है। सभी को संवैधानिक पदों की गरिमा बनाए रखते हुए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर उनका सम्मान करना चाहिए। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि संसद का सोमवार से शुरू हो रहा सत्र देश और जनहित के मुद्दों पर सुचारु रूप से चलेगा। यही जनता की अपेक्षा और समय की मांग भी है।

### 60 से अधिक महिलाओं ने किया 'लखनऊ दर्शन'

**अमृत विचार, लखनऊ:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस में महिलाओं के लिए विशेष 'लखनऊ दर्शन' यात्रा का आयोजन किया गया है। उप्र. स्टेट टूरिज्म डवलपमेंट कार्पोरेशन द्वारा आयोजित इस विशेष भ्रमण में डॉक्टर, उद्यमी, सामाजिक कार्यकर्ता, इंजीनियर और गृहणियों सहित 60 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया और शहर के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि 'लखनऊ दर्शन' बस सेवा समाज को जोड़ने और सशक्तिकरण का संदेश देने का माध्यम बन रही है। महिलाओं का योगदान राष्ट्र की शक्ति है और उनका सम्मान करना हम सभी की जिम्मेदारी है। रविवार सुबह शुरू हुई इस यात्रा में महिलाओं ने शहर के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों को करीब से देखा। विधानसभा भवन और रेजीडेंसी सहित कई स्थानों का भ्रमण प्रतिभागियों के लिए खास आकर्षण रहा। यात्रा के दौरान गाइड ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना उदादेवी की वीरगाथा भी सुनाई, जिसने प्रतिभागियों को इतिहास से रूबरू कराया।

### जन भवन में हुआ 200 महिलाओं का सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जन भवन में आयोजित समारोह में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आई करीब 200 महिलाओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस, सेना, प्रशासन, शिक्षा, ग्राम प्रधान, कृषि उत्पादन संगठनों, राजकीय बाल संरक्षण गृह, समाज सेवा और विभिन्न उद्यमों से जुड़ी महिलाओं ने भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए। कई महिला उद्यमियों ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत शुरू किए गए अपने व्यवसायों और नवाचारों की जानकारी भी दी। राज्यपाल ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने महिलाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर और नेतृत्वकारी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि जीवन में सकारात्मक सोच रखना आवश्यक है और चुनौतियों के बीच समाधान का मार्ग तलाशना चाहिए।

### कैंडल मार्च निकाल कर दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लखनऊ में एप्स्टीन फाइल्स के खुलासे में यौन शोषित मासूम बच्चियों की क्रूरता से की गई हत्या मामले में रविवार को कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकाल कर विरोध दर्ज कराया। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देश पर मृतक बच्चियों को मार्च निकाल कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कैंडल मार्च का नेतृत्व उप्र. महिला कांग्रेस मध्य जोन की अध्यक्ष ममता चौधरी ने किया। कैंडल मार्च में मध्यजोन की ही उपाध्यक्ष सुशीला शर्मा सहित सैंकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं।




अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अमृत विचार के लखनऊ कार्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन कर महिलाओं को सम्मानित किया गया। अमृत विचार

# प्रकृति की सच्ची संरक्षिका और सृजन का जीवंत रूप नारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अमृत विचार में जुटी नारी शक्ति ने की समाज में अपनी भूमिका पर बात

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अमृत विचार कार्यालय में विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के झंडे गाड़ने वाली महिलाओं ने समाज में अपने स्थान और भूमिका पर मजबूती से अपनी बात रखी।

गांव में महिलाओं की स्थिति पर बात की गई तो शहर में बच्चों की पिज्जा, मोमोज और अन्य फास्टफूड की तरफ बढ़ती दिलचस्पी के कारणों पर भी पक्ष रखा गया। महिलाओं ने कहा कि बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए उनके बेहतर खानपान पर ध्यान रखना भी माताओं की जिम्मेदारी है।

प्रकृति के संरक्षण पर उन्होंने कहा कि आरओ से निकलने वाले वेस्ट वाटर का पेड़ पौधों में इस्तेमाल किये जाने, पर्यावरण को बचाने के लिए उनके द्वारा किये जाने वाले उपायों के साथ-साथ महिलाओं ने बताया कि बच्चों के लिए मां ही पहली शिक्षक होती है। मां ही सिखा सकती है कि नल को खुला मत छोड़ो। ब्रश करो तो उतनी ही देर पानी खोलो जितनी देर जरूरत है क्योंकि पानी बहुत बड़ी नेमत है और इसे हर हाल में बचाकर रखना होगा।

एक महिला ने कहा कि कई बार महिलाओं के पहनावे पर सवाल उठते हैं। कहा जाता है कि महिला सही तरह से कपड़े पहने तो हालात बेहतर हो सकते हैं। इसके जवाब में महिलाएं ही सवाल उठाने लगती हैं कि छह साल की बच्ची से रेप की घटना हो जाती है तो उसमें पहनावा कहां बीच में आया लेकिन यह सब बातें अपनी जगह, बेहतर होगा कि अगर किसी महिला का पहनावा सही न हो तो दूसरी महिला ही उसे टोक दे। महिला शिक्षा पर भी बात हुई।

# मुख्यमंत्री ने बढ़ाया महिलाओं-बेटियों का हौसला

## कहा, आने वाले समय में विधानसभाओं और संसद में 33 फीसदी सीटों पर चुनकर जाएंगी महिलाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में महिला सशक्तीकरण की योजनाएं गिनाते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले समय में विधानसभाओं और संसद में 33 फीसदी सीटों पर बेटियां व बहनें चुनकर जाएंगी।



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

उन्होंने कहा कि बहुत जल्द लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना लॉन्च होगी साथ ही मिशन शक्ति अभियान का अगला चरण नवरात्र से शुरू करने की घोषणा भी की।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित करने के साथ पिंक रोजगार महाकुंभ-2026 का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के बाद उत्तर प्रदेश में आए व्यापक बदलाव के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 5-टी मॉडल—ट्रेडिशन, टेक्नोलॉजी, ट्रांसपेरेंसी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन की बड़ी भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत की। इसके बाद मातृवंदना योजना समेत कई योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जोड़ा गया, जिससे देश और प्रदेश की बेटियां स्वावलंबन की ओर बढ़ रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर लगी प्रदर्शनी और श्रम विभाग की लघु फिल्म का भी अवलोकन किया तथा विभिन्न योजनाओं से जुड़ी महिलाओं को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य, अनिल राजभर, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, मनोहर लाल 'मन्नू कोरी', महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता सिंह चौहान, उपाध्यक्ष अपर्णा यादव सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री ने कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थी नन्ही शानवी गुप्ता को टेडी बियर भेंट किया। उन्होंने अन्य बच्चियों से बातचीत कर पूछा आगे क्या बनना चाहती हैं।

### बेटी के जन्म से शिक्षा तक सरकार का सहारा

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाओं का उद्देश्य बेटियों को आत्मनिर्भर बनाना है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत बेटी के जन्म से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई के लिए 25 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है और वर्तमान में प्रदेश की लगभग 27 लाख बेटियां इसका लाभ ले रही हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सरकार अब एक विवाह पर लगभग एक लाख रुपये खर्च कर रही है और अब तक चार लाख से अधिक बेटियों के विवाह में सरकार ने सहयोग दिया है।

### बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों की धरती पर जगह नहीं

- योगी ने कहा कि वर्ष 2017 के पहले बेटी-व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। कर्फ्यू, दंगा, पलायन, दुर्व्यवस्था, अराजकता यूपी की पहचान बन गए थे। यूपी के कई जनपदों में अभिभावक बेटियों को स्कूल नहीं भेजते थे, यदि बेटी को पढ़ाना है तो यूपी के बाहर हॉस्टल या रिश्तेदार के यहां भेज देते थे। लेकिन अब यूपी की हर बेटी खुद को सुरक्षित महसूस करती है। आज बेटियां स्कूल जा रही हैं। कोई डर-संकोच नहीं, सुरक्षा सरकार के जिम्मे है। शोहदों के इलाज के लिए यूपी पुलिस में 20 फीसदी बेटियों की भर्ती की गई। सीएम ने दो-टूक कहा कि बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को इस धरती पर जगह नहीं मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश की बेटियां बिना डर के स्कूल-कॉलेज जा रही हैं। उन्होंने सख्त शब्दों में कहा कि यदि कोई शोहदा बेटियों की सुरक्षा में बाधा बनेगा तो "अगले चौराहे पर उसका टिकट काटने के लिए यमदूत तैयार बैठे हैं।" इस बयान पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कर्मियों को सम्मानि करने के साथ अन्य महिलाओं-बेटियों को योजनाओं से लाभान्वित भी किया।

### योगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से किया 600 महिला उद्यमियों से संवाद

- इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी मंडल के वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर और जौनपुर जनपदों की 600 से अधिक महिलाएं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संवाद किया। जौनपुर की दुर्गा मौर्य ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बताया कि उन्होंने कृषि विभाग की योजनाओं के तहत एफपीओ बनाकर किसानों की मदद की है। वह 'ड्रोन दीदी' के रूप में भी कार्य कर रही हैं और उद्योग विभाग से ऋण लेकर नमकीन बनाने की फैक्ट्री स्थापित की है, जिससे अन्य महिलाओं को भी रोजगार मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अब जौनपुर की इमरती के साथ आपकी नमकीन भी खानी पड़ेगी। वाराणसी की सीता देवी ने मुख्यमंत्री को बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के माध्यम से ई-रिक्शा चलाना शुरू किया। शुरुआत में लोगों के ताने सुनने पड़े, डर भी लगा, लेकिन अब वह आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। उन्होंने क्षेत्र की करीब 250 महिलाओं को ई-रिक्शा चलाने का प्रशिक्षण भी दिया है। मुख्यमंत्री ने उनके साहस की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनेंगे। दौली की सोनी कुमारी ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे फूलों की खेती करती हैं और महिला समूहों के माध्यम से अन्य महिलाओं को भी इससे जोड़ रही हैं। मुख्यमंत्री ने उन्हें मंदिरों में चढ़ाए गए फूलों से धूपबत्ती और अगरबत्ती बनाने जैसे कार्यों के माध्यम से आय बढ़ाने के सुझाव दिए। गाजीपुर की प्रमिला देवी ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्राथमिक विद्यालय में रसोइया हैं और सरकार की कई योजनाओं से लाभान्वित हैं। उन्हें विधवा पेंशन, पारिवारिक लाभ, कन्या सुमंगला योजना, उज्ज्वला योजना और राशन कार्ड का लाभ मिला है। मुख्यमंत्री ने उनसे आयुष्मान कार्ड के बारे में भी जानकारी ली और उसके उपयोग के लिए प्रेरित किया।

### महिलाओं के सशक्तिकरण से ही मजबूत होगा राष्ट्र व समाज : केशव प्रसाद मौर्य

- अमृत विचार, लखनऊ/कौशाम्बी : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने नारी शक्ति को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि मातृशक्ति सृजन, संवर्धन और उन्नत समाज की आधारशिला है। नारी ही संस्कृति को संजोती है, सभ्यता को आगे बढ़ाती है और राष्ट्र निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाती है। समाज और परिवार के निर्माण में महिलाओं का योगदान सदैव प्रेरणादायी रहा है। उप मुख्यमंत्री ने रविवार को जारी संदेश में कहा कि आज महिलाओं से राष्ट्र को नई सोच, नई दिशा और नई ऊर्जा प्राप्त हो रही है। कौशाम्बी में मौर्या ने कहा कि प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों की 'दीदियाँ' आत्मनिर्भरता की नई पहचान बन रही हैं। कौशाम्बी में आयोजित दो दिवसीय सरस महोत्सव में उन्होंने विभिन्न योजनाओं के महिला लाभार्थियों को करोड़ों रुपये की सहायता राशि वितरित की। उप मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 137 लाभार्थियों को 1.64 करोड़ रुपये का डमी चेक-स्वीकृति पत्र प्रदान किया।

## सफलता की कहानी

### बेकरी खोल प्रभनूर खुद बनीं आत्मनिर्भर, दे रहीं रोजगार

- **अमृत विचार, लखनऊ:** 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' युवाओं और महिलाओं के लिए स्वरोजगार का मजबूत माध्यम बनता जा रहा है। इसी योजना के सहारे कानपुर की प्रभनूर कौर ने अपने शौक को व्यवसाय में बदलते हुए सफल बेकरी कारोबार खड़ा किया और अन्य महिलाओं को भी रोजगार देने का अवसर प्रदान किया। प्रभनूर कौर पहले रिश्तेदारों और मित्रों के लिए केक बनाती थीं। इस काम को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने दिल्ली और बेंगलुरु में बेकरी वर्कशॉप भी की। इसी दौरान उन्हें मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की जानकारी मिली। जिला उद्योग केंद्र, कानपुर से मार्गदर्शन लेकर उन्होंने योजना के तहत 4.25 लाख रुपये का ब्याजमुक्त ऋण प्राप्त किया और आधुनिक मशीनों व ओवन की खरीद कर अपने व्यवसाय का विस्तार किया। 13 अप्रैल 2025 को बैसाखी के दिन उन्होंने 'स्वीट स्कल्प बाय कौर्स' नाम से बेकरी स्टूडियो की शुरुआत की। आज उनके यहां कस्टमाइज्ड केक तैयार होते हैं और लखनऊ व गोंडा सहित अन्य जनपदों से भी ऑर्डर मिलने लगे हैं।

### मैकरोनी-पास्ता कारोबार से 10 लोगों को रोजगार दे रहीं रचना

- अमृत विचार, लखनऊ : दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत के बल पर लखीमपुर-खीरी की रचना अग्रवाल ने स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भरता की प्रेरक कहानी लिखी है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना से मिली आर्थिक सहायता ने उनके सपनों को साकार करने में अहम भूमिका निभाई। संतोषनगर निवासी रचना अग्रवाल ने वर्ष 2024 में इस योजना के तहत आवेदन किया, जिसके अंतर्गत उन्हें 25 लाख रुपये का ऋण प्राप्त हुआ। इस आर्थिक सहयोग से उन्होंने अपने पति के सहयोग से लखीमपुर-खीरी में मैकरोनी और पास्ता निर्माण का व्यवसाय शुरू किया। शुरुआत में चुनौतियां जरूर आईं, लेकिन मेहनत और लगन के दम पर उन्होंने अपने उद्यम को मजबूत आधार दिया। आज उनका यह कारोबार न केवल उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बना रहा है, बल्कि 10 अन्य लोगों को रोजगार भी दे रहा है। रचना को यह ऋण इंडियन बैंक के माध्यम से प्राप्त हुआ और आवेदन प्रक्रिया में जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी) तथा बैंक अधिकारियों का भी सहयोग मिला।रचना अग्रवाल बताती हैं कि योजना के तहत उन्हें ऋण राशि पर 35 प्रतिशत सब्सिडी भी मिली, जिससे व्यवसाय स्थापित करने में बड़ी मदद मिली। उनका मानना है कि यदि सरकारी योजनाओं का सही तरीके से लाभ उठाया जाए तो मध्यम वर्ग के लोग भी आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

### अवसर मिले तो देश के विकास में अहम होगी महिलाओं की भूमिका : डिंपल

- **अमृत विचार, लखनऊ:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लोलई गांव में आयोजित महिला सम्मान एवं होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि सपा सांसद डिंपल यादव ने विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देनी वाली महिलाओं को सम्मानित किया। उन्होंने महिलाओं से संवाद करते हुए कहा कि यदि महिलाओं को उचित अवसर और सहयोग मिले तो वे देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। लागन उद्यमी महिला फाउंडेशन द्वारा रविवार को आयोजित समारोह में सपा सांसद ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद साहस और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने वाली महिलाएं समाज की असली ताकत हैं। फाउंडेशन की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि संगठन का लक्ष्य अधिक से अधिक महिलाओं को रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

**जनसुनवाई** | नोएडा में आज नियामक आयोग के समक्ष उपभोक्ताओं का पक्ष रखेगा उपभोक्ता परिषद

# यूपी में जनसहभागिता से तय की जाएंगी बिजली की दरें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में बिजली दरों के निर्धारण को लेकर सोमवार को ग्रेटर नोएडा में अहम जनसुनवाई होगी। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के सभागार में सुबह 11 बजे से यह जनसुनवाई आयोजित करेगा, जिसमें बिजली कंपनियों के प्रस्तावों और उपभोक्ताओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

जनसुनवाई में निजी क्षेत्र की पहली बिजली कंपनी नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) तथा पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (पीवीवीएनएल) द्वारा प्रस्तुत वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) और बिजली दरों से जुड़े प्रस्तावों पर विचार किया जाएगा। उत्तर



प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस जनसुनवाई के लिए अपनी तैयारी पूरी कर ली है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा नोएडा पहुंचकर आयोग के समक्ष उपभोक्ताओं का पक्ष मजबूती से रखेंगे। परिषद का कहना है कि बिजली कंपनियां पिछले दरवाजे से दरों में बढ़ोतरी की कोशिश कर रही हैं, जिसे सातवें वर्ष भी सफल नहीं होने दिया जाएगा। परिषद का दावा है कि वर्तमान में बिजली कंपनियों के पास उपभोक्ताओं का करीब 51 हजार करोड़ रुपये सरप्लस है। ऐसे में अगले पांच वर्षों तक बिजली दरों में बढ़ोतरी का कोई औचित्य नहीं बनता। परिषद का कहना है कि जब कंपनियों के पास पर्याप्त अधिशेष राशि मौजूद है, तब उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालना उचित नहीं होगा।

**ये प्रमुख मुद्दे उठेंगे**

- बिजली कंपनियों द्वारा प्रस्तुत वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) और बिजली दरों का प्रस्ताव
- बिजली कंपनियों के पास 51 हजार करोड़ रुपये अधिशेष राशि का मुद्दा
- प्रदेश में लागू किए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर उपभोक्ताओं की शिकायतें
- स्मार्ट मीटर के साथ लगे चेक मीटरों की मिलान रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग
- नोएडा-गाजियाबाद के डूब क्षेत्र में बिजली कनेक्शन से जुड़ी समस्याएं
- मल्टी प्वाइंट और सिंगल प्वाइंट कनेक्शन विवाद
- बिल्डरों की मनमानी और उपभोक्ताओं से जुड़े अन्य मुद्दे

जनसुनवाई में स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर भी उपभोक्ताओं की नाराजगी प्रमुख मुद्दा बनेगी। परिषद का कहना है कि प्रदेश के कई जिलों में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के बिजली बिल नेगेटिव आ रहे हैं। वहीं जो उपभोक्ता समय से बिल जमा करते रहे हैं, वे भी अब स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने के बाद रिचार्ज कराने से बच रहे हैं। परिषद ने आरोप लगाया है कि कई स्थानों पर उपभोक्ताओं की सहमति के बिना ही स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए गए और कनेक्शन को प्रीपेड में बदल दिया गया, जो उपभोक्ता अधिकारों के खिलाफ है। परिषद ने यह भी सवाल उठाया है कि स्मार्ट मीटर के साथ लगाए गए चेक मीटरों की मिलान रिपोर्ट सार्वजनिक क्यों नहीं की जा रही है।

जनसुनवाई में नोएडा और गाजियाबाद के डूब क्षेत्र में बिजली कनेक्शन, मल्टी प्वाइंट और सिंगल प्वाइंट कनेक्शन विवाद, बिल्डरों की मनमानी और उपभोक्ताओं से जुड़े अन्य गंभीर मुद्दों को भी आयोग के समक्ष उठाया जाएगा। परिषद का कहना है कि जनसुनवाई में उपभोक्ताओं की समस्याओं को पूरी मजबूती के साथ रखा जाएगा, ताकि बिजली दरों के निर्धारण में उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा सुनिश्चित हो सके।

# वीमेन एंटरप्रेन्योरशिप प्लेटफॉर्म का यूपी चैप्टर शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए नीति आयोग की पहल
- मेंटरशिप, वित्त और बाजार से जुड़ाव के नए अवसर मिलेंगे

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को महिला उद्यमिता को नई दिशा देने के लिए लखनऊ में वीमेन एंटरप्रेन्योरशिप प्लेटफॉर्म का उत्तर प्रदेश स्टेट चैप्टर शुरू किया गया। नीति आयोग की इस महत्वपूर्ण पहल का उद्देश्य महिला उद्यमियों के लिए एक मजबूत और एकीकृत मंच तैयार करना है, जिससे उन्हें व्यवसाय के विस्तार के लिए आवश्यक मार्गदर्शन, संसाधन और नेटवर्किंग उपलब्ध हो सके।

प्रसिद्ध महिला उद्यमी और समृद्धि क्रिएशन की संस्थापक सुष्मिता दत्ता ने यूपी स्टेट चैप्टर का उद्घाटन किया। गोमती नगर के विभूति खंड स्थित रोहतास समिट बिल्डिंग में यूपी इंडस्ट्रियल कंसल्टेंट्स लिमिटेड के अंतर्गत इस स्टेट चैप्टर का कार्यालय स्थापित किया गया है। इसके माध्यम से प्रदेश की महिला उद्यमियों को मेंटरशिप, वित्तीय सहायता, बाजार से जुड़ाव, नियामकीय सहयोग और नेटवर्किंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि वे अपने उद्यम को मजबूत कर सकें।

नीति आयोग की वीमेन एंटरप्रेन्योरशिप प्लेटफॉर्म पहल देशभर में महिला उद्यमियों के लिए एक व्यापक इकोसिस्टम तैयार करने की दिशा में कार्य कर रही है।

मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी के आशीर्वाद से अभिसिंचित एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर


विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555

# रामभक्तों के लिए 150 कमरों वाले यात्री निवास का लोकार्पण

## रामसेवक पुरम के 4 एकड़ में बना, परिसर में भोजनालय व सत्संग भवन भी है शामिल

**विश्व हिंदू परिषद ने तीन अत्याधुनिक भवनों का कराया निर्माण, नो प्रॉफिट, नो लॉस पर चलेगा**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामभक्तों की सुविधा के लिए विश्व हिंदू परिषद के द्वारा रामसेवक पुरम के चार एकड़ परिसर में यात्री निवास का निर्माण कराया गया है। इसमें बने अशोक सिंघल, मोरोपंत व ओंकार भावे भवन में आधुनिक सुविधाओं से युक्त 150 कमरे हैं। साथ ही परिसर में चमेली देवी अग्रवाल अन्न क्षेत्र और सत्संग भवन का भी निर्माण कराया गया है। रविवार को इसका उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर अशर्फी भवन मंदिर के महंत रामानंदाचार्य स्वामी श्रीधराचार्य, विहिप के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार, महामंत्री बजरंग लाल बांगड़ा, संगठन महामंत्री मिलिंद परांदे, उपाध्यक्ष चंपत राय मौजूद रहे।

विहिप के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि बाहर से आने वाले रामभक्तों के ठहरने के लिए तीन अतिथि भवन का निर्माण कराया गया है। इनमें 150 कमरे हैं, जिनमें सभी सुख सुविधाओं को उपलब्ध कराया गया है। संगठन महामंत्री ने बताया कि चार एकड़ की इस भूमि पर अतिथि भवन के साथ भोजन के लिए भोजनालय व सत्संग भवन का भी निर्माण कराया गया है। इसे नो प्रॉफिट नो लॉस के तहत चलाया जाएगा। इस अवसर पर महंत गौरीशंकर दास, महंत रामकुमार दास, महामंडलेश्वर सीताराम त्यागी, महंत कमला दास, महंत रामदास, महंत भगवान दास, महंत राम कृष्ण दास, महंत दयालु दास के साथ आरएसएस प्रचारक गोपाल जी राव, प्रांत प्रचारक गजेंद्र, कोटेश्वर शर्मा के साथ प्रवक्ता शरद शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।



रामसेवक पुरम में आयोजित यात्री निवास के लोकार्पण कार्यक्रम में मंच पर बैठे विहिप के केंद्रीय पदाधिकारी और साधु-संत।

### किसी के आदेश पर नहीं चलता है भारत : आलोक कुमार

विहिप के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने पत्रकारों से बात करते हुए अमेरिका द्वारा रूस से तेल खरीदने के लिए 30 दिन का समय देने के सवाल पर कहा कि भारत किसी के आदेश पर नहीं चलता। भारत अपने विवेक से जहां जरूरत होगी वहां से तेल खरीदेगा। कहा कि इजरायल-ईरान युद्ध से भारत पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला है। हमारे पास तेल का 30 दिन से ज्यादा का स्टॉक है। अगर युद्ध लंबा चला तो हम रूस व अमेरिका दोनों से तेल खरीदेंगे। कहा कि इस युद्ध में भारत की कोई हिस्सेदारी नहीं है। यदि आवश्यकता पड़ी तो हमारे प्रधानमंत्री व विदेश मंत्री शांति दूत की भूमिका निभाएंगे। कहा कि खाड़ी देशों में बढ़ते तनाव के बीच राम मंदिर की भी सुरक्षा महत्वपूर्ण है। यहां पर सरकार द्वारा की गई सुरक्षा व्यवस्थाओं से हम आश्वस्त हैं।

### हर परिवार में हों दो या तीन बच्चे : मिलिंद परांदे

विहिप के संगठन महामंत्री मिलिंद परांदे ने भारत में बढ़ती मुस्लिम समाज की संख्या को देखते हुए हिंदुओं से भी अपनी संख्या को बढ़ाने का आह्वान किया। कहा कि भारत की रक्षा में अभी तक हमारे आबादी का बहुत ही बड़ा महत्व था। हिंदू धर्म के अनुयायियों की संख्या बनी रहे, हिंदू आबादी बनी रहे, यह बहुत ही महत्व का विषय है। कहा कि इसीलिए विहिप हिंदू समाज से आह्वान करता है कि प्रत्येक हिंदू परिवार में कम से कम दो या तीन बच्चे होने चाहिए। मंदिर निर्माण को लेकर कहा कि हिंदू समाज को गंभीरता से देखना होगा कि राम मंदिर टूटा क्यों, और आगे पुनः ऐसी परिस्थिति न हो। कोई भी व्यक्ति मंदिर को तोड़ने की हिम्मत कर सके। ऐसे समाज निर्माण के लिए विश्व हिंदू परिषद कार्य कर रहा है।

### आधुनिक तकनीक से युक्त होंगी संग्रहालय की 20 गैलरियां

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** सरयू तट पर निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय श्री राम कथा संग्रहालय में अत्याधुनिक 20 गैलरी बनाई जा रही है, जिसे एडवांस टेक्नोलॉजी के तहत तैयार किए जाने पर अंतिम निर्णय के लिए विचार किया जा रहा है। रविवार को मंदिर निर्माण समिति के अंतिम दिन की बैठक संग्रहालय में संपन्न हुई। बैठक में म्यूजियम के तैयार किए जाने वाले एजेंसियों ने योजना के तहत प्रेजेंटेशन की प्रस्तुति दी। निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि एजेंसी को म्यूजियम का कार्य दिया गया है। जल्द ही अंतिम निर्णय होगा। लेकिन यह जरूर है कि वर्तमान के आधुनिक टेक्नोलॉजी को देखते हुए ही तैयार किया जाएगा। राम मंदिर निर्माण का कार्य संपन्न होने के बाद अब मंदिर परिसर को ट्रस्ट संचालित करने की तैयारी कर रहा है। जिसे जल्द ही हस्तानांतरित कर दिया जाएगा। इसके बाद सभी निर्माण कंपनियां परिसर को खाली कर देंगी। नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि 15 मई तक सभी कार्य संपन्न करने के बाद निर्माण एजेंसियां अवमुक्त हो जाएंगी। उनके नए प्रोजेक्ट भी आने लगे है। एलएंडटी और टीसीई ने प्रमुख भूमिका निभाई है। इसी उद्देश्य से 19 मार्च को सभी एजेंसियों के श्रमिक से लेकर इंजीनियर और अधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है। राष्ट्रपति उन्हें सम्मानित करेंगी। अब मुख्य कार्य ऑडिटोरियम, विश्रामगृह, ट्रस्ट कार्यालय के साथ अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय के निर्माण का कार्य किया जाएगा। मंदिर परिसर के बाउंड्री वॉल का निर्माण इंजीनियर इंडिया लिमिटेड के द्वारा किया जा रहा है।

- मंदिर निर्माण समिति के अंतिम दिन की बैठक संपन्न

# जिले में 700 वाहनों का चालान दो लाख से अधिक जुर्माना वसूला

अयोध्या कार्यालय


चार पहिया वाहन से काली फिल्म उतारते यातायात निरीक्षक अजय यादव। अमृत विचार

- यातायात पुलिस ने चलाया अभियान, 18 चार पहिया वाहनों से उतारी काली फिल्म

**अमृत विचार:** यातायात पुलिस ने रविवार को जिले भर में वृहद चेकिंग अभियान चलाकर ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर करीब 700 चालान काटे गए। साथ ही 18 चार पहिया वाहनों से काली फिल्में भी उतारी गई। करीब दो लाख से ज्यादा जुर्माना भी वसूला गया।

सुबह करीब नौ बजे जिले में एक साथ इस अभियान की शुरूआत हुई। यातायात पुलिस की करीब 16 टीमों ने शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में चेकिंग की। अयोध्या धाम में यातायात निरीक्षक अजय यादव के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में 10 चार पहिया वाहनों में लगी काली फिल्म उतारी गई। साथ ही ऐसे वाहनों का चालान भी किया गया। उदया चौराहे, साकेत पेट्रोल पंप ओवरब्रिज समेत अलग-अलग इलाकों में 150 दो व चार पहिया वाहनों का चालान किया गया। अयोध्या शहर में यातायात निरीक्षक विवेक मौर्या के नेतृत्व में अयोध्या शहर के अलग अलग इलाकों में अभियान चलाकर 200 वाहनों का चालान किया गया। यहां भी 8 चार पहिया वाहनों से काली फिल्म उतारी गई। एसपी यातायात एपी सिंह ने बताया कि अभियान में करीब 700 वाहनों का चालान किया गया। सबसे ज्यादा 570 चालान बिना हेलमेट लगाए बाइक सवारों का रहा। इसके अलावा तीन सवारी, रॉन्ग साइड वाहन चलाने पर, सीट बेल्ट न लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने के मामलों में भी कार्रवाई की गई। इस दौरान दो लाख से अधिक जुर्माना भी वसूला गया।

### मारपीट के मामले में 12 पर केस दर्ज

**बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार :** कोतवाली बीकापुर क्षेत्र के नेवादा भावापुर गांव में रंजिश को लेकर शुक्रवार देर शाम दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर करीब 12 आरोपियों के विरुद्ध बलवा, मारपीट, धमकी सहित अन्य धारा में रिपोर्ट दर्ज किया है। नेवादा भावापुर निवासी लालजी निषाद ने बताया कि 6 मार्च को देर शाम उनका पुत्र लक्ष्मण निषाद फोन से बात करते हुए घर आ रहा था। तभी गांव के ही निवासी विपक्षी तुलसीराम, निर्मला, अमन, बंटी उर्फ दीपक, शुभम, राज, शालू, नीलू और दो तीन अज्ञात लोग हाथ में कुल्हाड़ी, लाठी, डंडा लेकर पहुंचे और उनके पुत्र लक्ष्मण को मारने पीटने लगे। आरोपियों ने उन्हें और उनके परिवार के लोगों को मारना पीटना शुरू कर दिया। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करके कानूनी कार्रवाई की जा रही है।




## न्यूज ब्रीफ

### महिला जनसुनवाई आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही नौ मार्च को सर्किट हाउस में 11 बजे महिला जनसुनवाई करेंगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जिले की महिलाओं/बालिकाओं से अपील की कि महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए किसी भी शिकायत, समस्या के समाधान के लिए नौ मार्च को सर्किट हाउस शिकायत रख सकती है।

### उपनिरीक्षक व आरक्षी किए गए निलंबित

**अयोध्या, अमृत विचार :** एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही व उदासीनता बरतने के आरोप में गोसाईगंज थाने में तैनात उप निरीक्षक कमलेश कुमार व आरक्षी महेंद्र कुमार को निलंबित कर दिया है। दोनों के खिलाफ विभागीय जांच के भी आदेश दिए हैं। दोनों के निलंबन को एक मार्च को हुए भूपेंद्र हत्याकांड से जोड़कर देखा जा रहा है। हत्याकांड इन्हीं दोनों के बीट क्षेत्र में हुआ था। बताया जा रहा कि दोनों ने भूमि विवाद को निपटाने में लापरवाही बरती थी।

### हत्या के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**गोसाईगंज, अमृत विचार :** थाना गोसाईगंज पुलिस ने जमीन विवाद में हुई हत्या के मामले में फरार चल रहे एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष शरदेंदु दूबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रविवार को सेवागंज बॉर्डर के पास से आरोपी आयुष वर्मा (36) पुत्र चन्द्र प्रकाश वर्मा निवासी ग्राम काजीपुर गाडर, थाना गोसाईगंज को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार इसी मामले में अन्य आरोपियों को पूर्व में पांच मार्च को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी रहा है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी का चालान कर दिया गया।

### मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 65 मरीजों को जांचा

**बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार :** विकासखंड बीकापुर क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चौरे बाजार और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोछा में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। चौरे बाजार में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ मोहम्मद इरशाद, फार्मासिस्ट कनिक राम चौधरी और लैब टेक्नीशियन संतोष मौजूद रहे। इस दौरान 43 मरीजों का रजिस्ट्रेशन करके दवा वितरित की गई। अधिकतर मरीज मौसमी जुखाम बुखार और सांस की बीमारी से पीड़ित थे। कोछा में महिला चिकित्सक डॉ अंजली गुप्ता, फार्मासिस्ट दुर्गेश पांडे, वार्ड बॉय रईश हैदर, लैब टेक्नीशियन मोहम्मद शईद द्वारा द्वारा 22 मरीजों को चिकित्सीय सलाह देने के साथ दवा दी गई।

### चोरी से काटे यूकोलिप्टस के 32 पेड़, केस दर्ज

**हैदरगंज, अयोध्या, अमृत विचार।** थाना हैदरगंज क्षेत्र में यूकोलिप्टस के 32 पेड़ों की कटान कर चोरी करने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत इमलिया निवासी लाल मुकुंद मिश्र पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ग्राम पंचायत केला लाल खां मजरे राजेपुर के पास स्थित खतौनी गाटा संख्या 107 में यूकोलिप्टस का पेड़ लगा था। आरोप है कि 7 मार्च की सुबह लगभग 10 बजे बिना अनुमति के मलावन गांव निवासी रोहित दुबे व राहुल दुबे ने 32 पेड़ काटकर पिकअप गाड़ी पर लाद रहे थे। इस दौरान मौके पर जब वह वहां पहुंचे तो पिकअप गाड़ी पर लदी लकड़ी छोड़कर आरोपी सहित उसके अन्य साथी भाग लिये। भागते समय आरोपियों की दो बाइक वहीं छूट गई। थाना प्रभारी विवेक कुमार राय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर दो नामजद तथा चार अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# 15 हजार किसानों से खरीदा 1.62 अरब रुपये का धान

अयोध्या कार्यालय

- लक्ष्य का 99.95 फीसदी खरीदा गया धान, भुगतान पूरा करने का प्रयास

**अमृत विचार :** जिले में 15090 किसानों से 1.62 अरब रुपये का धान खरीदा गया। इसी के साथ जिले में धान खरीद का लक्ष्य पूरा हुआ। अब किसानों का संपूर्ण भुगतान किए जाने का प्रयास है।

धान की सरकारी खरीद पिछले साल नवंबर 2025 में शुरू हुई थी। जिले में 68 हजार मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य पूरा करने को छह क्रय एजेंसियों के 77 क्रय केंद्र चलाए गए। फरवरी में लगभग 95 फीसदी लक्ष्य पूरा होने के बाद अचानक क्रय केंद्रों पर खरीद स्थगित कर दी गई। किसानों ने सवाल उठाने शुरू कर दिए। लिखा पढ़ी के बाद 22 क्रय केंद्रों को पुनः चालू किया गया। 28 फरवरी को धान खरीद बंद की गई। जिले में चार महीने की खरीद में कुल 67962.751 कुंतल धान खरीदा गया। यह लक्ष्य का 99.95 फीसदी रहा। जिले में खरीदे गए धान की कुल कीमत 16236.3 लाख रुपये बताई गई। डिप्टी आरएमओ धनंजय सिंह ने बताया कि जिले में धान की खरीद समाप्त हो गई है। गेंहू की खरीद किए जाने की तैयारी है।

### होली मिलन समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष का हुआ स्वागत

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** मुकीमपुर शाहगंज में रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी का स्वागत एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसके पहले हैरिंग्टनगंज बाजार के हनुमान मंदिर पर जिलाध्यक्ष का स्वागत किया गया। कार्यक्रमों में रंग-गुलाल और आपसी सद्भाव के बीच सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। हैरिंग्टनगंज में हुए कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष विजय चौरसिया के नेतृत्व में देवेंद्र मणि त्रिपाठी, अजय सिंह, संतोष सिंह निमड़ी, अभिषेक सिंह, अशोक तिवारी, राहुल सिंह, बृजेश पाण्डेय, रामरूप मिश्रा आदि दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत कार्यक्रम में हिस्सा लिया। वहीं मुकीमपुर शाहगंज में आयोजित कार्यक्रम का संचालन मानस मणि तिवारी ने किया। जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी का माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। रामकरन तिवारी, मनीष पाण्डेय, रमेश तिवारी, जगदीश दूबे, लल्लन दूबे, जितेन्द्र सिंह, संजय गुप्ता, कुलदीप जायसवाल समेत अन्य मौजूद रहे।

# खेलो खिलखिला कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आज से

अयोध्या कार्यालय


रविवार को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता को लेकर मैदान का जायजा लेते एडी बेसिक कौस्तुभ कुमार सिंह।

- बेसिक शिक्षा मंत्री करेंगे उद्घाटन, एडी बेसिक ने लिया तैयारियों का जायजा

**अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों के अध्ययनरत नौनिहाल बच्चों की प्रतिभा निखारने की लिए डॉ भीमराव अंबेडकर क्रीड़ा संकुल ग्राउंड पर तीन दिवसीय क्रीडा प्रतियोगिता का शुभारंभ बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह सोमवार को करेंगे।

प्रतियोगिता में विभिन्न आयोजन होंगे। प्रदेश के 18 मंडल के करीब 7 से 8 हजार बच्चे प्रतिभाग करेंगे। विभाग ने तैयारी के लिए कई कमेटी बनाई है जो लगातार कार्य कर रही है। जिले के 14 इण्टर कालेज/महाविद्यायों में बच्चों को ठहरने की व्यवस्था की गई है जिसमें बच्चों के देखभाल के लिए खंड शिक्षा अधिकारियों के साथ अध्यापकों को लगाया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद और वित्त लेखा अधिकारी अनुपम कुमार को अनुशासन ,खंड शिक्षा अधिकारी अजय त्रिपाठी को भोजन,रमाकांत राम को यातायात,राजेश कुमार को उपकरण,उद्घाटन और समापन अमित श्रीवास्तव, तारकेश्वर पांडेय को अभिलेख,राजेश सिंह को पुरस्कार व्यवस्था, रियाजुद्दीन को फील्ड ,शैलेंद्र कुमार और यशवंत कुमार को आवास व्यवस्था का प्रभारी बनाया गया है।

डॉ भीमराव अंबेडकर क्रीड़ा संकुल,डॉ भीमराव अंबेडकर विद्यालय क्रीड़ा संस्थान मकबरा और कंपोजिट विद्यालय डाभासेमर मैदान में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। एडी बेसिक कौस्तुभ कुमार सिंह ने रविवार को मैदान पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया।

# दवा के ओवरडोज से महिला बेहोश, डॉक्टरों ने बचाई जान

अयोध्या कार्यालय

- मेडिकल कॉलेज में इलाज के बाद हालत में सुधार, दो बार डायलिसिस कर बचाई जान

**अमृत विचार:** कासगंज की एक 26 वर्षीय महिला ने मिर्गी रोधी की करीब 60 से 80 गोलियां खा लीं, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों की टीम ने कई दिन तक चले इलाज और दो बार डायलिसिस कर उसकी जान बचा ली।

कासगंज निवासी अनीता (बदला हुआ नाम) को 26 फरवरी को दोपहर 12:50 बजे बेहोशी की हालत में मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में लाया गया। परिजनों ने बताया कि महिला ने 25 फरवरी की रात करीब 8 बजे अधिक मात्रा में फेनोबार्बिटोन की गोलियां खा ली थीं। जांच के दौरान पता चला कि महिला के फेफड़ों में एस्पिरेशन हो गया है। स्थिति गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने तुरंत उसे आईसीयू में शिफ्ट कर इंटुबेट किया और वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा। मरीज की हालत में सुधार नहीं हो रहा था। 28 फरवरी को डायलिसिस किया गया। मेडिसिन डिपार्टमेंट के एसोसिएट प्रो. डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि तबीयत में सुधार होने के बाद 1 मार्च को फिर से डायलिसिस की गई, जिसके बाद वह होश में आ गई। 2 मार्च को उसे वेंटिलेटर से हटाकर एक्सट्यूबेट कर दिया गया। 7 मार्च को उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। बताया जाता है कि वह पति से झगड़ा करने के बाद 80 गोलियां खा ली थी। महिला के इलाज में डॉ. शशि कुमार वर्मा, डॉ.शशिकांत शुक्ला, डॉ. अजय वर्मा, डॉ. शुभम प्रकाश, डॉ. सक्षम भाटिया व अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



बीकापुर से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए रवाना होती टीम।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए रवाना हुई टीम

**अयोध्या, अमृत विचार :** 36वीं राज्य स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता 2026 में प्रतिभा करने के लिए अयोध्या मंडल की वॉलीबॉल विजेता टीम का पूर्व माध्यमिक विद्यालय चौरे बाजार बीकापुर की टीम अपने शिक्षकों से आशीर्वाद प्राप्त कर डॉ भीमराव अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम के लिए रवाना हुई। टीम के कोच/व्यायाम शिक्षक हरिकिशन ने बताया कि विद्यालय की टीम कई वर्षों से मंडल व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन कर रही हैं। हरिकिशन व्यायाम शिक्षक , प्रधानाध्यापक अतीक आलम ,अजय यादव, श्रीनाथ यादव ,दिनेश वर्मा ,पूर्णिमा सिंह ,सावित्री मौर्य, प्रतिभा द्विवेदी, सरोज वर्मा आदि ने जीत की अग्रिम बधाई दिया।

### स्वास्थ्य मेले में 500 को जांचा, 30 ने किया रक्तदान

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रयास ट्रस्ट द्वारा ट्रस्ट अध्यक्ष रामअवध यादव की मां स्वर्गीय लखराजी देवी की सातवीं पुण्यतिथि पर रविवार को सिद्धनाथन मंदिर, ग्राम महुलारा मिल्कीपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य मेला एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ट्रस्ट अध्यक्ष रामअवध यादव ने माताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। स्वास्थ्य मेले में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने लगभग 500 लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं दवाएं उपलब्ध कराईं। नेत्र परीक्षण शिविर में अयोध्या आई हॉस्पिटल की टीम ने 400 लोगों की आंखों की जांच की, जिसमें 25 मरीजों को मोतियाबिंद के निःशुल्क ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। शिविर में कुल 30 लोगों ने रक्तदान किया। धर्मचंद्र यादव, विधायक चंद्रभानु पासवान, पूर्व प्रमुख कमलेश यादव, रामनिवास पांडे, गंगादीन रावत, राधेश्याम यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

**हिंदू पंचांग** | अबकि अधिकमास है ज्येष्ठ, 17 मई से 15 जून तक वर्जित रहेंगे मांगलिक कार्यक्रम

# इस वर्ष 59 दिन का होगा ज्येष्ठ माह, देर से आएगा आषाढ़

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** इस वर्ष हिंदू पंचांग के अनुसार एक दुर्लभ और महत्वपूर्ण संयोग बन रहा है, जिसमें ज्येष्ठ माह सामान्य रूप से 30 दिनों का नहीं, बल्कि लगभग 59 दिनों का होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि इस बार अधिकमास (पुरुषोत्तम मास या मलमास) ज्येष्ठ में पड़ रहा है, जिससे वर्ष कुल 13 महीनों का बन जाएगा। इस कारण आषाण माह देर से आएगा। ज्योतिषों के अनुसार नव संवत्सर का राजा गुरु व मंगल है, इससे देश की आर्थिक व तकनीकी प्रगति के भी आसार हैं।

19 मार्च से शुरू हो रहा हिंदू नव संवत्सर 2083 दो ज्येष्ठ लेकर आ रहा है। इनमें एक सामान्य ज्येष्ठ और दूसरा अधिक ज्येष्ठ (अधिकमास) होगा। कुल ज्येष्ठ दो मई से 29 जून तक रहेगा। सामान्य ज्येष्ठ का कृष्ण पक्ष दो मई से शुरू होकर 16 मई तक चलेगा। इसके बाद 17 मई से 15 जून तक अधिकमास (मलमास) का होगा। इसके बाद 16 से 29 जून तक सामान्य ज्येष्ठ का शुक्ल पक्ष होगा। यह संयोग सौर वर्ष (365 दिन) और चंद्र वर्ष (354 दिन) के बीच के अंतर को संतुलित करने के लिए होता है। हर दो-तीन वर्ष में एक अतिरिक्त चंद्र मास जोड़ा जाता है, ताकि ऋतुएं और त्योहार सही समय पर रहें।

ज्योतिषों के अनुसार अधिकमास (मलमास) को भगवान विष्णु का प्रिय माह माना जाता है, इसलिए इसे पुरुषोत्तम मास कहते हैं। इस दौरान विष्णु पूजा, व्रत, दान, मंत्र जप, तीर्थ स्नान और धार्मिक कार्यों से विशेष पुण्य मिलता है। बताया कि अधिकमास में शादी-विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश, नामकरण, भूमि पूजन, नए व्यवसाय की शुरुआत जैसे मांगलिक कार्य वर्जित रहते हैं। ज्योतिष शास्त्रों में इसे आध्यात्मिक साधना के लिए सर्वोत्तम समय माना जाता है, क्योंकि यह मास 'मल' (अशुद्धि) से मुक्त होकर सर्वश्रेष्ठ बन जाता है।

### देश की आर्थिक व तकनीकी प्रगति के आसार

आचार्य देवनाथ पांडेय के अनुसार 19 मार्च से शुरू होने वाले नव संवत्सर 2083 का राजा बृहस्पति (गुरु) और मंत्री मंगल होगा। गुरु ज्ञान, धर्म और समृद्धि के कारक हैं, जबकि मंगल ऊर्जा, साहस और प्रगति का प्रतीक है। इस युति से देश में तेजी से विकास, आर्थिक उन्नति, तकनीकी प्रगति और राष्ट्रीय एकता में वृद्धि की संभावना है। ग्रहों की स्थिति से शिक्षा, न्याय व्यवस्था और धार्मिक कार्यों में मजबूती आएगी, साथ ही चुनौतियों पर विजय प्राप्त होगी। बताया कि इस वर्ष रेवती नक्षत्र 85 प्रतिशत है, इससे वर्षा के भी भरपूर आसार हैं। साथ ही पुनर्वसु नक्षत्र भी 50 प्रतिशत है। इससे फसलें अच्छी होंगी, जिससे कृषक खुशहाल होंगे।

# पावर कार्पोरेशन के लिए संकट बने 1.25 लाख प्रीपेड उपभोक्ता

अयोध्या कार्यालय

- अभी तक नहीं कराया गया है रिचार्ज, ऐसे उपभोक्ताओं की बिजली कटनी तय

**अमृत विचार :** नेगेटिव बैलेंस के बावजूद बिल न जमा करने वाले स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं की अब बिजली गुल होगी। पावर कॉर्पोरेशन प्रबंधन ने सभी संबंधित उपभोक्ताओं से अपील की है कि असुविधा से बचने के लिए समय से मीटर रिचार्ज करा लें। इस संबंध में अलर्ट मैसेज भी भेजे जा रहे हैं। यह अभियान आगामी 20 मार्च से शुरू होगा।

जिले अब तक लगभग 3 लाख से अधिक लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं जिसमें से 2 लाख 45 हजार प्रीपेड मीटर वाले उपभोक्ता हैं। इनमें से बड़ी संख्या में उपभोक्तों द्वारा रिचार्ज न कराए जाने से नेगेटिव बैंलेस है। नेगेटिव बैलेंस पर बार-बार मैसेज भेजने के बाद भी उपभोक्ताओं द्वारा रिचार्ज नहीं कराया जा रहा है। ऐसे में पावर कॉर्पोरेशन प्रबंधन ने नेगेटिव बैलेंस वाले पांच किलोवाट से ज्यादा लोड के घरेलू, दो किलोवाट से ऊपर के लोड के कामर्शियल (व्यावसायिक) कनेक्शन के अलावा निजी संस्थान (स्कूल, अस्पताल व सरकारी कार्यालय आदि), औद्योगिक कनेक्शन (छोटे और मध्यम उद्योग), अस्थायी कनेक्शन (शादियों, त्योहारों, प्रदर्शनियों या निर्माण के लिए) और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग के लिए कराए गए कनेक्शन को डिस्कनेक्ट करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य अभियंता वितरण बृजेश कुमार ने बताया कि तीन महीने से अपील की जा रही है। इसलिए अब कनेक्शन काटने का अभिमान बीस मार्च से शुरू किया जाएगा।

**न्यूज ब्रीफ**

### परमहंस दास ने मौलाना का फूंका पोस्टर

**अयोध्या, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां और गोवंश को लेकर बिहार के मौलाना अब्दुल्ला सलीम के द्वारा अभद्र टिप्पणी किए जाने के मामले में नाराज तपस्वी छावनी के महंत परमहंस दास ने मौलाना का पोस्टर जलाया। इससे पहले पोस्टर को पैरों रौंदकर अपना आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति और गोवंश के खिलाफ इस तरह की भाषा किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जा सकती।

## पटना में होगा 211वीं आरती का आयोजन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** पटना के पौराणिक चित्रगुप्त मंदिर में 12 मार्च को अयोध्या कायस्थ विकास संस्थान भगवान चित्रगुप्त जी की आरती करेगा। विगत साढ़े चार वर्षों से ज्यादा समय से संगठन प्रत्येक गुरुवार को किसी न किसी परिवार में भगवान चित्रगुप्त जी की स्तुति का आयोजन करता आ रहा है। संगठन के अध्यक्ष अरुण श्रीवास्तव बताते हैं कि समाज को एक सूत्र में पिरोने के लिए शुरू किया गया यह कार्यक्रम अब एक मिशन बन चुका है। प्रवक्ता जेपी श्रीवास्तव ने बताया कि भगवान चित्रगुप्त जी की स्तुति और आरती के जरिए समाज में नव चेतना जागृत करने का कार्य किया जा रहा है। पटना में 211वीं स्तुति और आरती की तैयारी पूरी कर ली गई है। अगले वर्ष कांचीपुरम स्थित चित्रगुप्त मंदिर में बड़ी आरती करने का लक्ष्य है। पटना में कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अयोध्या से 42 सदस्यीय टीम 11 मार्च को रवाना होगी। यजमान के रूप में वहां के प्रसिद्ध उद्योगपति विपिन श्रीवास्तव व उनकी पत्नी संगीता श्रीवास्तव मौजूद रहेंगे। प्रतीक श्रीवास्तव को यात्रा का संयोजक बनाया है। राजेश श्रीवास्तव, देश दीपक जौहरी, विवेक श्रीवास्तव विक्की एडवोकेट, दीपक, राजेश श्रीवास्तव कंप्यूटर, अंशुमाली श्रीवास्तव एडवोकेट, रामकृष्ण, डॉ. पंकज,निर्मल, आशीष सभासद, मनोज, राजेंद्र, अखिलेश, चंद्र प्रकाश, हरिश्चंद्र बबुआ मामा व बृजेश श्रीवास्तव आदि को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

**अगले वर्ष कांचीपुरम स्थित चित्रगुप्त मंदिर में बड़ी आरती करने का लक्ष्य**

# स्वयं सिद्धा सम्मान से नवाजी गईं 64 मातृ शक्तियां



## अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर शहीद भगत सिंह ट्रस्ट की ओर से सम्मान समारोह आयोजित

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शहीद भगत सिंह ट्रस्ट ने आभा होटल में एक 'स्वयंसिद्धा सम्मान' समारोह का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए 64 मातृ शक्ति को स्वयं सिद्धा सम्मान से सम्मानित किया गया। नई सदी-नई स्त्री-नई संभावनाएं' विषयक संगोष्ठी भी हुई।

समारोह का शुभारंभ युवा संगीतज्ञ रमा वर्मा के बांसुरी वादन से हुआ। अध्यक्षता प्रो. डॉ. निशात अख़्तर ने की। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. पूनम सूद एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सुल्तानपुर से आई शिक्षिका ममता सिंह उपस्थित रहीं। अध्यक्षता करते हुए डॉ. निशात अख़्तर ने कहा कि स्त्री आंदोलन के भारतीय संदर्भ अलग हैं क्योंकि हमारी सामाजिक व्यवस्था भिन्न है। उन्होंने कहा कि आधुनिक स्त्री को स्वतंत्रता और अराजक स्वच्छंदता के सूक्ष्म अंतर को समझना चाहिए और संगठित होकर बराबरी और न्याय के लिए संघर्ष करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि ममता सिंह ने कहा कि यह दिन पुरुषों के विरोध का नहीं बल्कि साथ मिलकर आगे बढ़ने का दिन है। मुख्य अतिथि पूनम सूद ने कहा कि यह आवश्यक है कि महिलाएं नए समय की चुनौतियों को समझें और उनका सामना करें। कवि और प्राध्यापक डॉ विशाल श्रीवास्तव ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि नारीवादी आंदोलन के लंबे इतिहास में गर्भधारण और मतदान के अधिकार से आगे बढ़ते हुए आज वित्तीय और राजनैतिक अधिकारों की मांग महत्वपूर्ण रूप से सामने हैं।

ट्रस्ट की सचिव साधना सिंह ने आयोजन का संयोजन किया, जबकि वरिष्ठ शायर मुजम्मिल फिदा ने अपनी काव्यात्मक शैली से संचालन किया। चेयरमैन सत्यभान सिंह ने स्वागत भाषण दिया। सदस्य पूजा श्रीवास्तव ने कहा कि नई सदी में महिलाएं पीड़ित नहीं हैं, बल्कि परिवर्तन की शक्ति हैं। ऋतु राठौर ने युवतियों को संबोधित किया। प्रेरित महिलाओं की शक्ति का उत्सव है। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार सी बी भारती, आर डी आनंद, आशाराम जागरथ, नीरज सिन्हा नीर, रामदास सरल, बृजेश श्रीवास्तव, मांडवी सिंह, नीलम मध्यान, अखिलेश सिंह, वाहिद अली, अनंत सिंह सहित बड़ी संख्या में ट्रस्ट के सदस्य, साहित्य-संस्कृतिकर्मी, पत्रकार और प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

नगर के एक होटल में महिला दिवस पर सम्मानित की गईं मातृ शक्तियां। अमृत विचार

### सम्मानित होने वाली मातृ शक्तियां

एडवोकेट भारती सिंह एवं एडवोकेट सुरभि त्रिपाठी, अमिता सिंह, अनिता पाठक, अंजनी मौर्य, आराधना सिंह, आशा नंदा, बबीता राज, बंदना मौर्य, बीना श्रीवास्तव, इंद्रावती, ज्योति बत्रा, खुशबू शर्मा, ममता साहू, मंजू मौर्य, नाजिश फातिमा, ओमवती, पल्लवी वर्मा, पूजा वर्मा, पूनम पांडेय, रंजना शुक्ला, रानू सिंह, रीना श्रीवास्तव, रेनू सिंह (दोनों), रेशमा बानो, ऋतु सिंह राठौर, रोशनी यादव, साक्षी वासवानी, संगम यादव, सत्य प्रभा, सरिता सिंह, सीमा सिंह, शिवानी सिंह, श्यामा शर्मा, ऊषा विद्यार्थी, अंजुला पाठक, अर्चना सिंह, अर्चना गोस्वामी, डॉ. अलका सिंह, डॉ. ममता सिंह, डॉ. नीरजा पांडेय, डॉ. रचना श्रीवास्तव, कहकशां अय्यूब, किरण द्विवेदी, ममता सिंह, निशि विद्यार्थी, प्रिया त्रिपाठी, विभा पांडेय। वहीं डॉ. आकांक्षा सिंह, डॉ. अदिति सिंह, कुमकुम भाग्य, मिताली रस्तोगी, कमलेश आनंद, नसीम जहरा, रमा वर्मा सपना बंसल, सुनीता पाठक, सुनीता सिंह शामिल रहीं।

### महिला स्वास्थ्य कर्मियों को किया सम्मानित

**बीकापुर, अयोध्या।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सीएचसी बीकापुर में महिला स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान महिला टीबी मरीजों को पोषण पोटली भी वितरित की गई एवं उनको स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया गया। अधीक्षक डॉ अंशुमान यादव ने अस्पताल में तैनात महिला स्वास्थ्य कर्मियों को शुभकामना दी। इस मौके पर चिकित्सक डॉ अनुराग गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, बीपीएम दीपक तिवारी, सीरातुल बानो समेत अन्य महिला स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहीं।





एयरपोर्ट परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान केक कटिंग के दौरान मौजूद जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की पत्नी प्रियंका मेंढे व अन्य।

### एयरपोर्ट पर जिलाधिकारी की पत्नी ने काटा केक

**अयोध्या, अमृत विचार :** महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की पत्नी प्रियंका मेंढे रहीं। उनका स्वागत डॉ. नम्रता सिंह, अध्यक्ष कल्याणमयी (अयोध्या एयरपोर्ट) व कल्याणमयी की अन्य सदस्यों द्वारा किया गया। इस दौरान पौधरोपण किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद केक कटिंग समारोह संपन्न हुआ। मौजूद महिला यात्रियों एवं महिला कर्मचारियों को चॉकलेट और गुलाब की कलियां वितरित कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों और कर्मचारियों के लिए रिफ्रेशमेंट की व्यवस्था भी की गई। एडवोकेट श्वेता राज सिंह द्वारा एक विशेष व्याख्यान दिया गया। एयरपोर्ट के विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा यात्री भी उपस्थित रहे।

### महिलाओं के बिना समाज का समुचित विकास संभव नहीं : रीता

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मांडवी मंच फाउंडेशन ने भरतकुंड स्थित कार्यालय में नारी सशक्तिकरण विषय पर गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया। समाज में महिलाओं की भूमिका, उनके अधिकारों और उनके सशक्तिकरण पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रबंधिका रीता तिवारी ने कहा कि महिलाओं के बिना समाज का समुचित विकास संभव नहीं है। कार्यक्रम में उल्लेखनीय योगदान देने वाली कई महिलाओं को मांडवी मंच फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक अंजनी कुमार पाण्डेय व मुख्य संयोजक अंबरीश चंद्र पांडे की ओर से अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित मांडवी मंच की अध्यक्ष प्रियंका शर्मा, सचिव रश्मि सिंह, प्रवक्ता अनुपम तिवारी, उपाध्यक्ष सुमन पांडे, महासचिव अनीता मोदनवाल, पिंकी तिवारी, क्रांति सिंह, आरती दुबे, शुभ तिवारी ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। भरत जी की तपोभूमि पर 14 अप्रैल से बालिकाओं के लिए नि:शुल्क कोचिंग, सिलाई कढ़ाई केंद्र और ब्यूटीशियन का कोर्स चलने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में अनेक महिलाएं और क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। साहबदीन गौड़, दिवाकर शर्मा, ममता देवी, कलावती, आशु पांडे, निर्मला कुमारी, नरेंद्र पांडे आदि मौजूद रहे।



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शपथ लेतीं महिलाएं।

### महिला सशक्तिकरण को निरंतर कार्य करने का लिया संकल्प



एनआईसी सभागार में आंगनवाड़ी कार्यकत्री को सम्मानित करते विधायक रामचंद्र यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह व मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एनआईसी सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्षा रोली सिंह, विधायक राम चंद्र यादव, मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह मौजूद रहे। सभागार में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया। अतिथि वक्ताओं ने महिलाओं के सशक्तिकरण, सम्मान और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मान पाने वाली महिलाओं में विभा सिन्हा वन स्टॉप सेंटर उपनिरीक्षक, सुधा वर्मा महिला आरक्षी, श्वेता तथा सोनल, सामाजिक कार्यकर्ता भारती सिंह, प्रीति, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आरती सरोज, प्रियंका मौर्या, ममता, उमा रानी, सुमन वर्मा, सोनपति, सुमन तिवारी, सरोज यादव, रानी देवी, नीता कुमारी, रमा सिंह शामिल रही। बाल विकास विभाग, प्रोबेशन विभाग के कर्मचारी, महिला जिला अस्पताल की सीएमएस चाइल्ड हेल्पलाइन, वन स्टॉप सेंटर, जिला सूचना अधिकारी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

### बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन



सास्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र स्थित ज्ञानोदय आदर्श शिक्षण संस्थान, उधुई परिसर में वार्षिकोत्सव एवं महिला दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज के कम्युनिटी साइंस महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. साधना सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक चंद्रभानु पासवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. साधना सिंह ने कहा कि एक सुंदर और सुरक्षित समाज के निर्माण के लिए समानता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लैंगिक समानता के बिना समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। विधायक चंद्रभानु पासवान ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी ही भविष्य के समाज की दिशा तय करेगी। प्रबंधक बीपी पाण्डेय ने कहा कि समाज के विकास के लिए लड़कियों और लड़कों को समान अवसर मिलना आवश्यक है।



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अवध विवि द्वारा सम्मानित ग्रामीण महिलाएं। अमृत विचार

## अवध विवि ने ग्रामीण महिलाओं को किया सम्मानित

**अयोध्या कार्यालय । अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के महिला शिकायत एवं कल्याण प्रकोष्ठ एवं महिला अध्यक्ष केंद्र द्वारा अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गये ग्राम माधवपुर मसौधा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 की थीम "गिव टू गेन " से संबंधित एक कार्यक्रम का आयोजन किया। माधवपुर गांव के महिलाओं तथा बेटियों ने बढ़-चढ़कर कर बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और उन्हें सम्मानित भी किया गया। मुख्य वक्ता एवं अतिथि के रूप में डॉ. अंजली सिंह डाइटिशियन ने सभी का ज्ञानवर्धन किया। प्रकोष्ठ की सहसमन्वयक डॉ.मनीषा यादव ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। महिला शिकायत एवं कल्याण प्रकोष्ठ की समन्वयक प्रो. तुहिना वर्मा ने आए हुए सभी अतिथियो का स्वागत किया। मुख्य अतिथि आहार विशेषज्ञ डॉ. अंजली सिंह ने कहा कि हमारे लिए संतुलित भोजन करना बहुत आवश्यक है। लक्ष्मी शर्मा ने स्वागत गीत प्रस्तुत करते हुए सभी का मन मोह लिया। काजल पटेल ने "नारी आओ बोलो" कविता की प्रस्तुति की। संगीता गौड़ ने अपने गीत के माध्यम से महिलाओं को लगने वाले विभिन्न टीको जैसे बीसीजी, हेपेटाइटिस, टिटनेस इत्यादि का वर्णन किया। रिया पटेल द्वारा गायत्री मंत्र की प्रस्तुति की गई। अंशिका वर्मा, मानवी वर्मा, शिवानी, अर्पित वर्मा, शिवानी विश्वकर्मा, अवंतिका शर्मा आदि ने विभिन्न प्रस्तुति किया। प्रकोष्ठ की सदस्य गायत्री वर्मा, डॉ. सोनी तिवारी, डॉ. सरिता सिंह तथा ग्राम प्रधान ऋषिकेश वर्मा तथा भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### होली मिलन समारोह में दी एक दूसरे को बधाई

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार।** पेट्रोलियम डीलर्स एशोसिएशन का होली मिलन समारोह सिविल लाइन स्थित एक होटल में आयोजित किया गया। रविवार को आयोजित सम्मेलन में दूर दराज से आए दर्जनों डीलर शामिल हुए। मुख्य अतिथि विधायक वेद प्रकाश गुप्ता का जिला अध्यक्ष राजेश सिंह ने माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। विधायक ने होली की शुभकामनाएं दी। कहा कि होली सौहार्द और समरसता का त्योहार है, हम कार्यक्रम में आए सभी भाइयों को होली की बधाई देते हैं। कहा इस बार होली के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अयोध्या आकर भगवान श्रीराम के दर्शन किए। स्थानीय लोगों के साथ मिलकर होली खेली। ईरान और इजरायल के युद्ध को लेकर कहा की इस युद्ध से भारत के अर्थव्यवस्था पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। गैस और पेट्रोल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहेंगे। जिलाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने विधायक का आभार प्रकट किया। सभी पेट्रोलियम डीलरों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला मंत्री टीएन तिवारी, कपिल देव दुबे, कोषाध्यक्ष रामभवन वर्मा, विपिन सिंह, रावेन्द्र सिंह, रवी सिंह, अंगद वर्मा, संतोष यादव, राजकुमार पाण्डेय, भोला कौशल, अभय कुमार सोहावल, पवन कुमार गुप्ता सहित दर्जनों डीलर शामिल रहे।




कार्यक्रम में नगर विधायक वेद गुप्ता का किया गया सम्मान।

## प्रशासनिक कार्यों में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान

कुमारगंज, अयोध्या।

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर उद्यम और उत्कृष्ट कार्यों के लिए आठ ग्रामीण महिलाओं को फलदार पौधे देकर सम्मानित किया गया।

कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, शोध और उद्यमिता जैसे हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उत्तर प्रदेश पीसीएस परीक्षा में अग्रणी रहने वाली महिलाओं व फेलोशिप प्राप्त करने पर डॉ मीनल व डॉ सुधा को कुलपति ने बधाई दी। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ साधना सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का उद्देश्य लैंगिक समानता को बढ़ावा देना, महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का सम्मान करना है। कृषि अधिष्ठाता डॉ. प्रतिभा सिंह ने महिलाओं को धैर्य के साथ समाज में अपनी जगह बनाने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। महिला अध्ययन केंद्र की विभागाध्यक्ष डॉ पूनम सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन डॉ तृप्ति वर्मा ने किया। विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, निदेशक शिक्षक, 200 महिलाएं व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया।



जल भरो कार्यक्रम के साथ कृषि विवि में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम की शुरुआत करते कुलपति बिजेंद्र सिंह।

- **उद्यम और उत्कृष्ट कार्यों के लिए आठ ग्रामीण महिलाएं सम्मानित**



सर्किट हाउस में बैठक में मौजूद प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

### टीईटी को लेकर संगठन एकजुट, आज से चरणबद्ध आंदोलन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य बनाने के विरोध में अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक संघ के बैनर तले 20 से अधिक शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक सर्किट हाउस में हुई। शिक्षकों का मानना है कि 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर यह नियम अनुचित है, क्योंकि उन्होंने उस समय की योग्यता मानदंडों को पूरा किया था। प्रथम चरण 9 से 15 मार्च से शिक्षक पाती अभियान होगा। प्रत्येक संगठन कम से कम 200 पाती राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री को भेजने के लिए शिक्षकों को प्रेरित करेगा। दूसरा चरण 13 अप्रैल को मशाल जुलूस निकलेगा। तृतीय चरण 3 मई को लखनऊ में महारैली होगी। वहीं चतुर्थ चरण में मानसून सत्र के दौरान संसद का घेराव किया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष अवधेश यादव को मुख्य संयोजक नियुक्त किया गया। अध्यक्षता प्रांतीय संयोजक पंकज यादव ने की, जबकि संचालन जिला मंत्री अशोक वर्मा ने किया। अनिल कुमार प्रजापति जिला अध्यक्ष, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन, विजय प्रताप सिंह, अमित पांडेय, फूल चंद्र सरोज आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय कलेक्टर / लाईसेंस प्राधिकारी, अयोध्या।**

संख्याः- 2234 / जि.आ.अ./व्यवस्थापन / ई-लॉटरी /2026-27/ अयोध्या / दिनांकः मार्च 07.2026

**विज्ञप्ति**

आबकारी आयुक्त, उ.प्र. प्रयागराज के अर्धशासकीय पत्र संख्या 2443-518/ दस लाइसेंस 367 / सुझाव आबकारी नीति (संशो) /2026-27, दिनांकः 12 फरवरी, 2026 के अनुपालन में निर्गत आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के कार्यालय पत्र संख्या 1189/ टास्क फोर्स-2/ई-लाटरी /2026-27 / लखनऊः दिनांकः फरवरी, 28, 2026 के अर्न्तगत दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद अयोध्या में ई-नवीनीकरण के पश्चात अवशेष / अव्यवस्थित देशी मदिरा की 08 दुकानों (**1.चौक (शॉप आई.डी. - 15186) 2. देवकाली (शॉप आई.डी. 15339) 3. नाका (सिंह आटोमोबाइल भारत पेट्रोल पम्प के निकट) (शॉप आई.डी.-115718) 4. मोदहा (शॉप आई.डी.15297) 5. वार्ड नं.-44 सुभाष नगर (शॉप आई.डी.-35750) 6.गोसाईगंज (शॉप आई.डी. 15628) 7. कनावां (शॉप आई.डी.21494) व 8. भिटौरा (शॉप आई.डी.-16232) तथा कम्पोजिट की 01 दुकान (1. धर्मगंज (शॉप आई. डी.-38304)** का ई-लाटरी के प्रथम चरण के माध्यम से व्यवस्थापन की प्रक्रिया दिनांकः 10.03. 2026 से प्रारम्भ होगी। सर्वप्रथम दुकानों की ई-लॉटरी हेतु आवेदन पत्र दिनांक 10.03.2026 (समय मध्यान्ह 12: 00 बजे) से दिनांक 17.03.2026 (मध्यान्ह 12: 00 बजे) तक ई-लॉटरी पोर्टल https://exciseelotteryup.upsdc.gov.in/ पर आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदकों को सूचित किया जाता है कि समस्त आवेदक ई-लॉटरी पोर्टल पर ई-लॉटरी के लिए पंजीकरण करते समय अपने नवीनतम पैनकार्ड पर अंकित पैन नम्बर, नाम व जन्मतिथि से ही पंजीकरण करें। आवेदित दुकानों के व्यवस्थापन हेतु ई-लॉटरी का प्रथम चरण दिनांक 20.03.2026 समय प्रातः 11: 00 बजे से समाप्ति तक कलेक्ट्रेट सभागार, जनपद अयोध्या पर किया जायेगा।

जनपद में अवशेष /अव्यवस्थित उक्त दुकानों के आवंटन हेतु आवेदन के इच्छुक आवेदक दुकानों से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी हेतु जनपद की वेबसाईट www.ayodhya.nic.in तथा विभागीय वेबसाइट ई-लाटरी पोर्टल https:// exciselotteryup.upsdc.gov.in पर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**(सुरेश चन्द्र मिश्र)**
**जिला आबकारी अधिकारी, अयोध्या।**

**(निखिल टी. फुन्डे)**
**कलेक्टर / लाइसेंस प्राधिकारी अयोध्या।**

**हलचल** | **समायोजन जंबो कार्यकारिणी, फिर भी संतुष्टि आसान नहीं**

# भाजपा में पदाधिकारी बनने की चाह रखने वालों की लाइन लंबी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** भाजपा में पदाधिकारी बनने वालों की लंबी लाइन है। सत्तादल में जिले व महानगर की कार्यकारिणी जंबो बनाए जाने का मानक है, लेकिन सबको संतुष्ट कर पाना फिर भी आसान नहीं है। एक अनार सौ बीमार वाला हाल है।

लंबे समय बाद भाजपा में जिला और महानगर अध्यक्ष के नामों की घोषणा की गई। अभी इनके स्वागत, सत्कार का दौर है, लेकिन इसी के साथ कार्यकारिणी गठन पर भी जोर है। बगैर कार्यकारिणी गठन के पार्टी के नियमित काम काज भी बाधित स्थिति में कहे जा सकते हैं। अब राजनीतिक दलों में जैसे कारपोरेट कार्यशैली का समावेश हो गया है। इसलिए रोज ही कुछ न कुछ काम करने का लक्ष्य होता है। ऐसे में कार्यकारिणी का गठन जरूरी भी है।



महानगर में कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पर्यवेक्षक ने जिले का दौरा कर लिया है। बड़े नेताओं से मंत्रणा भी की है। कहा गया कि जल्द ही कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी। जिले के कार्यकारिणी के गठन को लेकर भी मंथन शुरू हो गया है, लेकिन पद की चाहत रखने वालों की लंबी फेहरिश्त है। जंबो कार्यकारिणी के बावजूद सभी को संतुष्ट कर पाना आसान नहीं है। बताया गया है कि महानगर कमेटी में कुल 21 पदाधिकारी, 90 कार्यसमिति सदस्य और 15 विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे। पदाधिकारियों में अध्यक्ष के अलावा आठ उपाध्यक्ष, तीन महामंत्री, आठ मंत्री और एक कोषाध्यक्ष शामिल होंगे। इसके साथ ही मीडिया प्रभारी, सोशल मीडिया प्रभारी, आईटी संयोजक और कार्यालय मंत्री जैसे महत्वपूर्ण दायित्व भी तय किए जाएंगे। यह संख्या लगभग डेढ़ सौ होगी। जिले में भी पदाधिकारियों और कार्यसमिति सदस्यों की संख्या कमोवेश ऐसी ही होगी, लेकिन स्थिति एक अनार और सौ बीमार की है। कई अपने चहेतों को कार्यकारिणी या पदाधिकारी बनवाना चाहेंगे। इसको लेकर पेशबंदी शुरू हो गई है। जंबो कार्यकारिणी के बावजूद सभी को समायोजित कर पाना आसान नहीं होगा।

## मस्जिद पालकी खाना में तरावीह मुकम्मल, मुल्क के लिए दुआएं

**अयोध्या, अमृत विचार :** ऐतिहासिक मस्जिद पालकी खाना चौक में शुक्रवार शाम को हाफिज सैफुल्ला खालिद ने कलाम पाक मुकम्मल किया। इस अवसर पर लोगों ने मुल्क में अमन चैन और खुशहाली के साथ अपनी मगफरत के लिए दुआएं मांगी। नमाज तरावीह के बाद अजीम शख्सियत हजरत अल्लामा मौलाना मुफ्ती मोइनुद्दीन अशर्फी मुफ्ती ए अवध की खुसूसी तकरीर हुई। उन्होंने बताया कि माहे रमजान का चांद देखकर तरावीह की नमाज शुरू करनी चाहिए और चांद देखकर खत्म। मस्जिद पालकी खाना इंतजामिया कमेटी द्वारा लंगर शरीफ का इंतजाम नमाजियों के लिए किया गया। मौलाना फैसल हाशमी, अनावर अहमद खान मस्जिद पालकी खान के सेक्रेटरी मुस्तफा राईन व सिराज अहमद अजहरी, अब्दुल खालिक, फैज अशरफी , हाजी मोहम्मद सलीम, अब्दुल खालिक अजहरी ,जमाल,कलीमुल्लाह,अब्दुल जब्बार, अब्दुल रशीद, हाजी सुहेल, अनवारुल, अब्दुल गफ्फार समेत तमाम रोजेदार मौजूद रहे। वक्फ वक्फ बारी ताला के सेक्रेटरी आसिफ नवाब कहते हैं कि रमजान के मद्देनज़र चौक बाजार की रौनक बढ़ गई है।

# होली मिलन समारोह में मचाया धमाल

## रोटरी क्लब ने किया रंगोत्सव- 2026 का आयोजन

- कपल गेम में देवेश अग्रवाल, स्वाति व होली धमका में अरुण और वंदना रहे अव्वल

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** रोटरी क्लब ग्रेटर फैजाबाद परिवार द्वारा शनिवार की रात सिविल लाइन्स स्थित एक होटल में रंगोत्सव-2026 कार्यक्रम के तहत होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान फूलों की होली, संगीत, नृत्य, हाउज़ी, कपल गेम्स तथा होली धमाका जैसे आकर्षक कार्यक्रमों ने खूब धमाल मचाया। पूरे वातावरण में उत्साह, अपनापन और भाईचारे की भावना देखने को मिली।


फूलों की होली खेलतीं रोटरी क्लब की महिलाएं व पदाधिकारी।


विजेता को सम्मानित करते रोटरी क्लब के पदाधिकारी।

कार्यक्रम का शुभारंभ रात्रि 8:30 बजे हुआ। कपल गेम का संचालन रश्मि केसरवानी द्वारा किया गया, जिसमें देवेश अग्रवाल एवं स्वाति विजेता रहे। लेडीज गेम का संचालन पूनम खत्री ने कराया, जिसमें दीपिका अग्रवाल विजेता रहीं। अर्ली फाइव के विजेताओं में प्रथम स्थान पर संजय अग्रवाल एवं रचना, दूसरे पर दीपक मेहरोत्रा एवं रोली, तीसरे पर.देवेश अग्रवाल एवं स्वाति, चौथे पर नितिन अग्रवाल एवं पूजा व पांचवें स्थान पर जय आहूजा एवं विनिता रहीं। होली धमका के विजेताओं में अरुण अग्रवाल एवं वंदना, विपिन बंसल एवं रूबी, शरद खत्री एवं पूनम, अरविंद अग्रवाल एवं अनु व विभूति मोहन एवं मोनिका रहीं।

क्लब अध्यक्ष संजीव सोनी ने सभी सदस्यों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कहा कि यह अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है कि हमारा होली मिलन कार्यक्रम इतनी भव्यता और सौहार्द के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम संयोजक रोटेरियन राहुल केसरवानी, अतुल पचेरीवाला एवं शरद खत्री, साथ ही संस्थापक अध्यक्ष रोटेरियन अनुराग अग्रवाल का भी विशेष आभार व्यक्त किया गया। ग्रेटर विंग की अध्यक्षा सपना व उनकी महिला टीम द्वारा आयोजित मनोरंजक कार्यक्रमों और गेम्स ने उत्सव में चार चांद लगा दिए। इस अवसर पर अखिलेश अग्रवाल, मुकेश, अभिषेक सिंह, नितेश रस्तोगी, विकेश अग्रवाल, मोहन माखीजा, पार्थ अग्रवाल, सोनी सिंह, पूजा, स्नेहा, रूमी, पूनम, रूबी, दीपिका, सोनल समेत अन्य मौजूद रहे।


आईसीसी टी 20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत के लिए अनुष्ठान करते साधु-संत।

## भारत की जीत के लिए संतों ने किया अनुष्ठान

**अयोध्या, अमृत विचार :** आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में भारत की जीत की कामना को लेकर अयोध्या धाम में विशेष अनुष्ठान किया गया। संतों ने भगवान से प्रार्थना करते हुए टीम इंडिया के विश्व विजेता बनने की कामना की। महंत सीताराम दास के नेतृत्व में संतों ने हवन-पूजन किया। इस दौरान हनुमान महामंत्र का जाप करते हुए हनुमान जी से भारतीय टीम की जीत के लिए प्रार्थना की गई। महंत ने कहा कि भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर रही है और पिछले मुकाबलों में टीम ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए बुलंदियों को छुआ है। संतों ने विश्वास जताया कि फाइनल मुकाबले में भी भारत जीत हासिल करेगा।


पीवीएस इंटर कॉलेज में बच्चों को पुस्तक भेंट करते प्रबंधक।

## नि:शुल्क मिलीं पुस्तकें, खिले बच्चों के चेहरे

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार:** पीवीएस इंटर कॉलेज कादीपुर में शनिवार को प्रबंधक ने छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पुस्तक वितरण किया। पुस्तक पाकर बच्चों के चेहरे खिल गए। विद्यालय के प्रबंधक एवं उत्तर प्रदेश वित्त विहीन विद्यालय प्रबंधक संघ के जिला महासचिव सुरेंद्र कुमार उपाध्याय ने बताया कि कक्षा नौ और कक्षा 10 के सभी छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। पुस्तकें मिलने से विद्यार्थियों मे नई ऊर्जा का संचार होता है जिससे वह पूरी मेहनत और लगन से पढ़ाई करते हैं। अभिभावकों का भी भार कम हो जाता है। निःशुल्क पुस्तकों के वितरण का सिलसिला प्रत्येक सत्र में होता रहेगा। विद्यालय के छात्र छात्राएं और शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# दीनी खिदमत के लिए सम्मानित किए गए उलेमा

## अंजुमन गुनच ए मजलूमिया फैजाबाद ने किया सम्मानित

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अंजुमन गुनच ए मज़लूमिया फैज़ाबाद की जानिब से हर साल की तरह इस साल भी रमज़ान मुबारक के महीने में चल रहे मारूफ क्लासेस के आखरी दिन दीनी खिदमत के लिए उलेमाओं को सम्मानित किया गया।


दीनी खिदमत के लिए उलेमाओं को सम्मानित करते अंजुमन गुंचे मजलूमिया के पदाधिकारी।

इनमें मौलाना मोहम्मद मोहसिन ,मौलाना मोहम्मद अब्बास मोनिस, मौलाना जाफर रज़ा आबिदी, मौलाना क़मर मेहंदी व मुबाशिर हुसैन को अंजुमन गुनच ए मज़लूमिया के सदर जनाब कामिल हसनैन, सेक्रेट्री जियो हैदर और अंजुमन के नाएब सदर फैज़ी फैज़ाबादी आदि ने सम्मानित किया। इस मौके पर अफज़ल हुसैन इज़हार हुसैन ,अंजुमन के सीनियर साहब ए बयाज़ अज़हर अब्बास, तवील अब्बास भी मौजूद रहे। दर्स कन्वीनर मोहम्मद हसनैन, को-कन्वीनर शमशीर अब्बास ने भी शाल उड़ाकर मोमेन्टो व तोहफा देकर उल्मा ए कराम को सम्मानित किया। मौलाना के सवाल का सही जवाब देने के लिए मंज़र व हैदर को इनाम से नवाज़ा गया। उल्मा ए कराम ने अंजुमन का शुक्रिया अदा करते हुए कहा अराक़ीन गुनच ए मज़लूमिया फ़ैज़ाबाद लायक़े मुबारकबाद है जिनकी काविशो से ये दर्स शानदार तरीक़े से चला।

# अनदेखी के चलते तालाब पर कब्जा

- परिजन कई बार शिकायतों के बाद भी नहीं हो सका मामले का निस्तारण
- तालाब के चारों ओर गंदगी का लगा अंबार

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** नगर पंचायत जहांगीरगंज के स्थानीय कस्बे में राजेसुल्तानपुर तिराहा मार्ग पर स्थित दो प्राचीन तालाबों की दशा दयनीय है। जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते उक्त तालाबों पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। वहीं तालाब के चारों तरफ खरपतवार, झाल, झंखड़ और कूड़े-कचरों के बेरोक-टोक ढेर लगे हैं। इसके अलावा तालाब में आसपास के रिहायशी मकानों का नाबदान और शौचालयों का गंदा पानी गिरता है।


जहांगीरगंज के राजेसुल्तानपुर तिराहा मार्ग पर स्थित तालाब में किया गया अतिक्रमण।

बता दें कि इन समस्याओं के निस्तारण को लेकर शिकायतें कई बार हुईं, लेकिन जहांगीरगंज नगर प्रशासन द्वारा शिकायतों का निस्तारण आज तक नहीं किया जा सका है। कार्रवाई नहीं हो पाने की स्थिति में न तो तालाबों में गिरता गंदा पानी रूका और न ही विधिक प्रक्रिया के जरिए अवैध कब्जे ही हटाए जा सके। प्रशासन के ढुलमुल रवैए के कारण दोनों तालाब अपना अस्तित्व खोते जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि चारों तरफ पसरी गंदगी से निकलने वाली दुर्गंध से यहां के बसिंदों और आने-जाने वाले लोग काफी परेशान रहते है। मीट मछली दुकानदार अपनी दुकान से निकलने वाले कचरों को तालाब में फेंक देते हैं। नगर प्रशासन की ओर से इस पर भी किसी तरह का प्रतिबंध नहीं लग पा रहा है। इस संदर्भ में जब अधिशासी अधिकारी उमेश पासी से बता करने के लिए उन्हें फोन किया गया तो उनका फोन नहीं उठा।

# लाभार्थियों और उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** अध्यक्ष जिला पंचायत श्याम सुंदर वर्मा की अध्यक्षता में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में महिला कल्याण एवं बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।


कलेक्ट्रेट में नव चयनित मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर।

कार्यक्रम के दौरान राज्य स्तर पर आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। इसके उपरांत अध्यक्ष जिला पंचायत, जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के लाभार्थियों को सम्मानित करते हुए स्वीकृत पत्र एवं उपहार, बैग, डिक्शनरी एवं स्टेशनरी तथा चॉकलेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी एसके सिंह, जिला प्रोबेजन अधिकारी राकेश कुमार, जिला सेवा योजना अधिकारी प्रीति मिश्रा और संबंधित विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी उपस्थित रहे।

# महिलाओं को सशक्त बनाना जरूरी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर समाजसेवी संस्था स्नेहालय की संचालिका सिस्टर शिखा के नेतृत्व में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राम अचल राजभर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अभिषेक तिवारी उपस्थित रहे।


संस्था स्नेहालय की संचालिका शिखा ने विधायक राम अचल राजभर को पौधा देकर किया सम्मानित।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण के साथ हुई। इस दौरान सिस्टर शिखा ने सभी अतिथियों और उपस्थित महिलाओं का स्वागत करते हुए महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाना समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। स्नेहालय संस्था निरंतर महिलाओं और बालिकाओं के उत्थान के लिए विभिन्न सामाजिक व प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन कर रही है। मुख्य अतिथि विधायक राम अचल राजभर ने कहा कि आज के समय में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं।

### बालिकाओं को वितरित किया गया प्रमाण पत्र

संस्था द्वारा विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने वाली बालिकाओं को प्रमाणपत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए और महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सिस्टर हर्षा, सिस्टर प्रतिभा, सिस्टर मोनिका, नीलम तथा अनुराग का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं और बालिकाएं उपस्थित रहीं।

## जन चौपाल में योजनाओं के बारे में दी जानकारी

**आजमगढ़। अमृत विचार :** गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र के देवारा जदीद किता-1 में भारतीय जनता पार्टी लालगंज के जिलाध्यक्ष विनोद राजभर ने जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं और आसपास के जरूरतमंद लोगों को भी इसके बारे में जागरूक करें। इस अवसर पर हर्षित सिंह, जिला मंत्री नीरज तिवारी सहित पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।


जन चौपाल में लोगों को जानकारी देते भाजपा जिलाध्यक्ष विनोद राजभर।

## महिला सुरक्षा और ड्यूटी में सहायक होगी स्कूटी

**अंबेडकरनगर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पुलिस लाइन में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की गई। डीआईजी सोमेन वर्मा ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और महिला पुलिसकर्मियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर एनटीपीसी टांडा की ओर से पुलिस विभाग को 14 नई स्कूटियां भेंट की गईं। डीआईजी सोमेन वर्मा ने इन स्कूटियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डीआईजी सोमेन वर्मा ने महिला कर्मियों के लिए एक सुरक्षित और सुविधाजनक स्थान श्वात्सल्य कक्ष का भी उद्घाटन किया।


महिला पुलिसकर्मियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीआईजी सोमेन वर्मा व साथ में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला व पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला, पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर, मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला और एएसपी पूर्वी श्याम देव रहे।

# करोड़ों की ठगी करने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

संवाददाता, आजमगढ़।


पुलिस हिरासत में गिरफ्तार अभियुक्त

**अमृत विचार :** जिले में फर्जी नक्शा-नजरी और कूटरचित दस्तावेजों के जरिए जमीन बेचने के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले गैंग का पुलिस ने खुलासा किया है। कोतवाली पुलिस और स्वॉट टीम ने गैंगस्टर, हिस्ट्रीशीटर और भूमाफिया कृष्णचन्द्र राय को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार अब तक अलग-अलग मामलों में करीब 2 करोड़ 87 लाख रुपये की ठगी सामने आई है।

थाना शहर कोतवाली क्षेत्र के मधुबन गांव निवासी रूद्रान्श राय ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनका पूर्व परिचित कृष्णचन्द्र राय पुत्र सुखसागर राय निवासी मोहम्मदपुर फेटी थाना बरदह, जो जमीन खरीद-फरोख्त और दलाली का काम करता है, ने मई 2023 में कोडर अजमतपुर स्थित जमीन बेचने का प्रस्ताव दिया था। आरोपी ने बार-बार संपर्क कर जमीन खरीदने के लिए प्रेरित किया और कथित जमीन मालिकों से मिलवाकर भरोसा दिलाया कि जमीन का एग्रीमेंट कर दिया जाएगा तथा भुगतान किस्तों में लिया जाएगा। वादी के अनुसार, आरोपी कृष्णचन्द्र राय, उसकी पत्नी रेनू राय, पुत्र संगम राय और अन्य साथियों ने कोडर अजमतपुर में करीब 10 बिस्वा जमीन दिखाते हुए उसे विवाद-मुक्त बताया और 10 लाख रुपये प्रति बिस्वा के हिसाब से सौदा तय किया। इसके बाद पैसों की तत्काल जरूरत बताकर वादी से विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से 33 लाख 30 हजार रुपये अग्रिम ले लिए गए।

बाद में कुछ लोगों द्वारा आंशिक रूप से जमीन का एग्रीमेंट किया गया, लेकिन अन्य कथित मालिकों ने न तो एग्रीमेंट किया और न ही जमीन पर कब्जा दिया। बार-बार टालमटोल होने पर वादी को संदेह हुआ। स्थानीय स्तर पर जानकारी करने पर पता चला कि दिखाई गई अधिकतर जमीन बंजर है और कई गाटा संख्या उस स्थान से संबंधित ही नहीं हैं। सीओ नगर शुभम तोदी ने बताया कि आरोपियों ने राजस्व अभिलेखों का फर्जी नक्शा-नजरी तैयार कर उस पर राजस्व निरीक्षक और तहसीलदार की फर्जी मुहर व हस्ताक्षर लगाकर वादी को दिखाया और उसी आधार पर एग्रीमेंट कराया। जब वादी ने 21 फरवरी 2026 को अपना पैसा वापस मांगा तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी।


एक दिवसीय किशोरी बालिका सम्मेलन में मौजूद महिलाएं व साथ में सचिव गायत्री।

## किशोरी बालिका सम्मेलन का हुआ आयोजन

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला समानता पर आधारित शोषण मुक्त समाज की स्थापना के उद्देश्य से एक दिवसीय किशोरी बालिका सम्मेलन का आयोजन बारातघर हसनपुर में किया गया। इस सम्मेलन में जाफरगंज व आसपास के गांवों से सैकड़ों से अधिक किशोरियों और महिलाओं ने भागीदारी कर लिंग आधारित भेदभाव के समूल विनाश का संकल्प लिया। मिलान फाउंडेशन लखनऊ के निर्देशन में उत्तर प्रदेश कोलिशन टू इम्पावर गर्ल के अंतर्गत जन विकास केंद्र भितरीडीह तथा किशोरी बालिका सशक्तिकरण कार्यक्रम द्वारा इस सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव गायत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का उत्सव मनाने का महत्वपूर्ण अवसर है। यह दिन लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रतीक है। मानवाधिकार रक्षक मनोज कुमार ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की मुख्य थीम दान से लाभ सहयोग से उत्थान है, जो महिला सशक्तिकरण के लिए उदारता, सहयोग और संसाधनों के आदान-प्रदान पर जोर देती है।

## सर्राफा व्यापारियों की सुरक्षा और समस्याओं को लेकर कोतवाली में हुई बैठक

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** रविवार को जलालपुर कोतवाली परिसर में अखिल भारतीय सर्राफा संघ के प्रदेश मंत्री शत्रुघ्न सोनी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जलालपुर कोतवाल अजय प्रताप सिंह यादव भी मौजूद रहे। इस दौरान सर्राफा व्यापारियों की सुरक्षा, व्यवसायिक गतिविधियों तथा सामाजिक स्तर पर सामने आ रही विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश मंत्री शत्रुघ्न सोनी ने सराय चौक क्षेत्र में व्यापारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वहां नियमित पुलिस व्यवस्था की मांग उठाई। बैठक के दौरान नगर के प्रमुख बाजार, विशेषकर सराय चौक में बढ़ते अतिक्रमण का मुद्दा भी प्रमुख रूप से उठाया गया, जिस पर व्यापारियों ने चिंता जताई। इस मौके पर कोतवाल अजय प्रताप सिंह यादव ने व्यापारियों को सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि सभी लोग अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाएं और उन्हें चालू स्थिति में रखें। बैठक में भाजपा नगर अध्यक्ष संदीप गुप्ता, देवेश मिश्रा, आनंद जायसवाल, रिन्नू गुप्ता, आशीष सोनी, मानिकचंद सोनी, सूरज सोनी, मनीष सोनी, सुजीत सोनी समेत कई व्यापारी और गणमान्य उपस्थित रहे।

## आजमगढ़ पुलिस ने 154 एंड्रॉयड फोन बरामद कर स्वामियों के किया सुपुर्द

**संवाददाता, आज़मगढ़। अमृत विचार :** जिले में खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। आजमगढ़ पुलिस ने 154 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिया। पुलिस ने फरवरी 2024 से अब तक कुल 3179 मोबाइल फोन बरामद कर लोगों को वापस किए जा चुके हैं। जनपद में गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत मोबाइल धारकों द्वारा सीईआईआर पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई जाती है, जिसके आधार पर पुलिस और सीसीटीएनएस प्रभारी की टीम मोबाइल फोन को ट्रेस कर बरामद करने का कार्य करती है। इसी अभियान के क्रम में फरवरी 2026 के दौरान आजमगढ़ पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल की मदद से जिले में खोए हुए कुल 154 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 38 .50 लाख रुपये बताई जा रही है। रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन आजमगढ़ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन ने बरामद मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया। अपने मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली और उन्होंने पुलिस के इस प्रयास की सराहना की। अपर पुलिस अधीक्षक चिराग जैन ने बताया कि वर्ष 2026 में अब तक कुल 351 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को वापस किए जा चुके हैं। वहीं फरवरी 2024 से अब तक के लगभग 25 माह की अवधि में कुल 3179 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 7 .885 करोड़ रुपये है।

**समीक्षा बैठक** | जिलाधिकारी ने ऑपरेटरों के वेतन भुगतान, नल कनेक्शन और मार्ग रेस्टोरेशन की स्थिति पर दिया विशेष जोर

# जल जीवन मिशन की परियोजनाएं अगस्त माह तक करें पूर्ण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं की गहन समीक्षा किया। बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण ने बताया कि जनपद में कुल 571 परियोजनाओं के सापेक्ष 165 परियोजनाओं में सभी कार्य पूर्ण कर लिया गया ह। 269 परियोजनाओं में शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 200 परियोजनाओं में शिरोपरि जलाशयों से जलापूर्ति प्रारंभ हो चुकी है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि निर्माणाधीन परियोजनाओं में अधिक से अधिक मानव संसाधन एवं मशीनरी लगाकर माहवार निर्धारित लक्ष्यों कृे अनुरूप कार्य प्रगति सुनिश्चित करने और अगस्त 2026 तक सभी परियोजनाओं के कार्य पूर्ण कर शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक परिवार तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।


कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला व परियोजना निदेशक अनिल कुमार सिंह।

जिलाधिकारी ने अवशेष घरों में प्रतिदिन दिए जा रहे नल कनेक्शनों की स्थिति, विभिनन्न परियोजनाओं में बाउंड्री वॉल निर्माण, मार्गों के रेस्टोरेशन, ऑपरेटरों के वेतन भुगतान, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायत भवनों तथा अन्य सार्वजनिक भवनों में नल कनेक्शन की स्थिति सहित परियोजनाओं में लगाए गए मजदूरों और मशीनरी की विस्तृत समीक्षा किया। जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन से संबंधित आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की भी समीक्षा किया। इस दौरान पोर्टल पर प्राप्त नेगेटिव फीडबैक श्रेणी की शिकायतों के शिकायतकर्ताओं से जिलाधिकारी ने स्वयं फोन पर वार्ता कर निस्तारण की स्थिति का फीडबैक लिया। शिकायतकर्ताओं द्वारा समाधान पर संतोष व्यक्त किया गया।

### गुणवत्ता का रखा जाए ध्यान : जिलाधिकारी

जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करना है। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा पाइपलाइन बिछाने के लिए तोड़े गए मार्गों का रेस्टोरेशन गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। पाइपलाइन बिछाने के उपरांत मार्गों को तत्काल मोटरेबल बनाया जाए तथा जनसामान्य से प्राप्त शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

## मर्दे मुजाहिद थे खामेनेई : मौलाना गौहर

**अंबेडकरनगर।** मौत लाजिम है इससे कोई फरार नहीं अख्तियार कर सकता है। सच तो यह है कि अहलबैत की मोहब्बत में दुनिया से जाने वाला शहीद है, और उसे रब की तरफ से रिस्क हासिल होता है। यह तथ्य बड़ा इमामबाड़ा मीरानपुर में प्रयागराज से आए मौलाना सैयद मोहम्मद अली गौहर ने पेश किया। वह जुल्फिकार अली, अलमदार हुसैन, महताब हुसैन व आफताब हुसैन की ओर से रहबरे मोअज्जम शहीद आयतुल्लाह सैयद अली खामेनेई ताबासराह के पुण्य के लिए आयोजित मजलिसे तरहीम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इश्के अहलबैत में संसार से जाने वाले लोग सदैव जीवित रहते हैं। उन्होंने दुरूद शरीफ का हदिया अपने दिवंगत लोगों को भेजते रहने पर बल दिया, जिससे पुण्य में वृद्धि होती रहे।



न्यूज ब्रीफ

## एमए संस्कृत की मौखिकी 12 मार्च को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** राणा प्रताप पी जी कॉलेज के एमए प्रथम सेमेस्टर संस्कृत विषय की मौखिकी/प्रायोगिकी परीक्षा 12 मार्च को प्रातः 9 बजे से महाविद्यालय में सम्पन्न होगी। आंतरिक परीक्षक डॉ नीतू सिंह ने बताया कि सम्बन्धित छात्र/छात्राएं अपने परिचय-पत्र, प्रवेश-पत्र एवं रिसर्च प्रोजेक्ट की फाइल के साथ निर्धारित तिथि एवं समयानुसार संस्कृत विभाग में उपस्थित हों।

## नारी शक्ति को समर्पित रहा गोमती मित्रों का श्रमदान

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** गोमती मित्र मंडल द्वारा हर रविवार को होने वाला साप्ताहिक श्रमदान इस बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति को समर्पित किया गया। इस दौरान महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने कहा कि संगठन द्वारा महिला प्रकोष्ठ का गठन इसी उद्देश्य से किया गया था कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा सके, क्योंकि विकसित समाज की आधारशिला नारी शक्ति ही है। मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी ने कहा कि गोमती मित्र मंडल हमेशा यह संदेश देता रहा है कि प्रकृति और समाज दोनों की रक्षा के लिए नारी शक्ति की भागीदारी बेहद जरूरी है। श्रमदान कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन, प्रबंधक राजेंद्र शर्मा, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, मुन्ना सोनी, राकेश कुमार मिश्र, राम किंवचल मौर्य, अजय प्रताप सिंह, राजेश पाठक, डॉ. कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, रामू सोनी, आलोक कुमार तिवारी सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# डबल नहर उफनाई, 10 गांवों पर मंडराया खतरा

### तीन दिन से ओवरफ्लो की स्थिति, ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग पर लापरवाही का लगाया आरोप

**बल्दीराय, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** क्षेत्र में हर्ष महाविद्यालय के पास स्थित डबल नहर इन दिनों खतरे का संकेत दे रही है। गोविंदपुर के नजदीक नहर के ओवरफ्लो होने से एक नहर का पानी दूसरी नहर में जाने लगा है, जिससे आसपास के गांवों के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते स्थिति पर नियंत्रण नहीं पाया गया तो बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

ग्रामीणों के अनुसार गोविंदपुर की ओर वाली नहर पिछले तीन दिनों से उफान पर है। पानी का दबाव इतना अधिक हो गया है कि वह दूसरी नहर में बहने लगा है। इससे नहर की कटान बढ़ने की आशंका भी तेज हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि कटान और बढ़ी तो गोविंदपुर क्षेत्र के करीब 10 गांवों में पानी घुसने का खतरा पैदा हो सकता है, जिससे सैकड़ों किसानों की खड़ी फसलें और कई घर प्रभावित हो सकते हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस समय खेतों में गेहूं समेत अन्य रबी फसलें तैयार खड़ी हैं। यदि नहर टूटती है तो किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है। ग्रामीणों का आरोप है कि समस्या पिछले तीन दिनों से बनी हुई है,



नहर के ओवरफ्लो होने से बढ़ा खतरा। ● अमृत विचार

लेकिन सिंचाई विभाग या प्रशासन की ओर से अभी तक मौके पर पहुंचकर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

क्षेत्र के निवासी वकील अहमद ने बताया कि नहर में लगातार पानी का दबाव बढ़ रहा है। यदि जल्द ही विभाग ने मरम्मत और सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए तो स्थिति गंभीर हो सकती है और पूरे इलाके में बड़ा नुकसान हो सकता है।

ग्रामीणों ने प्रशासन और सिंचाई विभाग से मांग की है कि तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण कराया जाए और नहर की मरम्मत कराई जाए, ताकि संभावित आपदा से क्षेत्र को बचाया जा सके। उनका कहना है कि समय रहते कार्रवाई हो जाए तो बड़े नुकसान को टाला जा सकता है। एसडीएम ने कहा कि संबंधित विभाग से जांच कराकर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# घर का ताला तोड़कर लाखों के आभूषण व नकदी चोरी

- अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने शुरू की जांच

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने बंद घर को निशाना बनाते हुए ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना तवक्कलपुर नगरा गांव की है, जहां परिवार के वाराणसी जाने के दौरान चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया।

गांव निवासी ब्रजेंद्र मिश्र बृहस्पतिवार को अपने पिता डॉ. मदन मोहन मिश्र के इलाज के लिए घर में ताला बंद कर वाराणसी गए थे। इसी दौरान चोरों ने सूने घर का फायदा उठाते हुए मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ दिया और अंदर घुसकर सभी कमरों के ताले भी तोड़ डाले। चोरों ने अलमारियों के लॉकर तोड़कर चांदी की एक कमरबंद, दस चांदी के सिक्के, एक चांदी की तस्तरी, दो सोने की अंगूठियां, दो हाथ घड़ी तथा करीब 16 हजार रुपये नगद चोरी कर लिए। दूसरे दिन ब्रजेंद्र मिश्र की भाभी ने फोन के माध्यम से घर का ताला टूटा होने की सूचना दी। जिस पर वह तुरंत घर पहुंचे तो देखा सामान बिखरा मिला और चोरी की पुष्टि हुई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़ित की ओर से शनिवार को दी गई तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ के दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है

# आरा मशीन पर वन विभाग ने की कार्रवाई

- बिना लाइसेंस के संचालित की जा रही आरा मशीन को उखड़वाकर पूरी तरह से किया गया ध्वस्त

**बल्दीराय, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** जिले में अवैध आरा मशीनों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बिना लाइसेंस संचालित आरा मशीन को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई जोनल प्रवर्तन दल के प्रभारी रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में की गई।

वन विभाग को सदर रेंज सुलतानपुर के विकासखंड बल्दीराय के ग्राम महादेवन में बिना वैध अनुमति के आरा मशीन संचालित होने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर प्रवर्तन दल की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जांच में पाया गया कि इजहार अहमद नामक व्यक्ति द्वारा आरा मशीन बिना लाइसेंस के संचालित की जा रही थी। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर विभागीय टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मशीन को उखड़वाकर पूरी तरह ध्वस्त कर दिया।



अवैध आरा मशीन पर कार्रवाई करने पहुंची वन विभाग की टीम।

अधिकारियों ने बताया कि अवैध आरा मशीनों के संचालन से जंगलों की अवैध कटाई को बढ़ावा मिलता है। इसे रोकने के लिए विभाग लगातार अभियान चला रहा है और भविष्य में भी ऐसी अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई के दौरान वन विभाग की टीम के अन्य सदस्य भी मौके पर मौजूद रहे।

## लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर कार-ट्रक की टक्कर

**लंभुआ, सुलतानपुर अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार और ट्रक की टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार चार लोग और ट्रक चालक बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार पाण्डेयपुर के पास एक कार अचानक अनियंत्रित हो गई। इसी दौरान पीछे से आ रहे एचआर ट्रक चालक ने कार को बचाने का प्रयास किया, लेकिन दोनों वाहन आपस में टकरा गए। कार चालक दया शंकर मिश्रा निवासी गभड़िया गोरबारिक, सुलतानपुर समेत कार में कुल चार लोग सवार थे। गनीमत रही कि हादसे में सभी सुरक्षित बच गए। वहीं ट्रक चालक जयदीप निवासी बदायूं को भी कोई चोट नहीं आई। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार और ट्रक को कब्जे में लेकर राजमार्ग को खाली कराया, जिससे यातायात सुचारु हो सका।

# पेड़ से लटकता मिला महिला का शव

**कूरेभार, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के मुजेश गांव के पास शारदा सहायक खंड-16 नहर किनारे रविवार सुबह एक पेड़ से महिला का शव लटकता मिला। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए।

ग्रामीणों की सूचना पर कूरेभार थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। मृतका की पहचान अयोध्या जनपद के बीकापुर थाना क्षेत्र के बेनीपुर निवासी दीप कुमार की पत्नी राधा (27) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार राधा की दो वर्ष की एक बेटी



घटनास्थल पर मौजूद भीड़ व पुलिस। ● अमृत विचार

- फोरेंसिक टीम ने एकत्र किए साक्ष्य, पुलिस ने शुरू की जांच

गुड़िया है और वह करीब चार माह की गर्भवती थी। घटना की सूचना मिलने पर मायके और ससुराल पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी बल्दीराय सौरभ सावंत भी मौके पर पहुंचे और पुलिसकर्मियों को मामले की गहन जांच के निर्देश दिए। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की तहरीर व पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एसएफआई की गोष्ठी में हुई महिला अधिकारों पर चर्चा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** छात्र संगठन एसएफआई ने रविवार को हसनपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के अधिकार, समानता और सशक्तिकरण को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कमेटी सदस्य अस्फियताज ने की। गोष्ठी को संबोधित करते हुए अस्फियताज ने कहा कि महिलाओं को कभी भी किसी से कमजोर नहीं समझना चाहिए। नारी ही समाज की आधारशिला है और वही घर से लेकर बाहर तक हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। संगठन के जिला सचिव दुर्गेश यादव ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्ष 1908 में न्यूयॉर्क में करीब 15 हजार महिलाओं ने अपने अधिकारों के लिए हड़ताल की थी। इसके बाद संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 1975 में 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में घोषित किया। उन्होंने सावित्री बाई फुले और फातिमा शेख के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने महिलाओं की शिक्षा के लिए संघर्ष किया और वर्ष 1848 में लड़कियों के लिए पहला स्कूल खोला। जिलाध्यक्ष सलिल धुरिया ने कहा कि महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए, चाहे वह खेल, संगीत या शिक्षा का क्षेत्र हो। महिलाओं को स्वास्थ्य, शिक्षा और अपने जीवन के निर्णय लेने का पूरा अधिकार है। कार्यक्रम में फिजा खान, महिमा प्रजापति, जिक्र फातिमा, साजिया सुल्तान, सावित्री प्रजापति, हेरा खान, दिशा त्रिपाठी, इलमा खान, पल्लवी धुरिया, कोमल, सुरभि प्रजापति, गुड़िया, निशा धुरिया, किरण, पूजा, रीता देवी, रिंशु, गंगोत्री प्रजापति, सहित कई लोग मौजूद रहे।

# नर्सिंग छात्राओं ने समाज को दिया जागरूकता का संदेश

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के देहली बाजार स्थित हर्ष ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नर्सिंग छात्राओं का लैंप लाइटिंग समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से नारी सशक्तिकरण और समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका का संदेश दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुलतानपुर डॉ. भारत भूषण ने दीप प्रज्ज्वलित कर तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद सरस्वती वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में बीएससी की छात्राओं ने "श्री गणेशा देवा" गीत पर आकर्षक प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। वहीं नर्सिंग की छात्राओं ने लैंप लाइटिंग समारोह के माध्यम से सेवा, समर्पण और मानवता की रोशनी फैलाने का संदेश दिया। इस दौरान छात्राओं ने नारी सशक्तिकरण पर केंद्रित कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए महिलाओं को एसिड अटैक जैसे अपराधों से सतर्क रहने और आत्मरक्षा के प्रति जागरूक रहने का प्रेरक संदेश भी दिया।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

- हर्ष ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में महिला दिवस पर लैंप लाइटिंग समारोह, छात्राओं ने दिया नारी सशक्तिकरण का संदेश

कार्यक्रम में संस्थान के संस्थापक माताहर्ष शुक्ला और श्यामा देवी सहित संस्था के प्रबंधक विकास शुक्ला मौजूद रहे। इस अवसर पर अयोध्या,अम्बेडकरनगर एमएलसी हरिओम पांडेय,विशाल शुक्ला, राजधर शुक्ला, राजेश तिवारी, राजेश शुक्ला, अवधेश दुबे, विशाल जायसवाल, अजय शुक्ला सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक,छात्र-छात्राएं व समस्त स्टॉफ मौजूद रहे।

## पेशी के बाद नाबालिग को जबरन ले जाकर हमला

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** दुष्कर्म की शिकार किशोरी की मां ने कोतवाली नगर पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि किशोरी के साथ पहले दुष्कर्म की घटना को लेकर मुकदमा दर्ज है, जिसमें सचिन और मुकेश नामजद आरोपी हैं। 6 मार्च को मां-बेटी मुकदमे की पेशी के लिए दीवानी कोर्ट आई थीं। पेशी के बाद आरोपी सचिन एक साथी के साथ आया और किशोरी को जबरन बाइक पर बैठाकर पयागीपुर होते हुए लोहरामऊ की ओर ले गया। आरोप है कि रास्ते में उसने शादी करने और मुकदमे में सुलह करने का दबाव बनाया। मना करने पर आरोपी ने किशोरी को जमीन पर पटक दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। नगर कोतवाल ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है।

## महिला की फोटो ले कर रहा ब्लैकमेल

**संवाददाता, सुलतानपुर अमृत विचार :** एक महिला को फोन के जरिए झांसा देकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। महिला ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार एक युवक ने फोन कर खुद को महिला का भाई बताया और धीरे-धीरे उसकी निजी जानकारी हासिल कर ली। बाद में वह महिला से मिलने भी पहुंचा और भाई बनकर उसके साथ फोटो खिंचवाई। आरोप है कि इसके बाद युवक ने महिला से अनुचित बातें करनी शुरू कर दीं और अलग-अलग तरीके से मांग करने लगा। मांग पूरी न होने पर उसने फोटो से छेड़छाड़ कर अश्लील तस्वीरें बनाकर महिला के पति और रिश्तेदारों को भेज दीं।साथ ही तीन लाख रुपये की मांग करते हुए फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड करने की धमकी भी दी। नगर कोतवाल ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने की पुष्टि की है।

# 48 घंटे बाद दफनाया जा सका शव

- विद्युत लाइन शिफ्टिंग के दौरान हुई थी मजदूर की मौत
- परिजनों के विरोध पर 3 लाख की आर्थिक सहायता पर बनी सहमति

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर**

अमृत विचार : थाना क्षेत्र के कोल्हुआमऊ के पास विद्युत लाइन शिफ्टिंग का कार्य करते समय पोल से गिरकर एक दिहाड़ी मजदूर की मौत हो गई। घटना के करीब 48 घंटे बाद रविवार शाम मृतक के पैतृक गांव में शव को दफनाया गया। विद्युत विभाग के जेई व अन्य कर्मियों की ओर से मृतक की पत्नी को तीन लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिए जाने के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए। इस दौरान सीओ जयसिंहपुर सहित दो थानों की पुलिस मौके पर मौजूद रही।जयसिंहपुर थाना क्षेत्र के हमजाबाद निवासी रंग बहादुर (24) पुत्र छीतन दिहाड़ी मजदूर था और अक्सर बिजली विभाग के कर्मियों के साथ लाइन मरम्मत के काम में जाता था। बरौंसा-बेलहरी मार्ग के चौड़ीकरण के बाद सड़क किनारे विद्युत लाइन शिफ्टिंग का काम चल रहा था। शुक्रवार शाम करीब सात बजे वह पोल पर चढ़कर काम कर रहा था, तभी अचानक नीचे गिर गया। सहकर्मियों ने उसे तुरंत सीएचसी जयसिंहपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शनिवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो परिजनों ने अंतिम संस्कार से इंकार कर दिया। उनका आरोप था कि ठेकेदार और विभाग का कोई जिम्मेदार अधिकारी पीड़ित परिवार से मिलने नहीं आया। रविवार सुबह परिजनों ने आर्थिक सहायता की मांग को लेकर नाराजगी जताई। इस दौरान कुछ संगठनों के लोग भी मौके पर पहुंच गए और पीड़ित परिवार के समर्थन में खड़े हो गए। सूचना मिलने पर मोतिगरपुर थानाध्यक्ष अशोक सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों से वार्ता की। इसी बीच बसपा जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार गौतम, रमेश कुमार त्यागी, अर्जुन सिंह पटेल समेत कई लोगों की मौजूदगी में पीड़ित परिवार और कार्यदायी संस्था जनता चरण कंस्ट्रक्शन के प्रतिनिधियों के बीच वार्ता हुई। इसमें मृतक की पत्नी और बेटे के भरण-पोषण के लिए तीन लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने पर सहमति बनी, जिसके बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हो गए। दोपहर करीब तीन बजे कुछ लोग शव लेकर दियरा चौराहा-बगिया मार्ग पर विरोध प्रदर्शन के लिए निकल पड़े, लेकिन मृतक के पिता की अपील के बाद उन्हें रोक लिया गया। इसके बाद शव को गांव में दफना दिया गया।

# नंद के आनंद भयो... के जयकारों से गूंजा पंडाल

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचारः** विकासखंड के पांडेपुर गौरा गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। आधी रात को प्रतीकात्मक रूप से भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की झांकी प्रस्तुत की गई, जिसे देखकर श्रद्धालु भक्त भावविभोर हो उठे। 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' जैसे भजनों के साथ पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालु नाचते-गाते नजर आए।

एमपी फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित कथा में कथावाचक राहुल जी महाराज ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि पृथ्वी पर अत्याचार बढ़ने पर भगवान विष्णु ने देवकी और वासुदेव के पुत्र के रूप में श्रीकृष्ण का अवतार लिया। उनका जन्म मथुरा के कारागार में हुआ, जहां जन्म के समय दिव्य प्रकाश फैल गया और सभी बेड़ियां अपने आप खुल गईं। इस दौरान सुंदर झांकियों और भजन-कीर्तन के साथ श्रद्धालुओं ने उत्सव में भाग लिया। कार्यक्रम में रमाशंकर पांडेय, दयाशंकर, करुणाशंकर, कुलदीप, अंजनी तिवारी, दिलीप, मोनू, मनु, शुभम, छोटू, अनुराग पांडेय, प्रदीप कुमार यादव, विजय बहादुर, सतीश, भोले, भाईलाल व हौसिला सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

**संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** शिक्षा क्षेत्र जयसिंहपुर क्षेत्र के मूंगर स्थित आर.ए.वी.डी स्पेक्ट्रम एकेडमी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रतिभा महोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबंधक सर्वेश कांत वर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धराधाम इंटरनेशनल प्रमुख एवं यूनाइटेड बाइबिल क्रिश्चियन यूनिवर्सिटी जिम्बाब्वे के मानद कुलपति सौहार्द शिरोमणि डॉ. सौरभ पाण्डेय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार

उपलब्धियों और उनके अधिकारों के सम्मान का दिन है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं धरती से लेकर अंतरिक्ष तक अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं और समाज के हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। विद्यालय के प्रबंधक सर्वेश कांत वर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होते हैं। प्रतिभा महोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, नाटक और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया।

उपलब्धि — बहुफसली खेती के माध्यम से अच्छी आय प्राप्त कर क्षेत्र के किसानों के लिए बन रहे मिसाल

# व्यापार छोड़ बहुफसली खेती से पहचान बना रहे किसान अरविंद

**विपिन कुमार विदेश्वरीगंज, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के पूरे शुकाल तुलसीपुर निवासी उन्नतशील किसान अरविन्द यादव ने व्यापार छोड़कर खेती को व्यवसाय के रूप में अपनाया और आज बहुफसली खेती के माध्यम से अच्छी आय प्राप्त कर रहे हैं। योजनाबद्ध तरीके से अलग-अलग नकदी व सब्जी फसलों की खेती कर वे क्षेत्र के किसानों के लिए मिसाल बनते जा रहे हैं।

अरविंद यादव इस समय लगभग 50 बीघे से अधिक भूमि पर खेती कर रहे हैं। उन्होंने 6 बीघे में हरी मिर्च की खेती किया है,मेड़ पर पॉली लगाकर हरी मिर्च के पौधों को रोपित किया है, जिससे पौधों में पानी लगने का डर नहीं रहता है और पौधे मजबूत तैयार होते हैं। 15 बीघे में मटर, 18 बीघे में अरबी, 4 बीघे में खरबूजा और 3 बीघे में खीरे की खेती की है।

### बाजार में मिल रहा अच्छा दाम

इस समय मटर की फसल तैयार होकर मंडियों में पहुंच रही है। मटर का भाव 20 से 26 रुपये प्रति किलो तक मिल रहा है, जिससे किसानों को अच्छा लाभ मिल रहा है। वहीं खीरे की फसल भी लगभग तैयार हो चुकी है और इसी सप्ताह से इसकी तुड़ाई शुरू हो जाएगी। वर्तमान में मंडी में खीरे का भाव करीब 30 रुपये प्रति किलो चल रहा है। अरबी और मिर्च की फसल भी अच्छी स्थिति में है, जबकि खरबूजा अप्रैल में बाजार पहुंचेगा। गर्मी के मौसम में खरबूजे की मांग पर बेहतर दाम मिलने की उम्मीद है।



खेत में लगे मिर्च के पौधों को दिखाते किसान अरविंद यादव। ● अमृत विचार

### बाजार और बिक्री पर ध्यान

अरविन्द यादव केवल फसल उत्पादन तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि बाजार और बिक्री व्यवस्था को भी उतना ही महत्व देते हैं। वे अपनी फसल को स्थानीय मंडियों के साथ-साथ आसपास के बड़े बाजारों में भी पहुंचाने का प्रयास करते हैं, ताकि उचित मूल्य मिल सके। उनका कहना है कि खेती में लाभ तभी संभव है जब किसान बाजार की मांग को समझकर फसल उगाएं और समय पर बिक्री की व्यवस्था करें। वे बिचौलियों पर निर्भर रहने के बजाय सीधे मंडी और व्यापारियों से संपर्क बनाकर अपनी उपज बेचने की कोशिश करते हैं।

### क्षेत्र के किसानों के लिए बने प्रेरणा स्रोत

अरविंद यादव की मेहनत और सोच आज क्षेत्र के किसानों के लिए प्रेरणा बनती जा रही है। कई किसान उनसे सलाह लेकर सब्जी और नकदी फसलों की खेती शुरू करने की योजना बना रहे हैं। अरविन्द यादव का मानना है कि यदि किसान आधुनिक तकनीक, उन्नत बीज और फसल विविधीकरण अपनाएं तथा बाजार से सीधा जुड़ाव रखें, तो खेती भी एक लाभदायक व्यवसाय बन सकती है। उनकी सफलता यह साबित कर रही है कि सही योजना और मेहनत से खेती के माध्यम से अच्छी आय अर्जित की जा सकती है।

# वॉलीबॉल में डीवीए ने स्टेडियम टीम को हराया

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में भव्य खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश और भारतीय खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में मेरा युवा भारत विभाग एवं खेल कार्यालय सुलतानपुर द्वारा फिट इंडिया महिला सप्ताह और अस्मिता कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसमें महिला खिलाड़ियों के बीच दौड़, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस और स्वदेशी खेलों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर और जिला युवा अधिकारी सुधीर पांडे की अगुवाई में किया गया। वॉलीबॉल के फाइनल मुकाबले में डीवीए टीम ने स्टेडियम टीम को तीन सेट के मैच में 2-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। दौड़ प्रतियोगिताओं में 400 मीटर सीनियर वर्ग में कशिश प्रिया ने प्रथम और साक्षी गौतम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर सीनियर वर्ग में प्रियांशी यादव प्रथम और चंद्रिका द्वितीय रहीं। 13 वर्ष आयु वर्ग की 100 मीटर दौड़ में दिव्यांशी प्रथम व अंकिता द्वितीय रहीं, जबकि 200 मीटर में दिव्यांशी ने पहला और नैंसी ने दूसरा स्थान हासिल किया। स्वदेशी खेलों के अंतर्गत इक्कम-दुक्कम, कीत-कीत और गिट्टक प्रतियोगिताएं भी कराई गईं। कीत-कीत में रिचा यादव प्रथम और अंशिका द्वितीय रहीं, जबकि इक्कम-दुक्कम में कशिश गुप्ता ने पहला और सोनाक्षी यादव ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। टेबल टेनिस एकल वर्ग में मासूम ने श्रिया मिश्रा को तीन सेट के मुकाबले में 2-1 से हराया। वहीं युगल वर्ग में श्रिया और मासूम की जोड़ी ने कल्पना और अपूर्वा की जोड़ी को लगातार दो सेट में हराकर जीत दर्ज की।

# बेटियों को एआई लैब, महिलाओं को गोनार्द मार्ट की सौगात

## विश्व महिला दिवस : जन प्रतिनिधियों और अफसरों ने अलग-अलग ब्लाकों में आयोजित कार्यक्रमों में किया प्रतिभाग

- कस्तूरबा विद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं को होगी सुविधा
- स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं बनेंगी आत्मनिर्भर

संवाददाता गोंडा


मुजेहना में लाभार्थी महिला को प्रमाण पत्र देतीं डीएम, ब्लाक प्रमुख व नगर पंचायत अध्यक्ष। ● अमृत विचार


तरबगंज में लाभार्थी महिला को प्रमाण पत्र देते विधायक प्रेम नरायन पांडेय। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले भर में कार्यक्रमों की धूम रही। महिलाओं के सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रत्येक विकास खंडों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में जिले के जन प्रतिनिधि व अफसर शामिल हुए और कस्तूरबा स्कूलों में पढ़ने वाली बेटियों के लिए बनाए गए एआई लैब व मां सिद्धीदात्री पुस्तकालय तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए निर्मित मां गौरी ज्ञान आवास व 101 गोनार्द मार्ट का उद्घाटन किया गया। विधायकों व अधिकारियों ने लाभार्थी महिलाओं को गोनार्द स्वच्छता मार्ट की चाबी सौंपी।

ब्लाक संसाधन केंद्र मुजेहना के परिसर में आयोजित समारोह में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, इटियाथोक ब्लाक प्रमुख पूनम द्विवेदी व नगर पंचायत अध्यक्ष उमा देवी ने एआईआईओटी एंड कंप्यूटर लैब, केजीबीवी तथा मां सिद्धीदात्री पुस्तकालय का उद्घाटन किया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और छात्राओं को प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य किट और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक शौचालयों पर कार्य करने वाली केयरटेकर महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 101 महिलाओं को गोनार्द स्वच्छता मार्ट की चाबियां वितरित की गईं। इसी क्रम में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में कार्यरत 68 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्रों की चाबियां भी सौंपी गईं। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी, डीसी एनआरएलएम, खंड विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

तरबगंज में मां महागौरी ज्ञान आवास का उद्घाटन मुख्य अतिथि में विधायक प्रेम नारायण पाण्डेय ने किया। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय इटियाथोक में कंप्यूटर लैब का उद्घाटन मुख्य अतिथि ब्लॉक पूनम द्विवेदी व खंड विकास अधिकारी विजय कुमार मिश्रा ने किया। कटरा बाजार के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय शाहजोत में एआई आईओटी एंड एडवांस कंप्यूटर लैब का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह व एसडीएम न्यायिक/खंड विकास अधिकारी विनीत कुमार ने किया। कार्यक्रम में कस्तूरबा बालिका विद्यालय की छात्राओं सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मनकापुर ब्लाक परिसर में नवनिर्मित ज्ञान आवास का लोकार्पण रविवार को मुख्य अतिथि विधायक रामपति शास्त्री ने किया। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख जगदेव चौधरी रहे। विधायक ने ग्राम पंचायतों में नवनिर्मित गोनार्द स्वच्छता मार्ट की चाभी देने के साथ साथ ब्लॉक परिसर में ज्ञान आवास में मां कुष्मांडा पुस्तकालय, अरगा प्रेरणा कैंटीन, स्टेशनरी शॉप का भी लोकार्पण किया। इस मौके पर जिला युवा कल्याण अधिकारी राजितराम, उपायुक्त उद्योग बाबूराम, बीडीओ गौरीशा श्रीवास्तव, मोहम्मद आजम खान, सहायक विकास अधिकारी (ग्राम्य विकास) मोहम्मद आजम खान, एडीओ पंचायत सहायक गणेश प्रताप सिंह, सीडीपीओ रमा सिंह, एपीओ अमित राव आदि मौजूद रहे।


मनकापुर में कार्यक्रम का शुभारंभ करते विधायक रमापति शास्त्री। ● अमृत विचार


कटरा बाजार में प्राथमिक विद्यालय सर्वांगपुर की प्रभारी प्रधानाध्यापिका सरस्वती तिवारी को प्रशस्ति पत्र देते विधायक बावन सिंह। ● अमृत विचार

## भ्रष्टाचार और दुर्घटना मामलों की जांच में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : आईजी


कैंप कार्यालय पर समीक्षा बैठक करते आईजी अमित पाठक। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** देवीपाटन रेंज के आईजी अमित पाठक ने रविवार को रेंज कार्यालय में जनपद गोंडा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण प्रकरणों की समीक्षा बैठक की। बैठक में भ्रष्टाचार निरोधी हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों, सड़क दुर्घटना से जुड़े मामलों की विवेचना तथा बीमा इंश्योरेंस से संबंधित संभावित अनियमितताओं पर चर्चा की गई। आईजी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायतों का निष्पक्ष परीक्षण किया जाए। यदि किसी भी प्रकरण में दोष सिद्ध होता है तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े मामलों की विवेचना की भी समीक्षा की गई। आईजी ने कहा कि दुर्घटना से संबंधित बीमा प्रकरणों में विशेष सावधानी बरती जाए और विवेचना साक्ष्यों के आधार पर की जाए, ताकि किसी प्रकार की अनियमितता या अनुचित लाभ की संभावना न रहे। उन्होंने सभी मामलों की जांच समयबद्ध तरीके से पूरी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा शिक्षा विभाग से जुड़े दर्ज एफआईआर मामलों पर भी चर्चा की गई। आईजी ने इन प्रकरणों में विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल,अपर पुलिस अधीक्षक मनोज रावत, राधेश्याम राय, क्षेत्राधिकारी सहित संबंधित थाना प्रभारी और विवेचक मौजूद रहे।

## अधिवक्ता समाज का सजग प्रहरी : राजा चतुर्वेदी


बार एसोसिएशन में मौजूद पूर्व मंत्री व पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** सिविल बार एसोसिएशन के सभागार में समाजवादी पार्टी के पूर्व राज्य मंत्री राजा चतुर्वेदी का आगमन हुआ, सर्वप्रथम पूर्व मंत्री ने नव नियुक्त कार्यकारिणी का माल्यार्पण करते हुए अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। डीबीए के अध्यक्ष रवि चंद्र त्रिपाठी, सीबीए के अध्यक्ष विजय प्रकाश त्रिपाठी व महामंत्री गौरी शंकर चतुर्वेदी व सुनील कुमार पांडेय व पूर्व अध्यक्ष सहित अन्य अधिवक्ताओं ने भी पूर्व मंत्री का माल्यार्पण कर स्वागत किया। पूर्व मंत्री ने कहा कि अधिवक्ता समाज का सजग प्रहरी होता है। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, बिंदेश्वरी प्रसाद दूबे, जिला उपाध्यक्ष सपा अशोक तिवारी, जगन्नाथ प्रसाद शुक्ला, राम आशीष त्रिपाठी, प्रदीप कुमार पांडेय, लाल बिहारी शुक्ला, रमेश चौबे, आनंद शुक्ला, रितेश यादव, रजनी त्रिपाठी सोनू त्रिपाठी, मृत्युंजय शुक्ला, संदीप तिवारी, विनोद चौबे, मनोज चौबे, शिव कुमार त्रिपाठी, महबूब अली खान, संतोष ओझा, संजय शुक्ला, उत्कर्ष त्रिपाठी, रुचि मोदी, प्रभात शुक्ला, कृष्ण मुरारी, दिनेश चंद्र त्रिपाठी, संजय तिवारी, देव पूजन मिश्रा सहित सैकड़ो अधिवक्ता मौजूद रहे।

## विधायक ने मैरेज लॉन का किया उद्घाटन

**बेलसर, गोंडा, अमृत विचार:** अब मांगलिक कार्यक्रमों के लिए मैरिज हॉल विलासिता नहीं बल्कि समय की अनिवार्य आवश्यकता बन गया हैं। यह बातें तरबगंज विधायक प्रेम नरायन पांडेय ने गोंडा-बेलसर मार्ग पर स्थित सिंहपुर में एक निजी मैरिज हॉल के उद्घाटन अवसर पर कहीं। विधायक ने कहा कि वर्तमान समय में गांवों और शहरों में जगह की भारी कमी हो रही है। ऐसे में मैरिज हॉल लोगों के लिए एक बेहतर विकल्प साबित होंगे। उन्होंने मैरिज हॉल के निर्माण के लिए आयोजक सुनील तिवारी के प्रयासों की सराहना की। उद्घाटन समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी, कटरा ब्लॉक प्रमुख भवानी भीख शुक्ल व प्रधान राम कुमार शुक्ल संतोष मिश्र, दुर्गा तिवारी, विजय मिश्र सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक की मौत

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** लखनऊ रोड स्थित करनैलगंज ब्लॉक के पास शनिवार की देर रात बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ बैठा उसका ममेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

बहराइच के जरवल कस्बा निवासी इरकान (19) पुत्र गुड्डू करनैलगंज में अपने ननिहाल आया हुआ था। शनिवार को देर शाम वह अपने ममेरे भाई अमन (13) पुत्र असलम मिस्त्री के साथ किसी काम से बाइक से लखनऊ रोड ब्लॉक की ओर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सड़क पर तीव्र मोड़ के पास रफ्तार अधिक होने के कारण बाइक अनियंत्रित हो गई और सीधे डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने इरकान को मृत घोषित कर दिया। वहीं अमन की हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल गोण्डा रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर नगर चौकी प्रभारी शिवनाथ पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

## महिलाओं को किया गया सम्मानित

**बेलसर, अमृत विचार:** गायत्री पुरम बेलसर अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं पूर्व जिला महामंत्री भाजपा अजीत सिंह रहे। अध्यक्षता ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने की। मुख्य अतिथि ने चेष्टा श्रीवास्तव जो 2001 से अद्यतन कार्यकत्री के रूप में कार्यरत हैं और इससे पूर्व उन्होंने 2 वर्ष स्थानीय इंटर कॉलेज में शिक्षिका के रूप में भी कार्य किया उन्हें अंग वस्त्र एवं साहित्य भेंट कर सम्मानित किया। राजकीय हाईस्कूल अकौनी की शिक्षिका सुमंगला को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अजीत सिंह ने कहा कि शिक्षित एवं सशक्त महिलाओं का देश की तरक्की में अहम योगदान है। इस अवसर पर प्रभा तिवारी, रेनू, वंदना रेखा आदि उपस्थित रहीं।

## कुत्तों ने बच्ची को नोचा राहगीर ने बचाई जान

**धानेपुर, गोंडा, अमृत विचार:** नगर पंचायत धानेपुर क्षेत्र में प्रसाद लेकर घर लौट रही सात वर्षीय बालिका पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। कुत्तों ने बालिका को नोचकर लहूलुहान कर दिया। मौके से गुजर रहे एक राहगीर ने ईंट-पत्थर फेंककर कुत्तों को भगाया और बालिका की जान बचाई। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

नगर पंचायत धानेपुर के गोरथनिया गांव मोहल्ला निवासी देवांशी (7) पुत्री नानबाबू यादव रविवार को गांव में एक व्यक्ति के यहां आयोजित सत्यनारायण कथा में शामिल होने गई थी। कथा समाप्त होने के बाद वह प्रसाद लेकर अकेले घर लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया और नोचने लगे जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उधर से गुजर रहे एक व्यक्ति ने बालिका की चीख-पुकार सुनकर ईंट-पत्थर फेंककर कुत्तों को खदेड़ा और उसे बचाया। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और बालिका को तत्काल सीएचसी मुजेहना ले गए, प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। यहां से भी उसे हायर सेंटर भेज दिया। गौरतलब है कि करीब एक पखवाड़े पहले भी नगर पंचायत धानेपुर के टहलुवन पुरवा गांव में बालिका मुस्कान को कुत्तों ने नोचकर मार डाला था।

## सीएचसी में कैंप लगाकर की गई महिलाओं की जांच


सीएचसी में विशेष कैंप में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**गौरा चौकी,गोंडा, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सीएचसी बभनजोत में रविवार को विशेष कैंप लगाकर गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर फल का वितरण किया गया। कैंप में सबसे पहले स्टॉफ द्वारा महिला दिवस का केक काटकर एक दूसरे को बधाई दी गई। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर तरुण मौर्या ने बताया कि महिला दिवस के अवसर पर विशेष कैंप का आयोजन किया गया। सीएचसी अधीक्षक ने आगे बताया कि महिला दिवस पर दस महिलाओं को आयुष्मान कार्ड का वितरण भी किया गया है। इस अवसर पर फार्मासिस्ट अनिल मौर्य, स्टाफ नर्स प्रतिमा सिंह, आशा रन्नु देवी उषा सहित कई लोग उपस्थित रहे।


अटल उद्यान का फीता काटकर उद्घाटन करते विधायक अजय सिंह व अन्य।

## अटल उद्यान का विधायक ने किया लोकार्पण

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** करनैलगंज विधायक अजय सिंह ने नगर पालिका व विधायक निधि से कराए गए कटरा घाट के कायाकल्प कार्य, गाड़ी बाजार में निर्मित अटल उद्यान और उद्यान परिसर में स्थापित अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा का अनावरण किया। उद्यान के बाहर बनाए गए सार्वजनिक शौचालय का लोकार्पण किया गया। विधायक अजय सिंह ने कहा कि सरयू घाट पर विभिन्न कार्यक्रमों और मेलों का आयोजन होता है, लेकिन मूलभूत जरूरतों पर पहले ध्यान नहीं दिया गया। पालिका के माध्यम से कराए गए विकास कार्यों के बाद आज सरयू घाट पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो चुका है। उन्होंने कहा कि गाड़ी बाजार में अटल उद्यान बनाकर आम लोगों के लिए खोल दिया गया है। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि रामजीलाल मोदनवाल, ईओ सुरभि पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष आशीष गिरि, अरुण कुमार वैश्य, अशोक सिंघानिया, अमित सिंघानिया, शिवनंदन वैश्य, कृष्ण गोपाल, कन्हैयालाल वर्मा, संतोष पाण्डेय, डॉ. मुख्तार आजाद, यावर हुसैन, दिनेश सिंह, सुरेश पुरवार, अनोखेलाल मोदनवाल, लक्ष्मीचंद खेतान, लिपिक आशीष सिंह, वंश बहादुर सिंह, सोनू पुरवार, अप्पू मोदनवाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## ऋषभ के साथ गए 3 युवकों पर हत्या की एफआईआर

अमृत विचार Follow UP

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र कटरा बाजार के जयराम जोत बरूहा गांव निवासी युवक ऋषभ सिंह का शव कुएं में मिलने के मामले में पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। मृतक के मां की तहरीर पर मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

जयराम जोत बरूहा गांव निवासी युवक ऋषभ सिंह बीते बुधवार को गांव के ही आफत उर्फ बुधसागर, विनय सिंह और रवि सिंह के साथ बहराइच जिले के हुजूरपुर थाना क्षेत्र के बांसगांव में लकड़ी काटने गया था, लेकिन वह वापस नहीं लौटा था। बृहस्पतिवार को बहराइच जिले के हुजूरपुर थाना क्षेत्र के भगड़वा गांव में ऋषभ सिंह का शव कुएं में मिला था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के शरीर पर कई चोटों के निशान मिलने की पुष्टि होने के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताई थी और मृतक की मां ने साथ गए तीनों युवकों पर बेटे की हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक हुजूरपुर शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि मृतक की मां की तहरीर पर आफत उर्फ बुध सागर, विनय सिंह और रवि सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## महिला की मौत का राज गहराया

- पीएम रिपोर्ट में शरीर पर मिले चोट के निशान से हत्या की आशंका

**बालपुर, गोंडा, अमृत विचार :** बालपुर चौकी क्षेत्र के चकसनिया गड़रियनपुरवा गांव में बीते 4 मार्च को संदिग्ध परिस्थितियों में हुई महिला की मौत की गुत्थी उलझ गयी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। हालांकि मौत का कारण स्पष्ट न होने के कारण पुलिस ने बिसरा जांच के लिए भेजा है। वहीं मृतका के परिवार वालों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बालपुर चौकी क्षेत्र के चकसनिया गड़रियनपुरवा निवासिनी नीलम अपने घर में अकेली रहती थी। नीलम का पति व दो बेटे रोजी रोटी के सिलसिले में पानीपत में रहते हैं। होली की सुबह नीलम का शव उसके घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला था। पड़ोस के ही रहने वाले एक व्यक्ति ने इसकी सूचना गांव के लोगों को दी थी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। पीएम रिपोर्ट में महिला के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। हालांकि उसकी मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस ने उसका बिसरा जांच के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक बिसरा रिपोर्ट आने के बाद स्थिति साफ होगी। वहीं मृतका के बेटे संजय व मनोज ने हत्या की आशंका जताई है। मनोज ने पुलिस को तहरीर देकर घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी बैठक आयोजित

**गोंडा, अमृत विचार :** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जनपद न्यायाधीश दुर्ग नरायन सिंह के निर्देशन में आगामी 14 मार्च को आयोजित होने जा रही वर्ष की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी बैठक जनपद न्यायालय के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में आयोजित की गई। बैठक राष्ट्रीय लोक अदालत की नोडल अधिकारी अपर जिला जज नम्रता अग्रवाल की अध्यक्षता व सिविल जज सीनियर डिवीजन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी सचिव अपेक्षा सिंह के संयोजन में संपन्न हुई। प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बैठक में सभी विभागाध्यक्षों को अधिक से अधिक वाद निस्तारण कराने के लिए निर्देशित किया। बैठक में अपर जिला अधिकारी आलोक कुमार, सीएमओ डॉ संतलाल पटेल, एसडीएम मनकापुर अवनीश त्रिपाठी, एसडीएम करनैलगंज नेहा मिश्रा व बीएसए अमित कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## अटल विद्यालय में प्रवेश को 771 बच्चों ने दी परीक्षा

**गोंडा, अमृत विचार :** मनकापुर स्थित अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा 6व 9 में प्रवेश के लिए रविवार को प्रवेश परीक्षा आयोजित की गयी। परीक्षा में 771 बच्चे शामिल हुए। परीक्षा के नोडल अफसर बनाए गए अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि विद्यालय में कक्षा 6 में कुल 160 सीटें (80 बालक एवं 80 बालिकाएं) तथा कक्षा 9 में कुल 61 सीटें (31 बालक एवं 30 बालिकाएं) उपलब्ध हैं। परीक्षा में कक्षा 6 के लिए कुल 499 आवेदकों में से 490 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में प्रतिभाग किया, जबकि 9 अनुपस्थित रहे। कक्षा 9 के लिए 281 बच्चों ने परीक्षा दी है। जनपदवार आंकड़ों के अनुसार कक्षा 6 में गोण्डा से 288, बहराइच से 59, बलरामपुर से 70 तथा श्रावस्ती से 73 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। वहीं कक्षा 9 में गोण्डा से 140, बहराइच से 58, बलरामपुर से 41 तथा श्रावस्ती से 42 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया।

## बहू-बेटी सम्मेलन में दी सुरक्षा की जानकारी

**नवाबगंज गोंडा, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पुलिस ने ग्रामीण अंचल में मिशन शक्ति अभियान 5 .0 के तहत बहू-बेटी सम्मेलन आयोजित कर महिलाओं और बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों और सरकारी हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में जागरूक किया गया। थानाध्यक्ष अभय सिंह के निर्देशन में मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीम ने क्षेत्र के नवाबगंज गिर्द गांव के अगमपुर मजरे में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं व किशोरियों को जागरूक किया तथा किसी भी प्रकार की घटना होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की।

## वार्षिकोत्सव में लगी विज्ञान प्रदर्शनी

**रुपईडीह, अमृत विचार :** स्वामी दयाल सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी व वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सिद्धी विनायक महाविद्यालय पिपरा बाजार के संस्थापक डॉक्टर ओ पी मिश्र ने सरस्वती जी के चित्र पर फूलमाला व पूजा अर्चन के साथ किया। इस शुभ अवसर पर उपस्थित सभी अभिभावकों व छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कटरा बाजार के विधायक बावन सिंह ने कहा कि बच्चे देश के कर्णधार होते हैं। कार्यकम में मेहनौन के विधायक विनय कुमार द्विवेदी मुन्ना भैया, प्रधानाचार्य पंकज कुमार पाठक, रमाकांत मिश्र, अवनीश पांडेय, राजकुमार तिवारी, हरीश चन्द शुक्ल, वासु देव आदि उपस्थित रहे।

प्रक्रिया — अब तक तीन सौ से अधिक कांटे हुए प्रमाणित

## इलेक्ट्रॉनिक कांटों की स्टैम्पिंग के कार्य में तेजी

गोंडा, कार्यालय

**अमृत विचार :** जनपद में सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस के तहत राशन वितरण में पारदर्शिता और सटीक माप सुनिश्चित करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक कांटों की स्टैम्पिंग का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। बाट एवं माप विभाग की ओर से चलाए जा रहे इस अभियान के तहत मार्च माह में कुल 1017 इलेक्ट्रॉनिक कांटों की स्टैम्पिंग की जानी है, जिनमें से अब तक 300 से अधिक कांटों का सत्यापन और स्टैम्पिंग का कार्य पूरा किया जा चुका है।

जनपद के सभी 16 विकास खंडों में कुल 1399 कोटेदार कार्यरत हैं। इन दुकानों पर राशन वितरण के दौरान सही वजन सुनिश्चित करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक कांटों का प्रयोग किया जाता है। इन कांटों की वैधानिक जांच और स्टैम्पिंग बाट एवं माप विभाग द्वारा की जा रही है, ताकि उपभोक्ताओं को निर्धारित मात्रा में ही खाद्यान्न मिल सके और किसी प्रकार की अनियमितता की संभावना न रहे

अधिकारियों के अनुसार स्टैम्पिंग अभियान को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए इंजीनियरों की टीम लगातार ब्लॉक स्तर पर पहुंचकर कोटेदारों के कांटों की जांच कर रही है। इस कार्य में जिला इंजीनियर शिवम शुक्ला, सहायक इंजीनियर विवेक तिवारी, कांटा इंजीनियर हिमांशु शर्मा तथा सभी संबंधित ब्लॉक इंजीनियर लगे हुए है। टीम कांटों की तकनीकी जांच के बाद उन्हें प्रमाणित कर स्टैम्पिंग कर रही रही है। जिला इंजीनियर शिवम शुक्ला ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक कांटों के स्टंपिंग एक वर्ष पूर्व हुई थी मार्च महीने में रिनीवल का कार्य किया जा रहा है, जिसके तहत स्टंपिंग का कार्य प्रारंभ हो गया है। जिन कांटों की स्टैम्पिंग पूरी हो जाती है, वे निर्धारित मानकों के अनुरूप पाए जाते हैं और राशन वितरण के लिए वैध माने जाते हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान मार्च माह के अंत तक पूर्ण कर लिया जाएगा।इस पहल से पीडीएस व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ेगी और उपभोक्ताओं को सही मात्रा में राशन उपलब्ध कराने की व्यवस्था और अधिक मजबूत हो सकेगी।


डीएसओ कार्यालय में इलेक्ट्रॉनिक कांटे की स्टैंपिंग कार्य देखते जिला इंजीनियर।

## चाइनीज मांझे से कटी युवक की गर्दन

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** चाइनीज मांझे के संपर्क में आने के कारण नवाबगंज कस्बे के रहने वाले एक युवक घायल हो गया। घटना उस समय हुई जब वह गोंडा से बाइक से अपने घर लौट रहा था। अचानक रास्ते में पतंग का मांझा उसके गले में फंस गया और तेज झटके के साथ गले को काटता हुआ निकल गया।

कस्बे के मुठ्ठीगंज मोहल्ला निवासी अधिवक्ता अब्दुल वहीद ने बताया कि उनके छोटे भाई खुर्शीद आलम गोंडा स्थित एचडीएफसी बैंक में फाइनेंस का काम करते हैं। शनिवार को वह अपना काम समाप्त कर बाइक से घर लौट रहे थे।

बताया जाता है कि जैसे ही वह गोंडा स्थित जिगर स्कूल के सामने पहुंचे, तभी हवा में उड़ रही पतंग का चाइनीज मांझा उनके गले में उलझ गया। इससे उनके गले में गंभीर चोट लग गई। घटना के बाद उन्होंने तत्काल बाइक रोकी और गले से खून बहता देख रुमाल से घाव को दबाया। किसी तरह वह घर पहुंचे, जहां परिजनों ने उन्हें डॉक्टर को दिखाया। अधिवक्ता अब्दुल वहीद ने नगर कोतवाली में शिकायत देकर चाइनीज मांझे का प्रयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।


गले में चोट का निशान।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर स्वास्थ्य विभाग की जनजागरूकता रैली

**बलरामपुर अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में गोष्ठी आयोजित की गई तथा परिसर से जनजागरूकता रैली निकालकर महिलाओं के स्वास्थ्य, सशक्तिकरण और अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने की। उन्होंने कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मान समाज के विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग महिलाओं और बालिकाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए कई कार्यक्रम चला रहा है। महिला स्वास्थ्यकर्मियों व आशा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। रैली के माध्यम से महिला स्वास्थ्य, पोषण और सशक्तिकरण से जुड़े संदेश लोगों तक पहुंचाए गए। उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशाओं व महिला स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। गोष्ठी में महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और उनके अधिकारों पर चर्चा की गई। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार शुक्ला, डॉ. मीनाक्षी चौधरी, डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव, डॉ. बी.पी. सिंह, डीपीएम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित करते सीएमओ और अन्य। ● अमृत विचार



विजेता टीम की खिलाड़ी को सम्मानित करते अतिथिगण। ● अमृत विचार

## महिलाओं को सुरक्षा और अधिकारों के प्रति किया जागरूक

बलरामपुर अमृत विचार। मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस की मिशन शक्ति और एंटी रोमियो टीम द्वारा गांवों व कस्बों में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बहू-बेटी सम्मेलन आयोजित कर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं, बालिकाओं, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों तथा समाजसेवियों ने भाग लिया। इस दौरान पुलिस टीमों ने महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, एम्बुलेंस सेवा 108, मिशन शक्ति केंद्र और वन स्टॉप सेंटर की जानकारी दी। महिलाओं को आत्मरक्षा के उपायों और साइबर अपराध से बचाव के तरीके बताए। विभिन्न थाना क्षेत्रों में सम्मेलन आयोजित किए गए। थाना गौरा चौराहा क्षेत्र के ग्राम गुलरिहा अहरौली, महाराजगंज तराई के ग्राम मुडिला, रेहरा बाजार के ग्राम अचलपुर, कोतवाली नगर के मोहल्ला नौशहरा, श्रीदत्तगंज के ग्राम भडवाजोत, हरैय्या के ग्राम धनगढ़वा, कोतवाली देहात के ग्राम बैजपुर, सादुल्लानगर के ग्राम परसिया, कोतवाली गैसड़ी के ग्राम बसंतपुर (लालपुर), जरवा के ग्राम बघेलखंड, तुलसीपुर के ग्राम मोहनपुर, गैड़ास बुजुर्ग के ग्राम पीडिया तथा महिला थाना क्षेत्र के ग्राम जमुनही में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को जागरूक किया गया।



बहू-बेटी सम्मेलन में मौजूद महिलाएं व पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

## बेसिक वॉरियर बना चैंपियन

**बलरामपुर अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर स्टेडियम में आयोजित बालिका प्रीमियर लीग 2026 का रविवार को उत्साहपूर्ण समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में बेसिक वॉरियर बलरामपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जे.एम.एस. धुरंधर को पराजित कर खिताब अपने नाम किया, जबकि जे.एम.एस. धुरंधर टीम उपविजेता रही। इससे पहले खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में जे.एम.एस. धुरंधर ने मां पाटेश्वरी वॉरियर को हराकर फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। वहीं बेसिक वॉरियर बलरामपुर ने कस्तूरबा राइटर उतरौला को पराजित कर अंतिम मुकाबले में अपनी जगह बनाने में कामयाब रही। फाइनल मुकाबले के दौरान सदर विधायक पलटू राम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन और पुलिस अधीक्षक विकास कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में बेसिक वॉरियर बलरामपुर की खिलाड़ी प्रियंका को शानदार प्रदर्शन के लिए प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और फाइनल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रतियोगिता ने साबित कर दिया है कि बेसिक विद्यालयों की बालिकाएं भी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। उन्होंने घोषणा की कि जिले की 10 प्रतिभाशाली बालिकाओं को पर्वतारोहण के लिए प्रशिक्षण देकर माउंट एवरेस्ट अभियान की तैयारी कराई जाएगी। कार्यक्रम के अंत में विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया गया।

## प्रवासी भारतीय ने की फर्जी मुकदमे से नाम हटाने की मांग

**बलरामपुर, अमृत विचार :** संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में रहने वाले प्रवासी भारतीय समेत छह लोगों के विरुद्ध जमीन विवाद का मुकदमा उतरौला कोतवाली में दर्ज है। पीड़ित मोहम्मद अमीन ने मुकदमे में उसका नाम फर्जी रूप से शामिल किए जाने की बात कहते हुए पुलिस अधीक्षक विकास कुमार से गुहार लगाई है। पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में मोहम्मद अमीन ने कहा है कि वह मूल रूप से उतरौला के बनगवां गांव का निवासी है, जो संयुक्त अरब अमीरात दुबई में रहता है। महदेइया मोड़ बनगवां में जमीन विवाद को लेकर अली शाह कुरैशी व सद्दाम हुसैन कुरैशी की ओर से उतरौला कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, जिसमें उन्हें भी आरोपित बनाया गया है। बताया कि घटना से जुड़ी तिथि पांच दिसंबर 2025 बताई गई है, जबकि वह 19 सितंबर 2025 को ही भारत से संयुक्त अरब अमीरात चले गए थे। तब से लगातार वहीं रह रहे हैं। पीड़ित ने अपने पासपोर्ट के एग्जिट स्टैंप, बोर्डिंग पास और हवाई टिकट को साक्ष्य के रूप में संलग्न करते हुए एसपी से आप्रवासन रिकार्ड की जांच कराने का अनुरोध किया है। साथ ही कहा है कि यदि उनकी अनुपस्थिति प्रमाणित हो जाती है, तो उनका नाम प्राथमिकी से हटाया जाए। झूठी शिकायत दर्ज कराने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। एसपी ने मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है।

## गायत्री शक्तिपीठ में पुस्तकालय का लोकार्पण



पूजा-अर्चना कर पुस्तकालय का लोकार्पण करते गायत्री परिवार के सदस्य।

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** गायत्री शक्तिपीठ पचपेड़वा में रविवार को पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित 108 खंडों के वाङ्मय, वेद और प्रज्ञा पुराण की स्थापना स्व. सीताराम जायसवाल की स्मृति में की गई। इस अवसर पर साहित्य विस्तार केंद्र के अंतर्गत पुस्तकालय का भी लोकार्पण किया गया तथा विभिन्न संस्कार संपन्न कराए गए। जनपद समन्वयक सत्य प्रकाश शुक्ला ने बताया कि 108 खंडों के वाङ्मय में रामायण, महाभारत, पुराण, चिकित्सा, राष्ट्र का इतिहास, भारतीय दर्शन सहित अनेक विषयों का ज्ञान समाहित है, जो पुस्तकालय में उपलब्ध रहेगा। अतिथियों का स्वागत रविकांत मिश्रा, संजय जायसवाल और अजय चौधरी ने अभिनंदन प्रतीक चिन्ह लगाकर किया। परिव्राजक श्रीराम भारती, कृष्ण कुमार पांडे, रामकुमार, उप जिला समन्वयक सीताराम वर्मा, राधे गोविंद गुप्ता, राजकुमार मोदनवाल, राजेंद्र पांडे, वृंदावन जायसवाल, सचिन सोनी सहित कई लोग मौजूद रहे। देवमंच पर रानी मिश्रा, कृष्ण कुमार पांडे और रामकुमार ने संस्कार संपन्न कराए। महिला मंडल सिद्धार्थनगर व बलरामपुर की बहनों की उपस्थिति भी सराहनीय रही।

## मां पाटेश्वरी विवि में स्थापना दिवस सप्ताह पर व्याख्यानमाला



**बलरामपुर, अमृत विचार :** मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय में स्थापना के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 9 से 14 मार्च तक स्थापना दिवस सप्ताह के अंतर्गत व्याख्यानमाला का आयोजन किया जाएगा। इसमें देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के शिक्षाविद् और विशेषज्ञ समसामयिक विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। कुलपति प्रो. रवि शंकर सिंह ने बताया कि इस व्याख्यानमाला का उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों को समकालीन विषयों से जोड़ना तथा शैक्षणिक संवाद को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षक, शोधार्थी, शोध छात्र और बड़ी संख्या में विद्यार्थी भाग लेंगे। कार्यक्रम के तहत 9 मार्च को महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ के कुलपति प्रो. संजीव कुमार 'दैनिक जीवन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग' विषय पर व्याख्यान देंगे। 10 मार्च को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रो. टी.पी. सिंह 'उच्च शिक्षा का वैश्वीकरण' विषय पर विचार रखेंगे। 11 मार्च को प्रो. पी.एन. सिंह 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 : दर्शन एवं क्रियान्वयन' विषय पर संबोधित करेंगे। 12 मार्च को लखनऊ के बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर.के. मित्तल 'भारतीय अर्थव्यवस्था : वर्तमान स्थिति और भविष्य' विषय पर व्याख्यान देंगे। 13 मार्च को संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जी.एल. शर्मा तथा 14 मार्च को वरिष्ठ पत्रकार मधुकर उपाध्याय विशेष व्याख्यान देंगे। कार्यक्रम का समापन 15 मार्च को दुर्गा शतचंडी पाठ के साथ होगा।

## एनएसएस छात्र-छात्राओं ने निकाली स्वच्छता रैली

**परसपुर गोंडा, अमृत विचार :** महाकवि तुलसीदास महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में कम्पोजिट विद्यालय पूरे रामभरोसे पाण्डेय में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन रविवार को स्वच्छता जागरूकता रैली और महिला सशक्तिकरण पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कार्यक्रमाधिकारी डॉ. सीमा तिवारी एवं डॉ अजीत सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं पूजन के साथ किया गया। इसके बाद दोनों कार्यक्रमाधिकारियों के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान विषय पर एक जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली शिविर स्थल से मजरा गड़रियन पुरवा तक पहुंची जिसमें स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाएं नैन्सी सिंह, लक्ष्मी पाण्डेय, महिमा, अंजली, दिलीप और सालिकराम सहित अन्य प्रतिभागियों ने ग्रामीणों को स्वच्छता अपनाने के लाभों के बारे में जानकारी दी और लोगों को जागरूक किया। बौद्धिक सत्र के दौरान स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण विषय पर आकर्षक रंगोली बनाई गई। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य वक्ता डॉ. श्रेयशी ठाकुर ने राष्ट्र के विकास में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला इस अवसर पर संध्या सिंह, रूजू सिंह, डॉ. अनूप शुक्ल तथा नरेन्द्र नाथ पाण्डेय ने भी अपने विचार व्यक्त किए। रंगोली प्रतियोगिता में बी ग्रुप की चैन्शी, लक्ष्मी एवं सोनिमा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ई ग्रुप के अर्पित मिश्र, दिलीप एवं सालिकराम द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि तृतीय स्थान ग्रुप सी, डी तथा ग्रुप ए को प्राप्त हुआ।

## राशन कालाबाजारी के मामले की पूर्ति निरीक्षक ने की जांच

**मनकापुर ,गोंडा, अमृत विचार :** स्थानीय विकासखंड क्षेत्र के बैरीपुर रामनाथ गांव में सरकारी राशन की कथित कालाबाजारी का मामला सामने आया है। शनिवार दोपहर अनपूर्णा भवन से राशन निकालकर बाजार में बेचने के आरोप में ग्रामीणों ने एक बैटरी रिक्शा को रोक लिया, जिस पर चावल और गेहूं की कई बोरी लदी हुई थीं। मामले की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया और खाद्यान की जांच की थी, जांच टीम का कहना है की रिपोर्ट उप जिलाधिकारी मनकापुर को दी जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार एक बैटरी रिक्शा पर करीब आठ बोरी चावल और चार बोरी गेहूं लादकर ले जाया जा रहा था। संदेह होने पर ग्रामीणों ने रिक्शा को रोककर पूछताछ की। पूछताछ में रिक्शा चालक ने बताया कि यह खाद्यान्न कोटेदार सनी तिवारी द्वारा अन्नपूर्णा भवन से निकालकर घर ले जाया जा रहा है। यह सुनते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने तत्काल प्रधान प्रतिनिधि अंकित पांडेय को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अंकित पांडेय ने डायल 112 पुलिस और उपजिलाधिकारी को मामले की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे पूर्ति निरीक्षक संजय तिवारी ने खाद्यान की जांच की, जिसमें सरकारी बोरियों में करीब 3 कुंतल 75 किलो चावल और 2 कुंतल 75 किलो गेहूं पाया गया। वहीं कोटेदार सनी तिवारी ने बताया कि यह खाद्यान्न् प्राथमिक विद्यालय में मध्यान्ह भोजन योजना के लिए ले जाया जा रहा था। हालांकि रिक्शा चालक और कोटेदार के अलग-अलग बयान सामने आने से पूरे मामले पर संदेह गहरा गया है। पूर्ति निरीक्षक संजय त्रिपाठी ने बताया कि एक वाहन पर खाद्यान्न मिला है। जांच की गयी है। जांच रिपोर्ट उप जिलाधिकारी को दी जा रही है। उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जो आरोप लगाए गए हैं उन सभी बिंदुओं पर जांच की गई है।

# मुख्यमंत्री की मां पर टिप्पणी के विरोध में भाजपा ने किया प्रदर्शन

## वीर विनय चौराहे पर बिहार के मौलाना का पुतला फूंककर जताया आक्रोश

**बलरामपुर, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष रवि कुमार मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शहर में प्रदर्शन करते हुए वीर विनय चौराहे पर बिहार निवासी मौलाना अब्दुल सलीम का पुतला दहन कर आक्रोश जताया।

भाजपा कार्यालय से निकला जुलूस वीर विनय चौराहे तक पहुंचा, जहां बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। नेताओं ने इस टिप्पणी को निंदनीय और समाज की भावनाओं को आहत करने वाला बताया। सदर विधायक पलटू राम ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ केवल प्रदेश के मुखिया ही नहीं, बल्कि गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर भी हैं। ऐसे में उनकी माता के खिलाफ की गई टिप्पणी पूरे समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली है। तुलसीपुर विधायक कैलाश शुक्ला ने कहा कि दोषी के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह 'शैलू', भाजपा जिलाध्यक्ष रवि कुमार मिश्रा, डीपी सिंह बैस, डॉ. अजय सिंह 'पिंकू', वरुण सिंह 'मोनू', चन्द्र प्रकाश सिंह 'गुड्डू', प्रवीण कुमार सिंह बिल्लू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने प्रशासन से दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की।



वीर विनय चौराहे पर मौलाना सलीम का पुतला दहन करते भाजपा कार्यकर्ता।

### मौलाना के खिलाफ केस

**बलरामपुर, अमृत विचार :** नगर कोतवाली पुलिस ने बिहार निवासी मौलाना अब्दुल सलीम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई भाजपा जिलाध्यक्ष रवि कुमार मिश्रा की तहरीर पर की गई है। जिलाध्यक्ष रवि कुमार मिश्रा ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि मौलाना अब्दुल सलीम ने एक धार्मिक जलसे के दौरान मुख्यमंत्री और उनकी माता को लेकर आपत्तिजनक और अभद्र टिप्पणी की।

# देवीपाटन मेला क्षेत्र का डीएम ने किया निरीक्षण



देवीपाटन शक्तिपीठ में मेला व्यवस्था का निरीक्षण करते डीएम और अन्य अधिकारी।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** नवरात्र पर्व को लेकर प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां देवीपाटन मंदिर और मेला क्षेत्र की व्यवस्थाओं का डीएम डॉ. विपिन कुमार जैन ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, स्वच्छता और यातायात प्रबंधन व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

डीएम ने मंदिर परिसर के आसपास चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्माणाधीन आरओबी और सड़क चौड़ीकरण कार्य की प्रगति का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), एसडीएम तुलसीपुर, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# कंट्रोल पैनल फेल, 8 घंटे ठप रही बिजली आपूर्ति

**बलरामपुर अमृत विचार :** भगवतीगंज विद्युत उपकेंद्र का कंट्रोल पैनल फेल होने से रविवार को करीब आठ घंटे तक कई मोहल्लों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप रही। लंबे समय तक बिजली गायब रहने से शहर आधे शहर में पानी का संकट खड़ा हो गया और लोग पेयजल के लिए भटकते नजर आए।

सुबह करीब 8:15 बजे अचानक सब स्टेशन के कंट्रोल पैनल में तकनीकी खराबी आ गई जिसके चलते उससे जुड़े क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली न होने से घरों में लगी पानी की मोटरें नहीं चल सकीं जिससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। कई स्थानों पर लोगों को हैंडपंप और सार्वजनिक नलों का सहारा लेना पड़ा। बिजली कटौती इतनी लंबी चली कि घरों में लगे इनवर्टर भी जवाब दे गए। सबसे अधिक दिक्कत बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों को हुई। वहीं दुकानदारों व छोटे कारोबारियों का कामकाज भी प्रभावित रहा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि भगवतीगंज उपकेंद्र पर आए दिन तकनीकी खराबी के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है लेकिन विभाग स्थायी समाधान की ओर ध्यान नहीं दे रहा है। करीब आठ घंटे बाद विभागीय कर्मचारियों ने कंट्रोल पैनल की खराबी दूर कर बिजली आपूर्ति बहाल की तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

# स्वास्थ्य मेलों में 1521 मरीजों को मिला इलाज

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद के सभी 31 पीएचसी पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया, जिसमें 1521 मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार लाभार्थियों में 635 पुरुष, 589 महिलाएं और 297 बच्चे शामिल रहे। मेलों में आए लोगों की स्वास्थ्य जांच कर रक्तचाप, शुगर, क्षय रोग, कुष्ठ, नेत्र तथा दंत रोगों की जांच की गई। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं की जांच, परिवार नियोजन संबंधी परामर्श और बच्चों का टीकाकरण भी किया गया। मेले में आयुष्मान भारत योजना, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। दवा वितरण केंद्र के माध्यम से मरीजों को निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गईं।

# बाइकें टकरायीं, दो लोगों की मौत

**महाराजगंज तराई, बलरामपुर अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत कौवापुर मोड़ के पास दो बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

ग्राम सुगानगर निवासी जगनरायन ने बताया कि उनके बेटे अजय कुमार (23) और मनोज कुमार (20) बाइक से दवा लेने के लिए बलरामपुर जा रहे थे। इसी दौरान कौवापुर मोड़ के पास जयनगरा गांव की ओर जा रहे शकील (25) की बाइक से उनकी आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों और पुलिस की मदद से घायलों को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल बलरामपुर भेजा गया। अस्पताल में उपचार के दौरान मनोज कुमार और शकील की मौत हो गई, जबकि अजय कुमार का इलाज चल रहा है।

प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि दुर्घटना में शामिल दोनों बाइक सवारों ने हेलमेट नहीं पहन रखा था। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है।

### कार-ई-रिक्शा में टक्कर, कई यात्री घायल

**महाराजगंज तराई, बलरामपुर, अमृत विचार :** बौद्ध परिपथ पर शिवानगर के पास शनिवार शाम ई-रिक्शा और कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में ई-रिक्शा सवार यात्रियों व चालक को मामूली चोटें आईं। ग्रामीणों और पुलिस की मदद से घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। राम बहादुर यादव निवासी रजवापुर सहियापुर थाना महाराजगंज तराई ई-रिक्शा से सवारियां लेकर तुलसीपुर से बलरामपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान दूसरी दिशा से आफताब अपनी कार से तुलसीपुर की ओर जा रहे थे। शिवानगर के पास दोनों वाहनों की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। थाना प्रभारी संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि हादसे में चालक व कुछ यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं। सभी घायलों का उपचार कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

जागरूकता अभियान

सरयू डिग्री कॉलेज के एनएसएस शिविर में स्वच्छता व साक्षरता पर जोर

# ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** रविवार को सरयू डिग्री कॉलेज द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वच्छता एवं साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान स्वयंसेवकों की 10 टोलियां बनाई गईं, जिनका नेतृत्व रोहित, महक, वंदना, अंजलि, दीपिका, पूनम आदि ने किया। स्वयंसेवकों ने विभिन्न स्लोगनों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता और शिक्षा के प्रति जागरूक किया। स्वच्छ भारत, साक्षर भारत यही हमारा सपना है, कचरा हटाओ, ज्ञान बढ़ाओ और पढ़ाई और सफाई, यही है सच्ची भलाई जैसे नारों से वातावरण गुंजायमान रहा।

दूसरे दिन के बौद्धिक कार्यक्रम में समाज में युवाओं की भूमिका विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरबी सिंह रहे।

उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि युवा ऊर्जा, नवीन विचारों और कड़ी मेहनत के प्रतीक होते हैं, जो देश की प्रगति और सामाजिक बदलाव के मुख्य स्तंभ हैं। वहीं डॉ. विजय यादव ने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। युवा उत्थान के बिना राष्ट्र का उत्थान संभव नहीं है। कार्यक्रम का संचालन जगन्नाथ तिवारी ने किया, जबकि पवन कुमार मिश्रा ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए अगले दिन के कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर सृष्टि, छवि कश्यप, गोल्डी, रोशनी, बसु, किरण, विमल, आशीष, रुचि, गुड़िया समेत अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



करनैलगंज में ग्रामीणों को जागरूक करते एनएसएस के स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

# निर्धारित मूल्य से अधिक पर गैस बिक्री बर्दाश्त नहीं

● डीएम ने एजेंसी संचालकों को दी सख्त चेतावनी

**बलरामपुर, अमृत विचार :** रसोई गैस सिलेंडरों की आपूर्ति और कीमतों को लेकर आ रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए डीएम विपिन कुमार जैन ने गैस एजेंसियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर निर्धारित मूल्य पर उपलब्ध करायी जाए और जमाखोरी या कृत्रिम अभाव उत्पन्न करने की कोशिश न की जाए।

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में जनपद में गैस सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य है और कहीं भी आपूर्ति बाधित नहीं है। उन्होंने बताया कि पहले 14 किलोग्राम रसोई गैस सिलेंडर का मूल्य 924 रुपये था, जिसे 7 मार्च 2026 से बढ़ाकर 984 रुपये प्रति सिलेंडर कर दिया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि जनपद में 42 गैस एजेंसियां संचालित हैं। इनमें इंडियन ऑयल की 16, भारत पेट्रोलियम की 14 तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम की 12 एजेंसियां शामिल हैं। डीएम ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी एजेंसी द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूली, जमाखोरी या कृत्रिम अभाव पैदा करने की शिकायत मिली तो संबंधित एजेंसी पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**आवश्यकता है**

**बैकुंठनाथ महाविद्यालय करनैलगंज गोण्डा**

में प्राचार्य एवं स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में प्रवक्ता की। प्राचार्य एक पद। अर्हता प्राचार्य नेट व पी0एच0डी0 तथा 15 वर्ष का शिक्षण कार्य का अनुभव। प्रवक्ता विषय स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में जन्तु विज्ञान, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान एवं गणित प्रत्येक विषय में एक एक पद। अर्हता प्रवक्ता नेट या पी0एच0डी0। वेतनमान यू0जी0सी0 एवं विश्वविद्यालय के परिनियमावली के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 15 कार्य दिवस में अपने समस्त शैक्षिक अभिलेख के साथ महाविद्यालय में सम्पर्क करें

प्रबंधक –रुद्र नाथ मिश्र
मो0–80527 14946

## न्यूज ब्रीफ

### तीन वाहनों की टक्कर में दो चालक घायल

पयागपुर (बहराइच)। गोंडा–बहराइच मार्ग पर खुटेहना चौराहे के समीप बनकटा फील्ड के पास रविवार को हुए सड़क हादसे में रोडवेज बस समेत तीन वाहन आपस में टकरा गए। दुर्घटना में दो वाहन चालक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गोंडा की ओर से आ रही रोडवेज बस और बहराइच की दिशा से आ रही डीसीएम गाड़ी के बीच आमने–सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के दौरान पास से गुजर रही पार्सल की छोटा हाथी भी उसकी चपेट में आकर पलट गई हादसे में डीसीएम चालक राजन पुत्र रघुनंदन निवासी पड़री कृपाल, बड़ागांव (जनपद गोंडा) को गंभीर चोटें आईं, जबकि पार्सल वाहन के चालक को भी चोट लगने की जानकारी मिली है। स्थानीय लोगों ने घायलों को तत्काल एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी पयागपुर भिजवाया ग्रामीणों का कहना है कि दुर्घटना तेज रफ्तार के कारण हुई हो सकती है।

### दो पक्षों में हुई मारपीट में दो लोग घायल

**श्रावस्ती :** इकौना थाना क्षेत्र के महेसरा सोनरई गांव में शनिवार देर रात दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें दो लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि कुछ बच्चे छत पर खड़े पेशाब कर रहे थे। इस दौरान बगल के रहने वाले दूसरे पक्ष के लोगों ने नाराजगी जताई। इसी बात को लेकर देर रात को दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष के दो लोग अवधेश व एक अन्य घायल हो गए।

### नालियों की नहीं हुई साफ-सफाई

**श्रावस्ती :** सिरसिया विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत परसोहना में कई महीनों से नालियों की साफ सफाई नहीं हुई है। इससे नालियां कचरे से बजबजा रही है। नालियों से काफी दुर्गन्ध आती है जिससे लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वहीं जलजमाव व कीचड़ के बीच मच्छरों का प्रकोप बढ़ा हुआ है और संक्रमक बीमारियां फैल रही हैं। लोगों ने बताया कि नाली की सफाई न होने से पानी ओवरफ्लो हाकर सड़क पर एकत्र हो रहा है।

### सड़क हादसे में घायल पीआरडी जवान की मौत

**श्रावस्ती :** सोनबरसा में शनिवार को दो बाइकों में हुई भड़ंत में घायल पीआरडी जवान की मौत हो गई। जिला अस्पताल से चिकित्सकों ने घायल को ट्रामा सेन्टर लानऊ रेफर किया था। परिजन घायल पीआरडी जवान को लखनऊ ले जा रहे थे, इस दौरान रास्ते में घायल ने दम तोड़ दिया। सिरसिया थाना क्षेत्र के बेचईपुरवा निवासी पीआरडी जवान राधेश्याम कुलदीप (55) पुत्र कन्हैया लाल शनिवार दोपहर बाद बाइक से भिनगा से वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान सिरसिया डाकघर में तैनात डाककर्मी हरियाणा प्रदेश निवासी साहिल (30) व सिरसिया के दुर्गापुर निवासी अभय तिवारी (28) पुत्र राधेश्याम एक ही बाइक से डाक लेकर भिनगा जा रहे थे। भिनगा सिरसिया मार्ग पर सोनबरसा गांव के पास दोनों के बीच टक्कर हो गई थी। जिसमें राधेश्याम व साहिल को सीएचसी सिरसिया पहुंचाया गया। जहां से दोनों को जिला अस्पताल भिनगा रेफर किया गया था। जिला अस्पताल से दोनों को ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया गया। परिजनों दोनों को लेकर ट्रॉमा सेन्टर लखनऊ जा रहे थे। रास्ते में पीआरडी जवान राधेश्याम ने दम तोड़ दिया। वहीं साहिल को ट्रामा सेन्टर लखनऊ में भर्ती कराया गया है। मौत के बाद परिजन शव लेकर घर चले आए। शव घर पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया।

# पीपा पुल निर्माण से जाम से मिलेगी राहत

## ▶ संजयसेतु पर बढ़ते दबाव और लगातार लग रहे जाम को देखते हुए पीपा पुल का निर्माण कार्य शुरू

जरवल रोड, बहराइच





जेसीबी के माध्यम से पीपा पुल का निर्माण कार्य करते मजदूर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** घाघराघाट स्थित संजय सेतु पर बढ़ते दबाव और लगातार लग रहे जाम को देखते हुए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने वैकल्पिक डबल लाइन पीपा पुल के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया है। पुल तैयार होने के बाद छोटे वाहनों, मोटरसाइकिल, साइकिल और पैदल यात्रियों का आवागमन इसी मार्ग से कराया जाएगा, जिससे क्षेत्रीय लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

पीडब्ल्यूडी के अनुसार संजय सेतु और एल्गिन ब्रिज के बीच दो लेन का पीपा पुल बनाया जाएगा। पुल निर्माण के लिए कुल 208 पीपों की मांग की गई थी और अब पीपों का आना भी शुरू हो गया है। निर्माण कार्य से जुड़े तिलक राम लोधी के अनुसार शुरुआती चरण में लगभग 170ऐ पीपों से पुल तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जबकि शेष पीपे भी जल्द ही पहुंच जाएंगे।

अवर अभियंता अनंत मौर्य ने बताया कि पीपा पुल के लिए पहले अप्रोच मार्ग का निर्माण भी शुरू कर दिया गया है। सबसे पहले रामनगर की ओर से रैंप तैयार किया जा रहा है, ताकि निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ सके।

पुल का निर्माण तीन चरणों में किया जाएगा। पहले पीपों को नदी में मजबूती से जोड़कर प्लेटफॉर्म तैयार किया जाएगा, उसके बाद उनके ऊपर लकड़ी के पटरे बिछाए जाएंगे और अंत में लोहे की चादर लगाई जाएगी, जिससे आवागमन सुरक्षित हो सके।

पुल तैयार होने के बाद मोटरसाइकिल, साइकिल, पैदल और अन्य छोटे वाहन पीपा पुल से गुजरेंगे, जबकि ट्रक, डंपर और भारी वाहन बहराइच से चहलारी घाट होकर तथा गोंडा–अयोध्या मार्ग से लखनऊ की ओर डायवर्ट किए जाएंगे।

विभाग की ओर से पीपा पुल को एक से डेढ़ माह में तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। हालांकि प्रयास है कि लगभग एक माह के भीतर ही पुल पर आवागमन शुरू करा दिया जाए, ताकि इसके बाद संजय सेतु को बंद कर उसकी मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया जा सके।

**दो सप्ताह से धीमी रफ्तार:** पुल मे गैप जायदा होने के कारण पिछले दो सप्ताह से वाहनों की गति काफी धीमी कर दी गई है, जहां पर ज्यादा उसे स्थान से वाहन अपने दाहिने तरफ से निकलते हैं जिससे जाम की समस्या और बढ़ गई है।

**प्रशासन ने की अपील:** पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि जिन्हें ट्रेन या हवाई यात्राके लिए निकलना हो, वे घाघराघाट मार्ग पर जाने से पहले जाम की जानकारी जरूर ले लें और संभव हो तो वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें।

### भीषण जाम से लोग थे परेशान

पुल पर गैप काफी बढ़ गया है। बढ़े गैप स्थान पर मिट्टी भरकर प्लास्टिक की बोरी लगाई गई है तथा संजय सेतु पर दिन और रात में चार से पांच बार भारी जाम लग रहा है। घाघराघाट से झुकिया तक वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं, जिससे यात्रियों और स्थानीय लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### दो जिलों की पुलिस के लिए था चुनौती

पुल के पूर्वी छोर पर जरवल रोड पुलिस और पश्चिमी छोर पर रामनगर पुलिस लगातार जाम खुलवाने में जुटी रहती है, लेकिन वाहनों का दबाव अधिक होने के कारण स्थिति नियंत्रित करना चुनौती बना हुआ है।

# 6 साल बाद पटरी पर लौटेगी नकहा-लखनऊ पैसेंजर

जरवल रोड (बहराइच)

## सुविधा

- ट्रेन शुरू होने से जनपद के यात्रियों को मिलेगी बड़ी राहत



स्टेशन पर खड़ी ट्रेन। (फाइल फोटो)

**अमृत विचार।** रेलवे ने क्षेत्र के यात्रियों को बड़ी राहत देते हुए नकहा–लखनऊ पैसेंजर ट्रेन को फिर से शुरू करने का फैसला किया है। यह ट्रेन कोविड महामारी के दौरान 23 मार्च 2020 से निरस्त चल रही थी।

करीब छह साल से बंद पड़ी इस ट्रेन को अब रेलवे बोर्ड ने हरी झंडी दे दी है और उम्मीद है कि अगले सप्ताह से यह दोबारा पटरी पर दौड़ने लगेगी। इस ट्रेन को पुनः शुरू कराने में केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर पत्र देकर लखनऊ गोंडा पैसेंजर ट्रेन चलाने की मांग की थी कि क्षेत्रीय यात्रियों की सुविधा को देखते हुए नकहा–लखनऊ पैसेंजर ट्रेन को जल्द शुरू किया जाए। उनकी मांग पर विचार करते हुए रेलवे विभाग ने अब इसे मंजूरी दे दी है।

इस बार ट्रेन के रूट में थोड़ा बदलाव भी किया गया है। अब यह ट्रेन लखनऊ के डालीगंज स्टेशन तक जाएगी। सुबह चलने वाली ट्रेन संख्या 55061 नकहा से रवाना होकर सुबह 09:25 बजे डालीगंज पहुंचेगी, जबकि वापसी में ट्रेन संख्या 55062 शाम 05:20 बजे डालीगंज से नकहा के लिए प्रस्थान करेगी।

रेलवे प्रशासन की जानकारी अनुसार, रेक की व्यवस्था होते ही इस ट्रेन का विधिवत संचालन शुरू कर दिया जाएगा। जनपद में निरस्त ट्रेन के दोबारा शुरू होने से बहराइच, गोंडा, बारांबकी और आसपास के क्षेत्रों के हजारों यात्रियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। जिससे उन्हें आवागमन में सुविधा मिलेगी।

# मार्ग दुर्घटना में एक युवक की मौत और एक गंभीर

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** बौद्ध परिपथ पर तिलकपुर के निकट बाइक को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दिया। घटना में बाइक सवार दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें सीएचसी लाया गया। यहां चिकित्सक ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे युवक को बहराइच रेफर किया गया है।

इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत किड़िहौना के मजरा धोबियनपुरवा निवासी मनीष पासवान (22) पुत्र कुंवर बहादुर पासवान शनिवार को अपने रिस्तेदारी में गिलौला के बेलवा खतीव गांव आया था। यहां से देर शाम को रिस्तेदार सुनील कुमार (21) पुत्र मौनीदास के साथ बाइक से इकौना के सीताद्वार वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। देर रात दोनों सीताद्वार से वापस वेलवा खतीव गांव लौट रहे थे। गिलौला पहुंचकर दोनों बहराइच क्षेत्र स्थित किसी गांव आपने मामा के घर जाने लगे। इस दौरान गिलौला के ही तिलकपुर गांव के पास पहुंचते ही सामने से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीररूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी गिलौला में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने मनीष पासवान को मृत घोषित कर दिया। जबकि सुनील की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया गया। वहीं पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गिलौला थानाध्यक्ष आशीष कुमार ने बताया की शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# डिवाइडर से टकराई बाइक, युवक की मौत

## भाई गंभीर

जरवल रोड (बहराइच)

**अमृत विचार।** गोंडा जनपद के करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र में शनिवार देर रात हुए सड़क हादसे में जरवल कस्बा निवासी 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसका 13 वर्षीय ममेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल गोण्डा रेफर किया गया जरवल रोड थाना क्षेत्र के जरवल कस्बा निवासी इरकान शनिवार शाम अपने ममेरे भाई अमन (पुत्र असलम मिस्त्री) के साथ बाइक से लखनऊ रोड स्थित ब्लॉक की ओर जा रहा था। रास्ते में तीव्र मोड़ के पास तेज रफ्तार के कारण बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।

हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने इरकान को मृत घोषित कर दिया। वहीं अमन की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल गोण्डा रेफर कर दिया गया। सूचना पर नगर चौकी प्रभारी शिवनाथ पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### सड़क हादसे में शिक्षामित्र की मौत



सुरेश वर्मा की फाइल फोटो।

जरवल रोड (बहराइच)। जरवल रोड थाना अंतर्गत लखनऊ बहराइच मार्ग ओवरब्रिज के निकट विकासखंड करनैलगंज के प्राथमिक विद्यालय कोनहटा में कार्यरत शिक्षामित्र सुरेश कुमार वर्मा (45) की सड़क हादसे में घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना से क्षेत्र के शिक्षकों व शिक्षामित्रों में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार सुरेश कुमार वर्मा पुत्र रामसुंदर वर्मा निवासी ग्राम भूलियापुर शुक्रवार देर शाम अपनी बाइक से कहीं गए थे। वापस घर लौटते समय जरवल रोड थाना क्षेत्र के लखनऊ–बहराइच मार्ग पर स्थित ओवरब्रिज के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद उन्हें एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। लेकिन परिजन बेहतर इलाज की उम्मीद में उन्हें लखनऊ के एक निजी अस्पताल ले गए। शनिवार देर शाम को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सुरेश कुमार वर्मा के निधन की खबर से क्षेत्र के शिक्षकों, शिक्षामित्रों और स्थानीय लोगों में गहरा शोक व्याप्त है।

# डेढ़ माह बाद भी पुलिस के हाथ खाली

दिलीप पांडेय, पयागपुर (बहराइच)

## जगदेव यादव हत्याकांड

- खेत में हुई थी पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य की हत्या, आक्रोश



जगदेव यादव की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** अपराध और अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस का दावा करने वाली पुलिस की कार्यप्रणाली पर जगदेव यादव हत्याकांड एक बड़ा सवालिया निशान बन गया है। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य की जघन्य हत्या को डेढ़ महीने से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन पुलिस अब तक हत्यारों की परछाई तक भी नहीं पहुंच सकी है। अपराधी आज भी खुले आसमान के नीचे घूम रहे हैं, जिससे पीड़ित परिवार में असुरक्षा और समाज में भारी रोष व्याप्त है।

विदित हो कि बीती 13 जनवरी को पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य जगदेव यादव की उनके केले के खेत में बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज वारदात के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। मौके पर पहुँचे आला अधिकारियों ने जल्द ही घटना का अनावरण करने और आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजने का लंबा-चौड़ा दावा किया था। लेकिन हफ्तों की तफ्तीश के बावजूद पुलिस के हाथ कोई ठोस सुराग नहीं लगा है। इस हत्याकांड ने सियासी गलियारों में भी खूब हलचल मचाई। वर्तमान विधायक सुभाष त्रिपाठी, पूर्व मंत्री यासिर शाह, और पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव समेत समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर न्याय दिलाने का पुरजोर भरोसा दिलाया था। राजनेताओं के इस जमावड़े और कड़े बयानों के बावजूद जमीनी स्तर पर जांच ढाक के तीन पात साबित हो रही है।

**बेटे की बढ़ रही बेचैनी:** मृतक जगदेव यादव के पुत्र व सभासद विष्णु यादव न्याय के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। विष्णु ने कई बार पुलिस प्रशासन और जन-प्रतिनिधियों से गुहार लगाई है कि उनके पिता के हत्यारों को बेनकाब किया जाए। विष्णु यादव का कहना है कि समय बीतने के साथ-साथ साक्ष्य मिटने का डर है, लेकिन पुलिस की सुस्त चाल अपराधियों को बचाने जैसा संकेत दे रही है। क्षेत्र में चर्चा है कि यदि समय रहते पुलिस ने कड़े कदम नहीं उठाए, तो अपराधियों के हौसले और बुलंद होंगे। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस हाई-प्रोफाइल मामले में पुलिस की विफलता कानून व्यवस्था पर एक गहरा धब्बा है। फिलहाल, पूरा क्षेत्र पुलिस की अगली कार्रवाई और हत्यारों की गिरफ्तारी के इंतजार में है।

# राप्ती नदी के पुल के नीचे पानी में मिला अधेड़ का शव

इकौना (श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** राप्ती नदी पर बने पुल के नीचे पानी में एक अधेड़ व्यक्ति का शव तैरता देखा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराई। साथ ही पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

इकौना थाना क्षेत्र के अंधरपुरवा गांव के पास राप्ती नदी पर बने पुल के नीचे रविवार को एक अधेड़ का शव पड़ा देखा गया। लोगों की ओर से घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर इकौना थाना प्रभारी निरीक्षक परमानंद तिवारी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। वहीं घटना की सूचना पर इकौना सीओ भरत पासवान भी मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। फारेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए। साथ ही पुलिस की ओर से शव की पहचान कराई गई। जिसकी पहचान जनपद बहराइच थाना पयागपुर के ग्राम पंड़री निवासी ऊदल (45) पुत्र छोटे के रूप में हुई। पुलिस की ओर से परिजनों को मौके पर बुलाया गया। जिसके बाद पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। परिजनों के अनुसार ऊदल शनिवार को इलाज कराने इकौना के लिए घर से निकला था। लेकिन शाम तक वह घर नहीं लौटा। परिजन उसकी मोबाइल पर बार बार फोन कर रहे थे लेकिन काल रिसीव नहीं हुआ। परिजनों की ओर से उसकी तलाश की जा रही थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि परिवार के लोगों ने बताया कि उनकी ओर से पयागपुर थाने में गुमुशुदगी दर्ज कराई गई थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### बंद पिंजड़े में कैसे कैद होगा तेंदुआ





वन विभाग की ओर से लगाया गया पिंजरा व कैमरे का खाली बाक्स।

**खैरीघाट (बहराइच), अमृत विचार।** खैरीघाट थाना क्षेत्र के एकघरा ग्राम पंचायत के बाजपुरवा गांव में तेंदुए की दहशत के बीच वन विभाग की लापरवाही सामने आई है। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे मौके पर पहुंचे पत्रकारों को सरयू नदी के कछार में लगाया गया पिंजड़ा बंद मिला। पिंजड़े में न तो बकरी बंधी थी और न ही कोई चारा रखा गया था, जिससे ग्रामीणों में नाराज़गी देखी गई। वहीं ट्रैप कैमरे के नाम पर केवल पेड़ से बंधा लोहे का बॉक्स मिला, जबकि कैमरा मौके पर मौजूद नहीं था।, जब वन रेंज अधिकारी पियूष गुप्ता से बात की गई तो उन्होंने कहा कैमरे लगवाए गए थे सुबह कैमरे को खोल लिया गया है और कैमरे को चैक करने के लिए यहां लाया गया ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग केवल खानापूर्ति कर रहा है, जबकि गांव में तेंदुए का खतरा लगातार बना हुआ है। इसी बीच घटना स्थल से करीब 300 मीटर दूर छविनाथ यादव के घर शनिवार सुबह करीब 6 :25 बजे तेंदुआ पहुंच गया और वहां से एक पालतू कुत्ते को उठा ले गया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और ग्रामीणों ने रात में घरों से बाहर निकलना कम कर दिया है। गौरतलब है कि गुरुवार शाम इसी गांव में तेंदुए ने 7 वर्षीय बालिका आफरीन पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घायल बच्ची का इलाज मेडिकल कॉलेज बहराइच में चल रहा है इस मामले में डीएफओ सुंदरेश कुमार ने बताया कि ट्रैप कैमरे के मामले की जांच कराई जाएगी। उधर ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुए की गतिविधियां अब दिन में भी देखी जा रही हैं, जिससे वन विभाग के दावों पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### होली मिलन समारोह का आयोजन

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** कांग्रेस पार्टी के जिला कार्यालय में रविवार को जिलाध्यक्ष विद्यामणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाया और गले मिलकर भाईचारे का संदेश दिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि होली आपसी मनमुटाव को भूलकर साथ खुशियां मनाने का त्योहार है। यह हमें भाईचारा, सद्भाव व सामाजिक एकता का संदेश देता है। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को शुभाकामनाएं दी। इसके बाद बैठक कर आगामी रणनीतियों पर चर्चा की गई। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मो असलम खान, चंद्रपाल सिंह यादव, पिछड़ा वर्ग प्रदेश सचिव मायाराम मादव आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर हुई बैठक

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** आगामी 14 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन को लेकर शनिवार शाम को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के विश्राम कक्ष में बैठक की गई। बैठक में सभी प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। अपर जिला जज अवनीश गौतम, व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रद्युम्न कुमार मिश्र ने बैठक में उपस्थित सभी प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारित कराएं। उन्होंने निर्देश दिया कि वादों को नियत कर तामीला के लिए नोटिस भेजा जाय। बैठक में एडीएम अशोक कुमार, सीओ आलोक कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### हाईमास्ट लाइट खराब, पसरा रहता है अंधेरा

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** सिरसिया विकास क्षेत्र के चिल्हरिया मोड़ पर रवि त्रिपाठी के घर के सामने लगा हाईमास्ट लाइट कई सालों से खराब है। जिसे अभी तक ठीक नहीं कराया गया है। चिल्हरिया मोड़ भारत नेपाल सीमा से सटे होने के साथ ही सोहेलवा जंगल के नजदीक है। यहां जंगली जानवरों के आने का खतरा रहता है। लोगों का कहना है कि रात में प्रकाश की व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए लाखों खर्च कर हाईमास्ट लाइट लगवाया गया था। गुणवत्ता ठीक न होने के कारण यह लाइट कुछ ही महीनों में खराब हो गया। जिसके बाद जिम्मेदारों की ओर से इसे ठीक नहीं कराया गया है।

### उजड़ी इंटरलाकिंग सड़क से हो रही समस्या

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** सिरसिया विकास क्षेत्र के सिरसिया बाजार स्थित हनुमान मंदिर चौराहे से नूतनबस्ती को गए मार्ग की इंटरलाकिंग महीनों से उजड़ी हुई है। कई स्थानों पर गड्ढे बने हुए है। इससे लोगों को आवागमन में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत ठेकेदार की ओर से इंटरलाकिंग सड़क को खोदकर पाइप लाइन डाला गया था। लेकिन सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई। जिससे इंटरलाकिंग की ईंटे उजड़ी हुई हैं और जगह जगह गड्ढे बने हुए है। इससे लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

### पत्नी से विवाद पर पति ने ब्लेड से काटा गला

**बछरावां (रायबरेली)।** थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत एक निमंत्रण में शामिल होने आये एक युवक ने फोन पर अपनी पत्नी से हुए विवाद के पश्चात ब्लेड से अपना गला काट लिया। उसे अस्पताल पहुंचाया गया है। घायल युवक रंजीत पुत्र राम प्रसाद निवासी बतौना थाना नगराम जनपद लखनऊ अपनी किसी रिश्तेदारी में आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए थाना क्षेत्र के कस्बे में आया हुआ था। वहीं पर उसकी पत्नी से फोन पर कुछ कहासुनी हो गई। विवाद से आहत होकर उसने ब्लेड से अपना गला काट लिया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा पहुंचाया, जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

## आयोजित हुए विविध कार्यक्रमों में उत्कृष्ट कार्य के लिए 35 महिलाओं को किया गया सम्मानित

# किसी भी क्षेत्र में महिलाओं की उपलब्धि कम नहीं : विधायक

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** जिले में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस लाइन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। साथ ही यहां विधायक व अधिकारियों की ओर से उत्कृष्ठ कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मनित किया गया। इस दौरान 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का समापन किया गया।

महिला कल्याण विभाग एवं एसोसिएशन फॉर वालेंटरी एक्शन के तत्वावधान में पुलिस लाइन स्थित लव कुश सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विधायक राम फेरन पांडेय, जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, एडीएम अमरेन्द्र कुमार वर्मा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजय कुमार यादव, सीओ समीश शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। साथ ही कार्यक्रम में मौजूद लोगों को बाल विवाह उन्मूलन के प्रति जागरूक रहने तथा बाल विवाह न होने देने की शपथ दिलाई गई। वहीं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 35 महिलाओं को प्रशस्ति-पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

विधायक ने कहा कि आज किसी भी क्षेत्र में महिलाओं की उपलब्धि किसी से कम नहीं है। साथ ही सात ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किए जाने पर उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बच्चों की ओर से स्वागत गीत व सांस्कृतिक प्रस्तुत किए गए। इसी तरह सीएचसी मल्हीपुर में अधीक्षक डा रविन्द्र कुमार सोनकर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित किया। 62वीं वाहिनी एसएसबी कैम्प भिनगा में केक काटकर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस दौरान संदीक्षा अध्यक्ष प्रेरणा शर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। उन्होंने महिलाओं व एसएसकी महिला कार्मिकों को जागरूक किया। सहायक कमांडेन्ट डॉ. कल्पना महादेव पाटील ने उत्तम स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार, उचित पोषण तथा नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व की जानकारी दी।

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का समापन



सम्मान समारोह में मौजूद महिलाएं।

**बहराइच।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला डिग्री कॉलेज बहराइच में 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान का भव्य समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन देहात संस्था, रोसा एवं चाइल्डलाइन के द्वारा किया गया। जिसमें क्षेत्र की महिलाओं, किशोरियों और आशा आंगनबाड़ी ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना और समाज से बाल विवाह जैसी कुरीति को जड़ से मिटाने का संकल्प लेना था। देहात संस्था के प्रतिनिधियों ने अभियान की सफलता साझा करते हुए बताया कि जिले के विभिन्न प्रखंडों के गांवों जाकर जागरूकता फैलाई गई। महिला दिवस के इस विशेष मौके पर उन 'बदलाव के नायकों' को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने क्षेत्र में बाल विवाह रुकवाने में साहस दिखाया। मो. खालिद जिला प्रोबेशन अधिकारी ने संबोधन में बताया कि पॉक्सो एक्ट और शिक्षा के अधिकार पर ज़ोर देते हुए कहा कि "जब एक बेटी शिक्षित होती है, तो पूरा समाज सशक्त होता है।" उपस्थित महिलाओं ने शपथ ली कि वे न केवल अपने घर में बल्कि पूरे गाँव में किसी भी बच्चे का भविष्य बाल विवाह की भेंट नहीं चढ़ने देंगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ रीमा सिंह, डॉ अंकिता सिंह सहायक अध्यापक, नीलम सिंह शुक्ला जेंडर स्पेशलिस्ट, रोसा टिम से विकास जायसवाल, प्रतिमा सिंह, सुनील दीक्षित एवं देहात टीम से रचना मिश्रा, अमरेश कुमार, देवेश तिवारी व चाइल्ड हेल्पलाइन से मनीष, अर्चना, शालिनी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



तुम इस दुनिया में रहते नहीं हो, बल्कि यहां से गुजर रहे हो।
–रूमी, सूफी



## बदलाव का बवंडर

बालेन शाह नेपाल के प्रधानमंत्री बनेंगे अब तकरीबन तय है। पर उन पर या उनकी सरकार पर कोई टिप्पणी उनके पदासीन होने, सरकार गठन के बाद ही उचित है। फिलहाल उनके दल राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रभावशाली प्रदर्शन ने यह बताया है कि नेपाली जनता अब राजनीतिक बदलाव की आकांक्षी है। भ्रष्टाचार, सुस्त विकास, अस्थिर सरकारों से निराश मतदाताओं ने एक अपेक्षाकृत नई राजनीतिक शक्ति को मौका देकर संदेश दिया है कि पारंपरिक राजनीति के विकल्प की तलाश अब केवल बौद्धिक चर्चा नहीं, जनभावना बन चुकी है। पार्टी ने चुनाव प्रचार में पारदर्शिता, सुशासन और विकासोन्मुख प्रशासन को अपना मुख्य एजेंडा बनाया। यह वही मुद्दे हैं, जिन पर दशकों से नेपाली जनता पारंपरिक दलों से असंतुष्ट रही है। यही कारण है कि भ्रष्टाचार-विरोधी और सत्ता-विरोधी नारों ने मतदाताओं के बीच पैठ बनाई।

शुरुआती विश्लेषणों बताते थे कि पहले से बेहतर प्रदर्शन के बावजूद आरएसपी तीसरे स्थान से आगे नहीं बढ़ पाएगी, क्योंकि नेपाल की राजनीति में संगठनात्मक जड़ें, स्थानीय नेटवर्क और जातीय-क्षेत्रीय समीकरण अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। परिणामों ने इन धारणाओं को गलत साबित कर दिया। आरएसपी ने शहरी क्षेत्रों के साथ ग्रामीण और सुदूर इलाकों में भी बेहतर प्रदर्शन किया। इससे संकेत मिला कि पारंपरिक दलों के प्रति असंतोष केवल शहरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वह देशव्यापी भावना बन चुका है। बार-बार की राजनीतिक अस्थिरता, गठबंधन सरकारों की विफलता, रोजगार के अवसरों की कमी और व्यापक भ्रष्टाचार ने आम नेपाली नागरिक को निराश किया है। यही कारण है कि पारंपरिक दलों के दशकों पुराने शासन के प्रति असंतोष धीरे-धीरे राजनीतिक विकल्प की तलाश में बदल गया। इस सफलता के पीछे युवा मतदाताओं की भूमिका अहम रही, जो वैश्विक राजनीति और प्रशासनिक मॉडल से परिचित होने के साथ पारंपरिक राजनीतिक संस्कृति को चुनौती देने के लिए अधिक मुखर है। पारंपरिक दलों के प्रति उनका अविश्वास इस चुनाव में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। युवाओं ने आरएसपी को केवल एक पार्टी के रूप में नहीं, बल्कि राजनीतिक परिवर्तन के प्रतीक के रूप में देखा। केवल युवा ही नहीं बड़ी उम्र के मतदाताओं और ग्रामीण समाज ने भी परिवर्तन की आवश्यकता को महसूस किया। इसके अतिरिक्त वैश्विक नेपाली प्रवासी समुदाय और डिजिटल डायस्पोरा की सक्रियता भी इस चुनाव में महत्वपूर्ण कारक रही। विदेशों में रहने वाले लाखों नेपाली सोशल मीडिया के माध्यम से राजनीतिक बहस में सक्रिय रहे और उन्होंने परिवर्तन के विचार को व्यापक समर्थन दिया। फिर भी इस अप्रत्याशित सफलता के साथ कई चुनौतियां भी सामने हैं। किसी भी नई पार्टी के लिए सबसे बड़ी परीक्षा सत्ता में आने के बाद शुरू होती है।

आरएसपी के पास वास्तव में मजबूत जनादेश है, उसे पारदर्शी प्रशासन, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण और विकास के ठोस परिणाम दिखाने होंगे। साथ ही उसे संगठनात्मक मजबूती, नीति-निर्माण की क्षमता और अनुभवी नेतृत्व की कमी जैसी चुनौतियों से भी जूझना होगा, बहरहाल नेपाल की जनता ने परिवर्तन की इच्छा व्यक्त कर दी है।

### प्रसंगवश

## खाली होते गांव और बड़े होते शहर

भारत की अधिकांश जनता आज भी गांवों में रहती है और उसकी आजीविका का मुख्य स्रोत खेती ही है। इसीलिए भारत को गांवों का देश भी कहा जाता है। पिछले कुछ दशकों से गांवों से शहर की ओर पलायन तेजी से बढ़ा है। 2001 की जनगणना के अनुसार कुल आबादी का लगभग 72.22 प्रतिशत जनसंख्या गांवों में रहती थी, वहीं 2011 की जनगणना के अनुसार ग्रामीण जनसंख्या का प्रतिशत 68.84 रह गया। नवीनतम आंकड़े के अनुसार अब प्रतिशत गिरकर 63.13 रह गया है। ग्रामीण जनसंख्या के पलायन के मूल कारणों में रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा सुविधा एवं अन्य बुनियादी सुविधाएं प्रमुख रूप से हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि एवं पशुपालन प्रमुख आर्थिक स्रोत हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पारिवारिक विघटन के कारण खेतों का आकार लगातार छोटा होता जा रहा है, जिससे खेती की लागत अधिक एवं लाभ कम हो रहा है। उपज का महंगाई के हिसाब से उचित मूल्य न मिल पाना भी एक कारण है। महंगाई के कारण किसानों की जुताई, बुवाई, कटाई, मड़ाई सभी महंगी होती जा रही है। बेमौसमी बरसात एवं आंधी तूफान के कारण भी किसानों की फसल नष्ट हो जाती है। छुट्टा जानवर भी किसानों के लिए चुनौती बनते जा रहे हैं यदि ग्रामीण क्षेत्रों का परिभ्रमण किया जाए तो यह मालूम होगा कि सभी खेतों की कटीले तारों से किलेबंदी है। जिन खेतों में कटीले तार नहीं हैं, वहां पर फसल बिल्कुल बर्बाद मिलेगी। इस कारण भी लोगों का खेती से मोह भंग हो रहा है और वह आजीविका के लिए शहर की ओर पलायन कर रहे हैं ।



रवींद्र त्रिपाठी
शिक्षक

शिक्षा प्राप्त करने के लिए भी गांव से शहर की ओर पलायन तेजी से बढ़ा है। शहरों में उच्च स्तरीय अंग्रेजी माध्यम के स्कूल संचालित हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा का पूर्णतया अभाव है। शिक्षा से लोगों को रोजगार प्राप्त हो रहा है, इसीलिए शिक्षित होने के लिए भी ग्रामीणों का शहर की ओर पलायन हो रहा है, क्योंकि धीरे-धीरे गांवों में भी लोग शिक्षा के प्रति जागरूक हो रहे हैं और शिक्षा को विकास का जरूरी अंग भी समझ रहे हैं। फलस्वरुप पलायन बढ़ रहा है।

पलायन का तीसरा प्रमुख कारण चिकित्सीय सुविधा है। वर्तमान समय में भोजन की गुणवत्ता में काफी गिरावट आई है। रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के प्रयोग से खाद्य अनाज काफी प्रदूषित हो गया है। प्रदूषित भोजन वायु एवं जल के सेवन से स्वास्थ्य पर बहुत बुरा असर पड़ा है, जिससे अब बीमारियां आम बात हो गई हैं। मधुमेह और रक्तचाप के रोगी आपको हर घर में मिल जाएंगे। इन रोगों का इलाज गांव में आसानी से उपलब्ध नहीं है, जबकि शहर में चिकित्सा की उन्नत सुविधा है। काफी लोग इन्हीं रोगों की बेहतर देखभाल के लिए शहर में घर बना रहे हैं, जिससे गांव से शहर की ओर पलायन तेजी से हो रहा है।

अन्य बुनियादी सुविधाएं भी ग्रामीणों को शहर की ओर आकर्षित कर रही हैं। अच्छी सड़क, शुद्ध पेयजल एवं बिजली की सुविधा भी ग्रामीणों को शहर की ओर खींच रही हैं। गांवों में भी बिजली की सुविधा है, लेकिन उपलब्धता बहुत कम है। प्रायः ग्रामीण क्षेत्रों में शहर के मुकाबले विद्युत आपूर्ति कम मिलती है। बढ़ते तकनीकी युग में अब बिजली आवश्यक जरूरत बन गई है, इसिलिए भी पलायन हो रहा है। पलायन को रोकने में ग्रामीण रोजगार सृजन प्रमुख हो सकता है। इसके अतिरिक्त चिकित्सीय सुविधा एवं शिक्षा व्यवस्था को भी चुस्त-दुरुस्त करके हम गांवों से शहर की ओर हो रहे पलायन को रोक सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# पड़ोसी नेपाल के जनादेश पर भारत की नजर





नवीन गुप्ता
बरेली

भारत और नेपाल के बीच रोटी और बेटी का संबंध है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के रिश्ते बहुत अच्छे नहीं रहे। वहां की जनता तो भारत को बेहद प्यार करती है, लेकिन राजनीतिज्ञों के चीन के प्रति झुकाव से इन रिश्तों में कड़वाहट आई है। नेपाल में जेन जी आंदोलन के बाद हुए आम चुनाव में मतदाताओं ने बड़ा राजनीतिक बदलाव किया है। रैपर से नेता बने बालेंद्र शाह (बालेन) के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) की सरकार नेपाल में बनेगी। बालेन इस सरकार के मुखिया होंगे, यह तय है, क्योंकि पार्टी ने उनके चेहरे पर ही चुनाव लड़ा था।

अब सवाल यह है कि भारत विरोधी पूर्व प्रधानमंत्री केपी ओली को 50 हजार से अधिक वोटों के अंतर से हराने वाले बालेन का रुख भारत के प्रति कैसा रहता है। पूर्व में कुछ ऐसे कदम उन्होंने उठाए थे, जिससे यह कहा जा सकता है कि उनका नजरिया भारत के प्रति बहुत अच्छा नहीं रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री पद पर आने के बाद वे भारत को किस चश्मे से देखते हैं, यह देखना अहेम होगा।

नेपाल में बढ़ते भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी और युवाओं के पलायन से नाराज जेन जी ने पिछले साल बड़ा आंदोलन किया था। कहा जाता है कि अंदरखाने इस आंदोलन का नेतृत्व बालेन शाह ने किया था। युवाओं ने न सिर्फ संसद में तोड़फोड़ की थी, बल्कि प्रधानमंत्री आवास समेत तमाम मंत्रियों और पूर्व प्रधानमंत्रियों के आवास को भी आग के हवाले कर दिया था। मौके की नजाकत को भांपते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी ओली ने पद से त्यागपत्र दे दिया था और वहां पर आंतरिक सरकार का गठन किया गया था। केपी ओली का झुकाव चीन के प्रति सदैव रहा। उनके कार्यकाल में न सिर्फ सरकार में चीन का दखल बढ़ा, बल्कि चीन ने बड़े पैमाने पर निवेश किया। चीन के राजनयिक वहां की सरकार में पूरा हस्तेक्षप करते थे, यह सरकार के फैसलों में दिखता भी था।

यहां तक कि उनकी सरकार ने 100 रुपये के नोट में जो मानचित्र प्रकाशित किया था, उसमें भारत के उत्तराखंड राज्य के लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा को अपना क्षेत्र बता दिया था। ओली सरकार के इस फैसले का भारत सरकार ने कड़ा विरोध भी किया था। नेपाल में परंपरा रही है कि शपथ के बाद प्रधानमंत्री सबसे पहले भारत का दौरा करते थे, लेकिन केपी ओली ने तो इस परंपरा को तोड़ते हुए पहली विदेश यात्रा में चीन गए थे और भारत के विरोध वाले प्रोजेक्ट बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव को नेपाल से जोड़ने की पैरवी तक कर आए थे।

जब उनकी सरकार गिरी, तो उन्होंने भारत का नाम लिए बिना यही कहा था कि उनकी सरकार को गिराने में विदेशी ताकतों का हाथ है, हालांकि चुनाव के समय जनता का मूड वे भांप गए थे और भारत के साथ रिश्ते सुधारने की बात करने लगे थे, पर मतदाताओं ने उनकी नहीं सुनीं और बालेन शाह की पार्टी को सत्ता सौंपने का फैसला किया, हालांकि बालेन शाह ही प्रधानमंत्री होंगे अभी यह तय नहीं है, लेकिन उनके चेहरे पर ही आरएसपी ने चुनाव लड़ा है। ऐसे में उनकी ताजपोशी की प्रबल संभावना है।

बालेंद्र शाह उर्फ बालेन 2022 में काठमांडू के निर्दलीय मेयर चुने गए थे। जेन जी आंदोलन के दौरान युवाओं ने उनके समक्ष अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन उन्होंने कुशल राजनीतिज्ञ की तरह इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। तब उन्होंने कहा था कि वे चुनाव जीतकर सरकार चलाना चाहते हैं। जनवरी 2026 में वे राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी में शामिल हुए थे। यह पार्टी रवि लामिछाने द्वारा संचालित है।

काठमांडू से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले बालेन शाह ने भारत के कर्नाटक स्थित विश्वेश्वरैया टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी से स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में मास्टर्स किया है, इसलिए कभी उनका भारत से काफी गहरा जुड़ाव रहा है, लेकिन उनके कुछ ऐसे फैसले रहे हैं, जो कि यह दर्शाते हैं कि उनके मन में भी भारत के प्रति बहुत ज्यादा लगाव अब नहीं रह गया है।

काठमांडू का मेयर रहते हुए बालेन शाह ने अपने कार्यालय में 'ग्रेटर नेपाल' का मानचित्र लगाया था। इस मानचित्र में भारत के कुछ हिस्से को नेपाल का बताया गया था। इसका विरोध भी हुआ था। इतना ही नहीं उन्होंने बॉलीवुड फिल्म आदिपुरुष के एक डॉयलाग को लेकर नेपाल में हिंदी फिल्मों के प्रदर्शन पर रोक लगाने की चेतावनी भी दे दी थी। बालेन को अमेरिका का कट्टर समर्थक और चीन का विरोधी माना जाता है। ऐसे में उनके सत्ता में आने से चीन की चिंताएं भी बढ़ेंगी, क्योंकि चीन के निवेश का उन्होंने सदैव विरोध किया।

सत्ता संभालने के बाद भारत के प्रति उनका रुख क्या होगा, अभी इस संबंध में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। वैसे आरएसपी का नजरिया भारत के प्रति सकारात्मक रहा है। पार्टी नेतृत्व भारत के साथ संतुलित और समानता-आधारित संबंधों की वकालत करता है, जिससे नेपाल के अपने आर्थिक विकास और संप्रभुता को बल मिले। अब इस पार्टी से जुड़कर सत्ता में आने के बाद बालेन क्या कदम उठाते हैं, यह देखने वाली बात होगी।

भारत सरकार ने नेपाल की मदद हर मौके पर की है। चाहे वह प्राकृतिक आपदा से जुड़ी रही हो या फिर किसी अन्य किसी घटना से। ऐसे में माना जा रहा है कि बालेन भी भारत के प्रति सकारात्मक रुख रखेंगे। वहां भारत के निवेश को बढ़ाने के साथ ही चीन के दखल को भी कम करेंगे। वैसे तो केपी ओली की सरकार में वहां पाकिस्तान की सक्रियता भी तेजी से बढ़ी थी। इससे भारत सरकार की चिंताएं बढ़ गईं थीं, लेकिन अब चीन के साथ ही पाकिस्तान की सक्रियता भी कम होगी। ऐसी उम्मीद है।

बालेन के नेपाल का प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है। उन्होंने कर्नाटक से स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में मास्टर्स किया है। उनके कुछ ऐसे फैसले रहे हैं, जो यह दर्शाते हैं कि उनके मन में भारत के प्रति बहुत ज्यादा लगाव अब नहीं रह गया है।

### आमने सामने



एक आदिवासी राष्ट्रपति का इस तरह अपमान करना लोकतंत्र और आदिवासी समुदाय के सशक्तीकरण में विश्वास रखने वालों को दुखी करता है। राष्ट्रपति का पद राजनीति से ऊपर है और इसकी गरिमा का सम्मान होना चाहिए।
–नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री



पश्चिम बंगाल के खिलाफ कई केंद्रीय संस्थाएं और सत्ता प्रतिष्ठान एक साथ खड़े हो गए हैं। बंगाल के लोग मजबूती से डटे हुए हैं और किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं। जब पूरा सिस्टम बंगाल के खिलाफ खड़ा हो जाता है, तो बंगाल और मजबूत हो जाता है। आगे बढ़ो।
–अभिषेक बनर्जी
टीएमसी नेता

# ईरान पर हमला व गुटनिरपेक्ष राष्ट्रों की भूमिका



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

अमेरिका, इजराइल, ईरान और मिडिल ईस्ट में गरजती मिसाइलों की चीखों के बीच चंद शांति की अपीलें महज औपचारिकता तक सीमित हैं। गुटनिरपेक्ष राष्ट्र एकजुट होकर नियमों के विरुद्ध युद्ध को रुकवाने की सख्ती बरतें तो शायद दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की विध्वंसकारी खतरों की आशंकाओं से बच जाए। यूनाइटेड नेशन और शांति की पैरोकारी की कमजोर तस्वीर भी बता रही है कि दुनिया तानाशाही, हिटलरशाही, नफरत, हिंसा, विध्वंस, तबाही, बर्बादी और विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ी है। संयुक्त राष्ट्र संघ, जिनेवा समझौता कहां है? आसमान से बरसता बेलगाम बारूद का कहर रोकने वाला कोई शांति पसंद महात्मा गांधी, नेल्सन मंडेला, मार्टिन लूथर या यासिर अराफात नजर नहीं आ रहा। शांति के नोबेल पुरस्कार पाने वाले भी खामोश हैं।

युद्ध के इस महा सीजन में दुनिया के देशों की गिरोहबंदी अभी पूरी तरफ से तय नहीं है। कौन कितना ताकतवर है? कौन किसके साथ है? कौन किसका साथ देने वाला है? सैन्य शक्ति में किसमें कितना दम है? किस देश का क्या सरकारी फरमान है? किसकी क्या विदेश नीति है? बहुत सारी बातें अभी खुल कर तय नहीं हो पाई हैं। ज्यादातर बयान गोल-मोल और अस्पष्ट हैं। विदेश नीतियों के पत्ते खुलकर सामने नहीं आ रहे। मानवता के आदर्शों, मूल्यों और सिद्धांतों को ताख पर रखकर ज्यादातर देशों की कूटनीति सी एंड वॉच पर अटकी है, लेकिन एक बात तय है, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर दुनियाभर की आवाम में गुस्सा बढ़ रहा है। ट्रंप ज़माने भर के चौधरी क्यों बन जाते हैं, युद्ध और अंतर्राष्ट्रीय नियमों के विरुद्ध दुनिया में अशांति फैलाने पर क्यों आमादा हैं?

ऐसे तमाम तर्कसंगत सवालों के साथ दुनियाभर की अवाम का क्रोध धीरे-धीरे मुखर होने लगा है। अमेरिका की दादागिरी को सातवें आसमान तक पहुंचाने वाले डोनाल्ड ट्रंप से अमेरिकन्स भी खासे नाराज दिखे रहे हैं। युद्ध से परहेज़ का वादा करके दूसरी बार सत्ता पाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति की तानाशाही नीतियों से अमेरिका पर बार-बार युद्ध थोपने से उनके देश के ही नागरिकों की बड़ी आबादी नाखुश है।

भारतीय अवाम पहले ही ट्रंप के ऊल-जलूल बयानों और फैसलों से क्रोधित है। आपरेशन सिंदूर में सीज फायर करवाने के दावे करने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति ने टैरिफ के जरिए भारत की अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचाने की साज़िश की हो, या रूस से तेल न लेने का दबाव बनाया हो, पहलगाम हमले में भारतीय नागरिकों को आतंकी साजिशों से बेदर्दी से मारने वाले पाकिस्तान को महान और अपना दोस्त बताने वाले ट्रंप की हर हरकत नाकाबिले बर्दाश्त है। भारतीय नागरिकों को हथकड़ी-बेड़ी डालकर भारत वापस करने का अपमान हो, भारतीय जनता अमेरिका के राष्ट्रपति को लेकर आग बगूला है। महाशक्ति और वर्ल्ड पॉवर समझकर विश्व के अधिकांश देश भले ही अमेरिका के खिलाफ खुल कर सामने नहीं आ पा रहे हों, पर भारत सहित दुनिया की अवाम का रुख बता रहा है कि यदि शक्ति का दुरुपयोग ऐसे ही होता रहा, तो जनता जनार्दन की शक्ति महाशक्ति की शक्तियों को जीर्ण-शीर्ण कर देगी।

जनता के दबाव में दुनिया के राष्ट्रप्रमुखों को ट्रंप के खिलाफ एकजुट होना ही पड़ेगा। न सिर्फ दुनिया में बल्कि अमेरिका की जनता में भी अपने राष्ट्रपति के विरुद्ध आक्रोश दिखाई पड़ने लगा है। किसी राष्ट्र के राष्ट्रपति को घर में घुसकर उठा लाने से लेकर, किसी देश के सुप्रीम लीडर को घर में घुस कर मार देना, बच्चों के स्कूलों पर मिसाइलें और रिहायशी इलाकों में बम बरसाने की शुरुआत किसने की? युद्ध और मानवाधिकारों के विरुद्ध नरसंहार को नहीं रोका जा सका, तो ये बात स्वीकार लेना चाहिए कि दुनिया जंगल राज पर चल निकली है? यानी कोई किसी को भी चीरफाड़ कर अपनी ताकत का प्रदर्शन कर सबको डरा सकता है। अपनी ताकत का विस्तार कर दुनिया को अपना गुलाम बनकार जंगल राज को वैधानिक बता सकता है।

युद्ध के भी कानून हैं। दुनिया नियमों-कानूनों से चलती है। बच्चियों के स्कूल पर मिसाइल दाग देना या बम बरसा देना युद्ध तो नहीं, ये अमानवीयता की पराकाष्ठा है, नरसंहार है। लोग कह रहे हैं कि एपस्टीन फाइल की चर्चाओं को इस युद्ध ने रोक दिया और एपस्टीन फाइल ने कई राष्ट्राध्यक्षों को अमेरिका के खिलाफ बोलने से रोक दिया, लेकिन एपस्टीन फाइल से युद्ध तक छोटी-छोटी बच्चियों के साथ जो हुआ, उसे व्यक्त करने के लिए अमानवीय, हृदयविदारक, महापाप... जैसे शब्द भी बौने हैं।

दुनिया की बड़ी संस्थाएं अमेरिका के विरुद्ध कोई सख्त कदम नहीं उठा रही हैं। इजरायल और अमेरिका का ईरान में रिजीम बदलने का प्रण तबाही का दायरा बढ़ाता जा रहा है। मिडिल ईस्ट के संपन्न खाड़ी देशों में अमेरिका के सैन्य अड्डे हैं। इजराइल की चर्चित खुफिया एजेंसी मोसाद यहां से भी ईरान की टोह लेती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

यूएन और शांति के पैरोकारों की कमजोर तस्वीर भी बता रही है कि दुनिया तानाशाही, हिटलरशाही, नफरत, हिंसा, विध्वंस, तबाही, बर्बादी और विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ी है।

### सोशल फोरम

## वो अभिनय नहीं, सच था

मीना कुमारी हिंदी सिनेमा की 'ट्रेजेडी क्वीन' कही जाती हैं। लोग कहते हैं कि वह पर्दे पर दुख बहुत अच्छी तरह निभाती थीं, लेकिन सच यह है कि वह दुख निभाती नहीं थीं, वह दुख जीती थीं। उनकी आंखों में जो नमी दिखती थी, वह अभिनय नहीं थी, वह उनकी जिंदगी का सच था।



संजय सिन्हा
वरिष्ठ पत्रकार

पचास के दशक का समय था। कमाल अमरोही उस समय एक स्थापित लेखक और निर्देशक थे। उसी दौर में उनकी मुलाकात एक बेहद कम उम्र की अभिनेत्री से हुई, जिसका नाम था मीना कुमारी। मीना उम्र में उनसे बहुत छोटी थीं, लेकिन प्रेम उम्र नहीं देखता। मुलाकातें बढ़ीं, भरोसा बना और दोनों ने निकाह कर लिया। शुरुआत में सब कुछ किसी फिल्मी कहानी की तरह लगता था, लेकिन जिंदगी फिल्मों की तरह नहीं होती। एक दिन किसी बात पर विवाद हुआ। कहा जाता है कि किसी फिल्म के मुहूर्त के दौरान मीना कुमारी के मेकअप रूम में किसी को आने देने को लेकर कुछ हुआ। इतना हुआ कि कमाल अमरोही ने अपने एक सहायक के हाथों अपनी ही पत्नी को पिटवा दिया। जिस स्त्री ने प्रेम में अपना सब कुछ सौंप दिया हो, उसके लिए इससे बड़ा अपमान क्या हो सकता था। मीना कुमारी ने घर छोड़ दिया। रिश्ता टूट गया। तलाक हो गया।

कहानी यहीं खत्म नहीं हुई।

मीना कुमारी उस समय तेजी से उभरती हुई अभिनेत्री थीं। उनका नाम, उनकी शोहरत, उनकी पहचान सब बढ़ रही थी। कमाल अमरोही ने उन्हें फिर मनाने की कोशिश की। माफी मांगी, लेकिन बीच में एक धार्मिक दीवार खड़ी थी। तलाक के बाद दोबारा निकाह के लिए 'हलाला' की शर्त थी। कहा जाता है कि दुबारा पाने के लिए मीना कुमारी की शादी किसी और व्यक्ति से करवाई गई। फिर उस व्यक्ति से तलाक दिलवाया गया, ताकि बाद में कमाल अमरोही उनसे दोबारा निकाह कर सकें।

किसी के साथ इससे बड़ा अन्याय क्या हो सकता है? जिस आदमी पर उसने भरोसा किया, उसी ने उसे दूसरे के हवाले कर दिया। दुर्भाग्य अगर किसी के पीछे लग जाए, तो वह आसानी से पीछा नहीं छोड़ता। मीना कुमारी की जिंदगी में भी यही हुआ। कमाल अमरोही के साथ उनका रिश्ता हलाला और दुबारा निकाह के बाद भी स्थिर नहीं हो पाया। वह अकेली पड़ती गईं। अवसाद ने उन्हें घेर लिया। शराब उनकी साथी बन गई।

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## पश्चिम एशिया के तनाव के बीच-ऊर्जा संकट की दस्तक

ईरान, इज़राइल और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच टकराव ने वैश्विक तेल बाज़ार में गहरी चिंता पैदा कर दी है। होर्मुज जलडमरू मध्य से दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत कच्चा तेल गुजरता है। भारत के लिए यह मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि हमारे कुल तेल आयात का लगभग 50–52 प्रतिशत हिस्सा इसी रास्ते से आता है। यदि यह समुद्री मार्ग अवरुद्ध होता है, तो भारत पर सीधा प्रभाव पड़ सकता है, हालांकि सरकार का कहना है कि देश के पास लगभग 6–7 सप्ताह का रणनीतिक तेल भंडार उपलब्ध है, जिससे कुछ समय तक घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सकती है। पेट्रोलियम मंत्रालय स्थिति पर लगातार निगरानी बनाए हुए है।

भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है और अपनी कुल जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। आज ऊर्जा की मांग निरंतर बढ़ रही है और वर्तमान में बड़ी मात्रा में तेल मध्य-पूर्व से खरीदा जाता है। ऐसे में क्षेत्रीय संकट का सीधा असर पेट्रोल-डीजल की कीमतों और आम नागरिकों की जेब पर पड़ना स्वाभाविक है। तेल की कीमतें पहले ही 80 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच चुकी हैं। यदि यह वृद्धि जारी रहती है, तो महंगाई, चालू खाता घाटा और सरकारी व्यय पर दबाव बढ़ेगा। परिवहन, उर्वरक, हवाई यात्रा तथा दैनिक उपयोग की वस्तुएं महंगी हो सकती हैं।



सुनील कुमार महला
लेखक

अमेरिका-ईरान युद्ध के बाद पश्चिम एशिया की स्थिति और जटिल हो गई है तथा टकराव के नए मोर्चे खुल रहे हैं। अमेरिका और इज़राइल ने ईरान के तेहरान सहित कई शहरी क्षेत्रों पर हमले तेज कर दिए हैं, जबकि ईरान ने अमेरिकी सहयोगी खाड़ी देशों के ठिकानों को निशाना बनाना शुरू किया है। इज़रायली हमलों के कारण चार मार्च को तेहरान में सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई के अंतिम संस्कार को स्थगित करना पड़ा। वास्तव में, ईरान ने खाड़ी क्षेत्र के तेल प्रतिष्ठानों पर हमले तेज कर वैश्विक बाजार में हलचल मचा दी है। होर्मुज जलडमरू मध्य को अवरुद्ध करने की कार्रवाई ने न केवल एशियाई देशों की चिंता बढ़ाई है, बल्कि विश्व व्यापार की धुरी को प्रभावित किया है।

भारत भी इससे अछूता नहीं है। बुधवार तक फारस की खाड़ी, ओमान की खाड़ी और आसपास के समुद्री क्षेत्रों में भारतीय ध्वज वाले 37 जहाज फंसे हुए बताए गए हैं। इन पर 1100 से अधिक भारतीय नाविक सवार हैं। कुछ जहाज भारत के लिए कच्चा तेल और एलएनजी लेकर आ रहे थे, जबकि कुछ खाड़ी देशों में पेट्रोलियम उत्पाद लेने जा रहे थे। शेयर बाजार में 1123 अंकों की गिरावट दर्ज की गई, जबकि डॉलर के मुकाबले रुपया 92 के पार चला गया। यदि यह युद्ध लंबा खिंचता है, तो तेल की कीमतों में 13-15 प्रतिशत तक वृद्धि संभव है और साथ ही साथ ब्रेंट क्रूड के दाम और ऊपर जा सकते हैं।

होर्मुज मार्ग बाधित होने के कारण जहाजों को अब केप ऑफ गुड होप के रास्ते से लाया जा रहा है, जिससे परिवहन में लगभग दो सप्ताह का अतिरिक्त समय और लगभग 40 प्रतिशत अधिक लागत लग सकती है। इसके परिणामस्वरूप भारत के निर्यात में 15 प्रतिशत तक गिरावट की आशंका जताई जा रही है। जानकारों का यह मानना है कि तेल कीमतों में संभावित तेजी से परिवहन एवं खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर दबाव बढ़ेगा और महंगाई दर 1-2 प्रतिशत तक ऊपर जा सकती है तथा इससे किराना और यात्रा खर्च में भी वृद्धि होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# गर्मियों में कपड़ों का सही चुनाव
## आराम और स्टाइल का कॉम्बिनेशन

गर्मियों की तपती धूप और उमस में कपड़ों का सही चुनाव केवल स्टाइल नहीं, बल्कि सेहत और आराम के लिए भी जरूरी है। इस मौसम में कॉटन और लिनन जैसे प्राकृतिक रेशों वाले कपड़े सबसे उपयुक्त होते हैं, क्योंकि ये पसीना सोखते हैं और शरीर को ठंडा रखते हैं। रंगों का चयन भी महत्वपूर्ण है, सफेद और हल्के रंग सूरज की किरणों को परावर्तित करते हैं, जिससे गर्मी कम लगती है। तंग कपड़ों के बजाय ढीले-ढाले डिजाइन चुनें ताकि हवा का संचार बना रहे। सही पहनावा चुनकर हम न केवल पसीने और घमौरियों से बच सकते हैं, बल्कि गर्मी के सफर को सुखद और सहज भी बना सकते हैं।



नूर हिना खान
लेखिका







### सही फैब्रिक का चयन करें

गर्मियों में सबसे महत्वपूर्ण है कपड़े का फैब्रिक। सूती (कॉटन) कपड़ा इस मौसम के लिए सबसे उपयुक्त माना जाता है, क्योंकि यह पसीना सोखता है और शरीर को ठंडा रखता है। मलमल, लिनन और खादी भी अच्छे विकल्प हैं, क्योंकि ये हल्के और हवा पार होने वाले होते हैं। इसके विपरीत, पॉलिएस्टर या अन्य सिंथेटिक कपड़े गर्मी में असुविधा बढ़ा सकते हैं। ये पसीना रोकते हैं और त्वचा पर चिपकने लगते हैं। इसलिए दैनिक पहनावे में प्राकृतिक रेशों से बने कपड़ों को प्राथमिकता देना चाहिए।

### आरामदेह डिजाइन और फिटिंग

गर्मी के मौसम में ढीले और आरामदायक कपड़े पहनना चाहिए। बहुत टाइट कपड़े शरीर से चिपकते हैं और पसीना बढ़ाते हैं। ढीले कुर्ते, कॉटन शर्ट, प्लाजो, स्कर्ट या ढीली पैंट शरीर को हवा लगने देते हैं और आराम प्रदान करते हैं। महिलाओं के लिए सूती सलवार-सूट या कॉटन साड़ी उपयुक्त रहती है, जबकि पुरुषों के लिए हल्की शर्ट और कॉटन ट्राउजर या कुर्ता-पायजामा अच्छा विकल्प हो सकता है।

### सिंथेटिक और मोटे कपड़ों से बचें

गर्मियों में कॉटन, लिनन, मलमल और रेयॉन जैसे कपड़े सबसे अच्छे रहते हैं। ये पसीना सोखते हैं और शरीर को ठंडा रखते हैं। सिंथेटिक और बहुत मोटे कपड़ों से बचें, क्योंकि उनमें गर्मी ज्यादा लगती है।



### हल्के रंग पहनें

सफेद, क्रीम, हल्का गुलाबी, आसमानी, मिंट ग्रीन, लैवेंडर और पीले जैसे हल्के रंग गर्मियों में बहुत सुंदर लगते हैं। ये रंग धूप को कम आकर्षित करते हैं और आपको फ्रेश लुक देते हैं।

### ढीला और फ्लोई स्टाइल

बहुत टाइट कपड़े पहनने से बचें। ढीले कुर्ते, ए-लाइन ड्रेस, कॉटन की फ्रॉक, प्लाजो या स्ट्रेट पैंट के साथ कुर्ती पहन सकती हैं। इससे आप आरामदायक और एलिगेंट दोनों दिखेंगी।

### सॉफ्ट और छोटे प्रिंट्स चुनें

छोटे फूलों वाले प्रिंट, हल्के ब्लॉक प्रिंट या मिनिमल डिजाइन गर्मियों में बहुत अच्छे लगते हैं। ज्यादा भारी और गहरे प्रिंट से बचें।

### मेकअप और एक्सेसरीज

गर्मियों में हल्का मेकअप रखें। छोटे ईयररिंग्स, हल्का दुपट्टा और आरामदायक सैंडल आपके लुक को और निखार देते हैं।

### घर के लिए कंफर्ट और फ्रेश लुक

- कॉटन का सिंपल सूट या कुर्ती + प्लाजो
- हल्के रंग जैसे सफेद, पीच, आसमानी या मिंट ग्रीन
- छोटे फ्लोरल या सॉफ्ट प्रिंट
- बिना भारी मेकअप, सिर्फ काजल और लिप बाम
- बालों की सिंपल चोटी या क्लच
- इससे आप आरामदायक भी रहेंगी और हमेशा फ्रेश दिखेंगी।

### ऑफिस और पढ़ाई के लिए स्मार्ट एलिगेंट लुक



- स्ट्रेट कट कॉटन कुर्ती + पैंट
- सॉलिड रंग जैसे हल्का ब्लू, लैवेंडर, बेज
- बहुत भारी प्रिंट से बचें
- हल्की घड़ी और छोटे ईयररिंग्स
- साफ–सुथरा जूड़ा या पोनीटेल

इससे पर्सनैलिटी प्रोफेशनल और क्लासी लगेगी।

### फंक्शन के लिए ग्रेसफुल आउटफिट

- शिफॉन या जॉर्जेट का हल्का सूट
- फ्लोई अनारकली स्टाइल
- पेस्टल शेड्स पर हल्का गोटा या थ्रेड वर्क
- हल्का हाईलाइटर + न्यूड लिपस्टिक
- स्टेटमेंट ईयररिंग्स

इसमें गर्मी में भी आप एलिगेंट और स्टाइलिश दिखेंगी।

ओटीटी

# सूबेदार 2026

सेना का एक सूबेदार (अनिल कपूर) जो सेना में देश रक्षा के कर्तव्यवश अपने परिवार की अपेक्षाओं की पूर्ति नहीं कर पाता है और यह अपराध बोध उसके मन पर छाया रहता है, जिसे वह किसी से भी बांट नहीं पाता, जब अपने गांव लौटता है, तो व्यवस्था के प्रति उसका क्रोध किस तरह फूटता है यह कहानी है सूबेदार की।

सूबेदार का अपराधबोध जन्य क्रोध उसे अपनी बेटी (राधिका मदान) से भी खुलने नहीं देता, जो दोनों के बीच एक अविश्वास को पैदा कर देता है। यह एक सब प्लॉट है सूबेदार का। एक दोस्त है सूबेदार का (सौरभ शुक्ला) जो हर हाल में साथ है, जो एक से हालात में रहने से पैदा हुई सहानुभूति को दर्शाता है और दूसरी तरफ व्यवस्था में भ्रष्टाचार (कोऑपरेटिव बैंक का माहौल) और गुंडागर्दी ( मोना सिंह, आदित्य रावल और फैसल मलिक) है, जिससे सूबेदार को निपटना है।

कुल मिलाकर सारे के सारे चरित्र अधकचरे हैं सिवाय सूबेदार के और वह भी फिल्म में खुद को जस्टिफाई करने में असफल है। लगता है कि निर्देशक और लेखक का एक मात्र उद्देश्य अनिल कपूर को एक्शन हीरो दिखाकर ओटीटी की दुनिया में जमाना और शायद वह उसमें सफल हुए हैं और इस चक्कर में सौरभ शुक्ला और मोना सिंह जैसे दो बहुत अच्छे एक्टर्स कुर्बान हो गए। दोनों को कुछ डायलॉग्स और सींस मिले हैं, पर दोनों करीब–करीब बेअसर। मोना सिंह कई बार सुरेखा सीकरी की याद दिलाती है, मुझे लगता है वह धीरे–धीरे लुक्स और डायलॉग डिलीवरी में उसके जैसी होती जा रही है, इसे प्रशंसा समझें पर सूबेदार में तो व्यर्थ हो गई हैं। राधिका मदान ने अच्छा रोल किया है, परंतु कमजोर लेखन और निर्देशन की गलतियों के कारण उसका चरित्र स्थापित ही नहीं हो पाता। खुशबू और नाना को दिखाने की आवश्यकता ही क्या थी? बाकी लोगों ने बेकार में खूब फुटेज खाया है।




निर्देशक बहुत समय तक फिल्म में अपने उद्देश्य को ही नहीं बता पाता। कुछ भी क्यों हो रहा है बस आप सोचते रहिए, बल्कि अंत तक कहानी के टुकड़े जोड़ना ही कठिन है। अंत ने तो उद्देश्य रहित लेखन की पोल ही खोल दी है।

सिर्फ अनिल कपूर हैं फिल्म में। ओढ़िये या बिछाइए। पार्श्व संगीत कहीं–कही प्रभावित करता है पर लाउड है। संवाद एकदम बेकार हैं। दृश्यंकन में कल्पना का अभाव है , आसमान में ऊंचे हवाई जहाज की परछाईं जमीन पर आपने देखी है? अगर अनिल और राधिका से आपका मन भरे, एक्शन आपको भाता हो, तो देखिए सूबेदार, कहानी तो बेदम है। सोचिए, क्या हमें फिल्मों में कबीर सिंह, एनिमल, गर्लफ्रेंड के नायकों के अतिचारी चरित्रों से बचना इतना कठिन होता जा रहा है कि कहानी के और कोमल अंगों पर ध्यान ही न दिया जा सके? क्या–क्या और बर्बाद कर के दम लेंगे हम?

*समीक्षक– ब्रज राज नारायण सक्सेना*

जिंदगी का सफर

# बॉलीवुड की पहली फीमेल सुपरस्टार



श्रीदेवी ने अपनी अदाओं और अभिनय की वजह से लोगों के दिलों में जगह बनाई। अभिनेत्री श्रीदेवी के काम की खासियत कड़ी मेहनत और हर चुनौती को पार करने की लगन थी। उन्होंने कई भाषाओं में काम किया। श्रीदेवी को शुरुआत में हिंदी बिल्कुल नहीं आती थी। उन्होंने अपने करियर में हिंदी, तमिल, तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ फिल्मों में काम करके यह साबित किया कि अगर इच्छा शक्ति और मेहनत हो, तो कोई भी भाषा या बाधा आपके रास्ते में नहीं आ सकती। वह साउथ के बाद बॉलीवुड की पहली फीमेल सुपरस्टार कहलाईं।

श्रीदेवी का जन्म 13 अगस्त 1963 को तमिलनाडु के एक छोटे से गांव मीनमपट्टी में हुआ। उनके पिता का नाम अय्यपन और मां का नाम राजेश्वरी था। उनके पिता एक वकील थे। श्रीदेवी ने छह साल की उम्र में फिल्मों में काम करना शुरू किया। उनका फिल्मी करियर दक्षिण भारतीय सिनेमा से शुरू हुआ। उन्होंने तमिल, तेलुगू और मलयालम फिल्मों में काम किया और कई पुरस्कार भी जीते। उन्हें 1971 में मलयालम फिल्म 'मूवी पूमबत्ता' के लिए केरल स्टेट फिल्म अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यही समय था, जब उन्होंने यह सीखा कि अभिनय केवल भाषा पर निर्भर नहीं करता, बल्कि भाव और मेहनत सबसे जरूरी हैं।



श्रीदेवी की बॉलीवुड में एंट्री 1979 में हुई। उनकी पहली हिंदी फिल्म 'सोलहवां सावन' थी। हालांकि उन्हें असली पहचान फिल्म 'हिम्मतवाला' से मिली। इस फिल्म में उनके अभिनय और डांस की अद्भुत कला ने दर्शकों को अपना दीवाना बना दिया। उन्हें शुरुआत में हिंदी बोलने में कठिनाई होती थी। उन्होंने यह चुनौती पूरी लगन और अभ्यास से पार कर ली। उनके इस संघर्ष ने कई नए कलाकारों के लिए प्रेरणा का काम किया होगा।

श्रीदेवी ने अपने करियर में कई यादगार रोल निभाए। उन्होंने 'चालबाज' में डबल रोल किया, 'सदमा' और 'चांदनी' जैसी फिल्मों में उनकी एक्टिंग की तारीफ पूरे देश ने की। श्रीदेवी को कई पुरस्कार भी मिले। उन्हें 'चालबाज' और 'लम्हें' के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला और साल 2013 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया।

श्रीदेवी ने करियर में लगभग 200 फिल्मों में काम किया, जिनमें हिंदी, तमिल, तेलुगू और मलयालम फिल्में शामिल हैं। वहीं उन्हें बॉलीवुड की पहली सुपरस्टार भी कहा जाता था। श्रीदेवी ने निजी जीवन को प्राथमिकता देने के लिए इंडस्ट्री से दूरी बनाने का कदम ऐसे वक्त पर उठाया, जब वह अपने करियर के शिखर पर थीं। ब्रेक के 15 साल बाद उन्होंने 'इंग्लिश विंग्लिश' जैसी फिल्म के साथ वापसी करने का फैसला लिया और वही निर्णय उनके जीवन के सबसे प्रेरक अध्यायों में से एक बन गया। 24 फरवरी 2018 को दुबई में उनका निधन हो गया। वह आज भले हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके जीवन से मिली सीख और उनका संघर्ष हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे।

# भारतीय सिनेमा के 'ऑर्सन वेल्स' गुरु दत्त

सिनेमा निर्माण के विभिन्न कलात्मक पक्षों में अपने प्रयोगधर्मी प्रयासों के लिए 'भारत के ऑर्सन वेल्स' कहे जाने वाले महान फिल्मकार गुरु दत्त का यह जन्मशती वर्ष है। यह केवल एक कैलेंडर का आंकड़ा नहीं है, बल्कि उस कालजयी सृजन का उत्सव है, जिसने भारतीय सिनेमा को विश्व पटल पर एक नई पहचान दी। आज पूरी दुनिया एक फिल्मकार के रूप में उनके योगदान के विभिन्न पक्षों की विवेचना कर रही है। उनकी दूरदृष्टि से अचंभित होकर लोग, उन्हें अपने समय से बहुत आगे का रचनाकार मान रहे हैं।



अभिषेक मिश्र
लेखक



**स्मृति के विविध रंग:** इस वर्ष उनकी स्मृति में उनके प्रशंसकों द्वारा वैश्विक स्तर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उनकी फिल्मों का पुनर्प्रदर्शन, उनकी कृतियों पर आधारित फिल्म फेस्टिवल और कला दीर्घाओं में उनके कार्यों पर परिचर्चाएं यह सब उनके प्रति आज भी कायम दीवानगी का प्रमाण है। विशेष रूप से 'सारेगामा कारवां' के नए संस्करण में गुरु दत्त की फिल्मों के गानों पर एक पृथक खंड का शामिल किया जाना यह बताता है कि उनका संगीतबोध आज भी उतना ही प्रासंगिक है। दास्तानगोई जैसी पारंपरिक विधाओं के माध्यम से उनकी जीवन यात्रा को नए श्रोताओं तक पहुंचाया जा रहा है। शायद गुरु दत्त की आत्मा आज उस संतुष्टि का अनुभव कर पा रही हो, जो उन्हें जीते जी न मिल सकी।

**प्रारंभिक जीवन :** गुरु दत्त का जन्म 3 जुलाई 1925 को बेंगलुरु में एक मध्यमवर्गीय चितरपुर सारस्वत ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके बचपन का नाम वसंत कुमार शिवशंकर पादुकोणे था। उनके व्यक्तित्व के निर्माण में उनके माता-पिता की शैक्षणिक और साहित्यिक पृष्ठभूमि का गहरा प्रभाव था। उनके पिता श्री शिवशंकर राव पादुकोणे एक साहित्य प्रेमी प्रधानाध्यापक थे, जो अंग्रेजी में कविताएं लिखते थे। उनकी मां वसंती पादुकोणे भी लघुकथाएं लिखती थीं और बांग्ला उपन्यासों का कन्नड़ में अनुवाद करती थीं। परिवार की आर्थिक स्थिति और पिता के अंतर्मुखी स्वभाव ने गुरु दत्त को भी एकांतप्रिय बना दिया। जब उनका परिवार कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) स्थानांतरित हुआ, तो वहां के सांस्कृतिक परिवेश ने उनके भीतर के कलाकार को अंकुरित होने का अवसर दिया। यहीं से वसंत कुमार 'गुरु दत्त' बनने की दिशा में अग्रसर हुए।

**कला का प्रवेश:** गुरु दत्त की फिल्मों की सिनेमैटोग्राफी में प्रकाश और छाया (Chiaroscuro) का जो जादुई मेल दिखता है, उसके बीज उनके बचपन में ही पड़ गए थे। उनकी दादी शाम की आरती के लिए जो दिया जलाती थीं, उसकी रोशनी में वे अपनी उंगलियों से दीवार पर छाया आकृतियां बनाया करते थे। दीये का यह खेल उनके जीवन का रूपक बन गया, जैसे एक दिया खुद को जलाकर रोशनी फैलाता है, गुरु दत्त ने भी अपने भीतर के संघर्ष की आग से सिनेमा को रोशन किया।

नृत्य के प्रति उनके लगाव ने उन्हें सुप्रसिद्ध नर्तक उदयशंकर के अल्मोड़ा स्थित 'इंडियन कल्चरल सेंटर' तक पहुंचाया। पांच साल की नृत्य शिक्षा ने उन्हें दृश्य की लय और फ्रेमिंग की अद्भुत समझ दी। यहीं से उनका सफर प्रभात स्टूडियो पहुंचा, जहां उनकी मुलाकात दो अनमोल मित्रों रहमान और देव आनंद से हुई।

### निर्देशन और अभिनय का द्वंद्व

- **फिल्मकार :** गुरु दत्त मूलत : एक ऐसे फिल्मकार थे, जिनके दिमाग में पूरा दृश्य पहले से ही तैयार रहता था, लेकिन वे उसे शब्दों में व्यक्त करने में अक्सर असहज रहते थे। उनकी यह खामोशी अक्सर सेट पर उनके साथियों के लिए पहेली बन जाती थी। यह दिलचस्प है कि अपनी उत्कृष्ट फिल्म 'प्यासा' के लिए वे पहले दिलीप कुमार के पास गए थे, लेकिन जब बात नहीं बनी, तो उन्होंने स्वयं 'विजय' का किरदार निभाया और अभिनय की ऐसी मिसाल पेश की जिसे आज भी मील का पत्थर माना जाता है। कैमरे के प्रति उनकी शुरुआती हिचकिचाहट उनकी फिल्मों 'बाजी' और 'जाल' में छोटी उपस्थिति के रूप में देखी जा सकती है।
- **सिनेमा :** गुरु दत्त की फिल्में उनके निजी जीवन और सामाजिक सरोकारों का प्रतिबिंब थीं। 'प्यासा' के माध्यम से उन्होंने एक ऐसे कलाकार की व्यथा दिखाई, जिसे समाज उसकी मृत्यु के बाद पूजता है। वहीं 'कागज के फूल' भारतीय सिनेमा की पहली 'सिनेमास्कोप' फिल्म थी, जो एक निर्देशक के पतन और अकेलेपन की मार्मिक गाथा थी। यह फिल्म उनके लिए इतनी व्यक्तिगत थी कि जब यह बॉक्स ऑफिस पर असफल हुई, तो उन्होंने इसे अपनी व्यक्तिगत हार मान लिया। उनकी अंतिम निर्देशित फिल्म की असफलता ने उनके आत्मविश्वास को इस कदर झकझोरा कि उन्होंने फिर कभी किसी फिल्म को आधिकारिक रूप से निर्देशित नहीं किया। 'साहब, बीवी और गुलाम' और 'चौदहवीं का चांद' में वे पर्दे पर तो दिखे, लेकिन निर्देशन की कमान दूसरों के हाथों में रही।
- **मानसिक स्वास्थ्य :** गुरु दत्त का जीवन केवल कला की गाथा नहीं है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य और अवसाद के साथ एक लंबी जद्दोजहद की कहानी भी है। आज जब हम मानसिक स्वास्थ्य पर बात करते हैं, तब गुरु दत्त का अस्तित्व इस विषय पर चर्चा के एक प्रतीक के रूप में उभरता है। वे अक्सर अपने मित्रों से कहते थे, 'पैसा है, शोहरत है, सब कुछ है, पर कुछ भी नहीं रहा।'
- **अंतिम शॉट व विरासत :** 10 अक्टूबर 1964 की सुबह सिनेमा के लिए एक काला अध्याय लेकर आई। 39 वर्ष की अल्पायु में गुरु दत्त ने दुनिया को अलविदा कह दिया। उनकी मृत्यु के दृश्य का वर्णन भी किसी फिल्म के 'क्लाइमेक्स' जैसा प्रतीत होता है कुर्ता–पाजामा पहने, हाथ में एक अधूरी किताब और चेहरे पर एक गहरी विचार मुद्रा।

# नेपाल: जेन जी प्रदर्शनों के दौरान हिंसा की जांच पूरी, सरकार को रिपोर्ट सौंपी

काठमांडू, एजेंसी



- तत्कालीन प्रशासन के कुप्रबंधन और अक्षमता को ठहराया दोषी
- प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने के जिम्मेदारों के नाम का खुलासा नहीं

नेपाल में पिछले साल सितंबर में जेन जी के प्रदर्शनों के दौरान हुई हत्याओं, आगजनी और तोड़फोड़ की जांच के लिए गठित उच्च स्तरीय आयोग ने रविवार को अपनी रिपोर्ट अंतरिम सरकार को सौंप दी। रिपोर्ट में तत्कालीन प्रशासन के कुप्रबंधन और अक्षमता को दोषी ठहराया गया है।

सिंह दरबार स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की को जांच रिपोर्ट सौंपी गई, हालांकि आयोग प्रमुख और सरकार दोनों ने ही जेन जी के प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों के नाम और अन्य संबंधित मुद्दों का खुलासा नहीं किया। दो दिवसीय इस प्रदर्शन के दौरान कुल 76 लोग मारे गए थे, जिनमें आठ सितंबर को 22 युवक और अगले दिन 54 लोगों की मौत हुई थी। सुशीला कार्की के अंतरिम प्रधानमंत्री बनने के एक सप्ताह बाद 21 सितंबर को जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश गौरी बहादुर कार्की की अध्यक्षता में न्यायिक जांच आयोग का गठन किया गया।

आयोग के अध्यक्ष गौरी बहादुर कार्की ने कहा कि यह घटना मुख्य रूप से तत्कालीन सरकार के कुशासन और अक्षमता के कारण घटी। उन्होंने कहा कि नौकरशाही और न्यायिक निकायों सहित सरकारी संस्थानों के राजनीतिकरण से लोग हताश थे। आयोग के अध्यक्ष कार्की ने रिपोर्ट सौंपने के बाद मीडियाकर्मियों से कहा, जेन जी के प्रदर्शन के दौरान युवाओं पर गोली चलाने और आदेश जारी करने वालों के साथ-साथ हत्याओं को रोकने के लिए कार्रवाई न करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की सिफारिश की गई है।

## संवैधानिक व्यवस्था में गंभीर व अक्षम्य

# प्रोटोकॉल का उल्लंघन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान राज्य सरकार पर प्रोटोकॉल के गंभीर उल्लंघन के आरोप लगे हैं। इनके मुताबिक मुर्मू के आगमन पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, मुख्य सचिव या डीजीपी में से कोई भी अगवानी के लिए मौजूद नहीं था। यही नहीं, कार्यक्रम का स्थान अंतिम समय पर बदल दिया गया। यह भी आरोप है कि राष्ट्रपति के लिए बने वॉशरूम में पानी नहीं था और उनके मार्ग में कचरा फैला हुआ था। केंद्र सरकार ने इसे अभूतपूर्व अपमान करार देते हुए राज्य सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है। भारत में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री का प्रोटोकॉल ब्लू बुक नामक एक गोपनीय दस्तावेज द्वारा निर्धारित किया जाता है जो उनकी यात्रा और कार्यक्रमों के लिए कड़े नियम तय करता है। देश में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के प्रोटोकॉल के उल्लंघन पहले भी हुए हैं और उन पर कड़े कदम भी उठाए गए हैं।



### राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री का प्रोटोकॉल

- राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री किसी राज्य के दौरे पर जाते हैं तो राज्यपाल और मुख्यमंत्री को उनकी अगवानी और विदाई के लिए मौजूद होना चाहिए। मुख्यमंत्री अपनी जगह किसी वरिष्ठ मंत्री को नामित कर सकते हैं।
- भारत में राष्ट्रपति प्रथम नागरिक और सर्वोच्च संवैधानिक पद पर होते हैं, प्रधानमंत्री कार्यकारी प्रमुख होते हैं। किसी भी कार्यक्रम में बैठने की व्यवस्था और संबोधन इसी वरीयता क्रम के अनुसार होता है।
- प्रधानमंत्री की सुरक्षा एसपीजी (स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप) की ओर से संभाली जाती है। उनके भोजन की जांच मेटल डिटेक्टर से होती है और उनके रसोइयों की जानकारी भी पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है।
- राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के आधिकारिक कार्यक्रमों के स्थान, मार्ग और अतिथियों की सूची पहले से तय होती है और इसमें अंतिम समय पर कोई भी बदलाव प्रोटोकॉल का गंभीर उल्लंघन माना जाता है।

### उल्लंघन कितना गंभीर

- इसे केवल प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक कार्यालय का अपमान माना जाता है।
- प्रोटोकॉल में किसी भी प्रकार का विचलन वीवीआईपी की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है।
- पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति के दौरे के दौरान मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति को केंद्र ने शर्मनाक करार दिया है।

### पहले भी घटनाएं

- पंजाब में रास्ता रोके जाने के कारण मोदी का काफिला फ्लाईओवर पर फंसा रहा।
- वर्ष 2018 में पुरी के जगन्नाथ मंदिर गए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के साथ दुर्व्यवहार।

### क्या कदम उठा सकता है केंद्र

- केंद्रीय गृह मंत्रालय राज्य सरकार के मुख्य सचिव से विस्तृत रिपोर्ट मांग सकता है। ताजा मामले में बंगाल सरकार से रविवार शाम 5 बजे तक जवाब मांगा गया।
- कोई अधिकारी चूक करता है तो उसे आपदा प्रबंधन अधिनियम या सेवा नियमों के तहत नोटिस दिया जा सकता है, इसमें जेल या निलंबन का भी प्रावधान है।
- बार-बार प्रोटोकॉल या संवैधानिक मर्यादाओं का उल्लंघन किया जाता है तो केंद्र राज्यपाल की रिपोर्ट के आधार पर संवैधानिक संकट की चेतावनी दे सकता है।
- प्रधानमंत्री और गृह मंत्री जैसे उच्च पदों से प्रोटोकॉल उल्लंघन की सार्वजनिक आलोचना की जाती है ताकि राज्य सरकार पर नैतिक दबाव बनाया जा सके।

### ये हो सकती है कार्रवाई

- गृह मंत्रालय राज्य के मुख्य सचिव से 24-48 घंटों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगता है।
- कलेक्टर, पुलिस कमिश्नर या सुरक्षा प्रभारियों को तुरंत निलंबित किया जा सकता है।
- चूक सुरक्षा से जुड़ी है तो एसपीजी या गृह मंत्रालय सीधे जांच के आदेश दे सकते हैं।
- गंभीर मामलों में सुप्रीम कोर्ट खुद संज्ञान लेकर स्वतंत्र जांच समिति बना सकता है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### बांग्लादेश: खालिदा जिया को श्रेष्ठ अजेय महिला का पुरस्कार

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को लोकतंत्र को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका के लिए श्रेष्ठ अजेय महिला सम्मान से नवाजा गया है। उनकी तरफ से उनकी पोती जैमा रहमान ने यह पुरस्कार स्वीकार किया। इस साल पांच और महिलाओं को भी यह पुरस्कार दिया गया। नुरुन नाहर अख्तर को अर्थ श्रेणी में सम्मान मिला, जबकि बबीता खातून को शिक्षा एवं रोजगार में सफलता पाने वाली महिलाओं की श्रेणी में पहचान मिली। नूरबानू कबीर को सफल मां, शमला बेगम को जुल्म को हराकर जिंदगी की लड़ाई जीतने वाली महिलाएं और अफरोजा यास्मीन को सामाजिक विकास में शानदार योगदान देने वाली महिलाएं श्रेणी में सम्मानित किया गया।

### आईफोन के नकली पुर्जे बेचने वाले गिरोह के पांच लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने रोहिणी में नकली आईफोन 'स्पेयर पार्ट्स (पुर्जे) और एक्सेसरीज' को असली बताकर बेचने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है और पांच दुकान मालिकों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इस अभियान के दौरान लगभग 1.6 करोड़ रुपये मूल्य की नकली वस्तुएं जब्त की गईं। पुलिस ने बताया कि रोहिणी सेक्टर तीन के एक मॉल और बाजार में स्थित पांच दुकानों पर छापेमारी के बाद यह कार्रवाई की गई, जहां से बड़ी मात्रा में नकली पुर्जे और सहायक उपकरण (एक्सेसरीज) बरामद किए गए।

# अवसर मिलने पर हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं महिलाएं : मुर्मू

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राष्ट्रपति का संबोधन, कहा- हम किसी से कमतर नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिलाओं की ताकत और उपलब्धियों की रविवार को सराहना करते हुए उन्हें उनकी पूरी क्षमता का एहसास कराने के लिए प्रोत्साहित किया। मुर्मू ने कहा, हम किसी से कमतर नहीं हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यह अवसर न केवल महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित करने का है, बल्कि उनके सशक्तीकरण के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता को भी दोहराने का है।

मुर्मू ने शिक्षा, प्रशासन, न्यायपालिका, सशस्त्र बलों, चिकित्सा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कला, उद्यमिता और खेल में महिलाओं की अग्रणी भूमिकाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं और ग्राम विकास में नेतृत्व प्रदान कर रही हैं, वहीं महिलाएं रोजगार, स्टार्टअप और कॉर्पोरेट क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा, अवसर और समर्थन मिलने पर महिलाएं हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। मुर्मू ने कहा, महिलाओ में दम है, हम किसी से कम नहीं। हममें भी दम है। राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि यद्यपि कई उपलब्धियां हासिल की गई हैं, फिर भी समाज में महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करने में कई बाधाएं मौजूद हैं।



महिला विचारकों के राष्ट्रीय सम्मेलन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

### असाधारण बदलाव ला सकती हैं महिलाएं : राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अपने यूट्यूब चैनल पर केरल की छात्राओं के साथ हुई बातचीत का एक वीडियो पोस्ट किया। कहा, मैं प्रत्येक छात्रा के सपनों, जिज्ञासा और आत्मविश्वास से बहुत प्रभावित हुआ। ऐसी बातचीत हमें याद दिलाती है कि जब महिलाएं अपनी क्षमता को पहचानती हैं और खुले दिमाग से आगे बढ़ती हैं तो वे असाधारण बदलाव ला सकती हैं। राहुल ने लिखा, हर महिला अद्वितीय है। उनकी संवेदनशीलता, समझ और भावनात्मक बुद्धिमत्ता समाज को संतुलन व दिशा प्रदान करती है। महिलाएं धैर्य, दूरदर्शिता और सहानुभूति के साथ अपने अनूठे तरीकों से शक्ति का प्रयोग करती हैं। उन्होंने कहा, महिलाएं आमतौर पर पुरुषों से ज्यादा बुद्धिमान होती हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर बीआर आंबेडकर का लैंगिक समानता पर एक कथन साझा किया, आप दुख सहने के लिए पैदा नहीं हुई हैं। आपने उत्थान के लिए जन्म लिया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को शुभकामनाएं दीं।

### गौरव का स्रोत हैं भारत की नारी शक्ति की उपलब्धियां: मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत की नारी शक्ति की उपलब्धियां गर्व का स्रोत हैं। मोदी ने कहा कि महिलाओं का सशक्तीकरण उनकी सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं पहलों का मूल आधार है और सरकार ऐसे अवसर पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध है जिनसे प्रत्येक महिला अपनी पूरी क्षमता का एहसास कर सके और भारत के विकास की यात्रा में योगदान दे सके। उन्होंने एक संदेश में कहा, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मैं हमारी समूची नारी शक्ति को शुभकामनाएं देता हूं। हर क्षेत्र में महिलाएं संकल्प, रचनात्मकता और बेजोड़ उत्साह के साथ भारत की प्रगति को आकार दे रही हैं। उनकी उपलब्धियां हमारे राष्ट्र को प्रेरित करती हैं और विकसित भारत के निर्माण के हमारे सामूहिक संकल्प को मजबूत करती हैं।

# वेनेजुएला में ट्रंप ने डेल्सी सरकार को दी मान्यता

मियामी, एजेंसी



- अमेरिकी राष्ट्रपति ने 'शील्ड ऑफ द अमेरिका' का किया शुभारंभ

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नशीली दवाओं की तस्करी के विरुद्ध मध्य अमेरिकी देशों के साथ एक सैन्य गठबंधन 'शील्ड ऑफ द अमेरिका' का शुभारंभ किया, साथ ही वेनेजुएला की डेल्सी रोड्रिग्ज सरकार को औपचारिक मान्यता देने की भी घोषणा की।

निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी के बाद से ही अमेरिकी देखरेख में रोड्रिग्ज की सरकार देश का प्रशासन चला रही है। ट्रंप ने अंततः इस सरकार को औपचारिक मान्यता दे दी है। मियामी के ट्रंप नेशनल डोरल मियामी होटल में आयोजित बैठक में ट्रंप ने वेनेजुएला के सोने पर भी एक समझौते की भी घोषणा की, हालांकि उन्होंने शर्तों का उल्लेख नहीं किया। साथ ही उन्होंने पनामा नहर पर दोहराया कि वह नहर में प्रतिकूल विदेशी प्रभाव की अनुमति नहीं देंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने भाषण का एक बड़ा हिस्सा क्यूबा पर केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि यह द्वीपीय देश अपने अंतिम क्षणों में है। ट्रंप ने कहा कि वह क्यूबा में जन्मे विदेश मंत्री मार्को रुबियो के माध्यम से सीधे क्यूबा से बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, वे बातचीत करना चाहते हैं और मुझे लगता है कि बहुत आसानी से समझौता हो जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने इस देश के मैत्रीपूर्ण अधिग्रहण की संभावना से भी इन्कार नहीं किया।

### बादशाह ने 'टटीरी' गीत को सभी मंचों से हटाया, माफी मांगी

**नई दिल्ली।** बादशाह के नए गीत 'टटीरी' में महिलाओं और नाबालिगों के बारे में आपत्तिजनक बोल होने के आरोप लगाए जाने के बाद गायक-गीतकार ने माफी मांगते हुए कहा कि इस गाने को सभी मंच से हटा लिया गया है।

अभी तो पार्टी शुरू हुई है और गेंदा फूल जैसे गानों के लिए प्रसिद्ध 40 वर्षीय बादशाह ने शनिवार को 'इंस्टाग्राम' पर एक वीडियो साझा किया। कहा, मेरा नया गीत रिलीज हुआ है और मैं देख रहा हूं कि इसके बोल और दृश्य प्रस्तुति ने खासकर हरियाणा के कई लोगों को दुख पहुंचाया है।

# सही समय आने पर बताऊंगा इस्तीफा देने का कारण: बोस

कोलकाता, एजेंसी

- पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल ने कहा- अभी इसे गोपनीय रखूंगा

पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने रविवार को कहा कि उन्होंने सोच-समझकर पद से इस्तीफा देने का निर्णय लिया था और इसका कारण उचित समय आने तक गोपनीय रखेंगे।

कोलकाता हवाईअड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए बोस ने कहा कि वह अपना वोट डालने के लिए बंगाल आएंगे। केरल के मूल निवासी बोस पश्चिम बंगाल के राज्यपाल पद से इस्तीफा देने से ठीक एक सप्ताह पहले ही बंगाल के मतदाता बने थे। बोस ने कहा, मैंने सोच-समझकर इस्तीफा देने का निर्णय लिया है, जिसके कारण उचित समय आने तक गोपनीय रहेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राज्य में कथित प्रोटोकॉल उल्लंघन और आदिवासी उत्पीड़न पर व्यक्त की गई चिंता पर टिप्पणी करने के लिए पूछे गए सवाल पर, बोस ने प्रतिक्रिया देने से परहेज किया।

पूर्व राज्यपाल बोस ने कहा, राष्ट्रपति बहुत अनुभवी, संतुलित और अत्यंत गरिमामय व्यक्तित्व की धनी हैं। उन्होंने जो कहा, उसके पीछे उनके कुछ कारण जरूर रहे होंगे। लेकिन राष्ट्रपति के कथन पर टिप्पणी करने का मुझे कोई अधिकार नहीं है।

# भारत-चीन एक-दूसरे को साझेदार की तरह देखें : वांग

बीजिंग, एजेंसी



- चीन के विदेश मंत्री ने कहा- आपसी विश्वास और सहयोग दोनों के लिए लाभकारी

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने रविवार को बीजिंग में कहा कि भारत और चीन को एक-दूसरे को प्रतिद्वंद्वियों के बजाय साझेदार और खतरे के बजाय अवसर के रूप में देखना चाहिए। वांग ने कहा कि दोनों देशों को बिना किसी हस्तक्षेप के संबंधों को बेहतर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा निर्धारित मार्ग का पालन करना चाहिए।

वांग ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी और शी की पिछले साल अगस्त में तियानजिन में सफल बैठक हुई थी। उन्होंने कहा, 2024 में कजान में हुई उनकी बैठक से मिली नई शुरुआत को आगे बढ़ाते हुए तियानजिन सम्मेलन ने चीन-भारत संबंधों में सुधार किया। सभी स्तरों पर नए सिरे से सक्रिय बातचीत, द्विपक्षीय व्यापार में नया रिकॉर्ड और लोगों के बीच निकट आदान-प्रदान देखकर हमें खुशी हो रही है। इनसे दोनों देशों की जनता को ठोस लाभ हुए हैं।

### ब्रिक्स में एक-दूसरे का समर्थन करें दोनों देश

वांग यी ने कहा कि भारत और चीन को 'ब्रिक्स' शिखर सम्मेलन की मेजबानी में एक-दूसरे का समर्थन करना चाहिए। भारत इस वर्ष शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने वाला है, जबकि चीन 2027 में इसकी मेजबानी करेगा। दुनिया की अग्रणी उभरती अर्थव्यवस्थाओं के समूह 'ब्रिक्स' में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका मूल सदस्य हैं, बाद में सऊदी अरब, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, इथियोपिया, इंडोनेशिया और ईरान को शामिल कर सदस्य देशों का विस्तार किया गया।

# जदयू में शामिल हुए नीतीश कुमार के बेटे निशांत

## पार्टी संगठन को मजबूत करने का एलान किया, बनाए जा सकते हैं उपमुख्यमंत्री

पटना, एजेंसी



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार रविवार को जनता दल (यूनाइटेड) में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि वह पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए काम करेंगे। इंजीनियरिंग में स्नातक निशांत को पार्टी मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह 'ललन' और पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा समेत प्रमुख नेताओं की उपस्थिति में पार्टी में शामिल किया गया।

पार्टी में शामिल होने के बाद निशांत ने कहा, मेरे पिता ने राज्यसभा सदस्य बनने का फैसला लिया, यह उनका व्यक्तिगत निर्णय था। हम सभी इसका सम्मान करते हैं। हम उनके मार्गदर्शन में काम करते रहेंगे। मैं संगठन को मजबूत करने के लिए काम करूंगा। निशांत ने दावा किया कि बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे उनके पिता नीतीश कुमार ने पिछले 20 वर्ष में राज्य के लिए बहुत कुछ किया। उन्होंने कहा, राज्य की जनता कभी उनके द्वारा राज्य के विकास में किए गए योगदान को नहीं भूलेगी। आप सभी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा।

### परिवारवाद पर नीतीश की बातें ढकोसला : राजद

राजद के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने रविवार को आरोप लगाया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार परिवारवादी राजनीति पर जो बड़ी-बड़ी बातें किया करते थे, वह सिर्फ ढकसोला थी। अहमद ने बयान जारी कर कहा कि नितीश कुमार को अपने पुत्र निशांत कुमार को स्थापित करने के लिए मौके की तलाश थी। इस बार उन्होंने अपने पुत्र को स्थापित करने के लिए खुद को राज्यसभा सदस्य का उम्मीदवार बना लिया और भाजपा से कुछ शर्तों के साथ समझौता करके विरासत की राजनीति को आगे बढ़ा दिया।

### कर्नाटक: छात्र ने सहपाठियों पर किया हमला, एक की मौत

**बल्लारी।** बल्लारी के एक निजी आवासीय विद्यालय में नौवीं कक्षा के एक छात्र ने हमला करके एक व्यक्ति की हत्या कर दी और दूसरे को नुकीली वस्तु व लोहे की छड़ से घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार रात स्कूल के छात्रावास में घटी। मृतक लड़का आंध्र प्रदेश का निवासी था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना के पीछे के मकसद और उसमें इस्तेमाल किए गए हथियार का पता लगाने के लिए जांच जारी है। आरोपी छात्र घटनास्थल से फरार हो गया, उसे पकड़ने के लिए तलाशी अभियान जारी है।

# कोझिकोड में महंगे जूते एक रुपये में बेचने पर उमड़ी भीड़, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

**कोझिकोड।** केरल के कोझिकोड में महंगे जूते मात्र एक रुपये में बेचने के एक दुकान के प्रचार अभियान के दौरान रविवार सुबह भारी भीड़ जुट गयी और पुलिस को इसे नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा।

वायरल विज्ञापनों से आकर्षित होकर सैकड़ों ग्राहक तड़के ही इलाके में उमड़ पड़े, जिससे भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई और यातायात बाधित हो गया। दुकानदार ने पहले 100 ग्राहकों को मात्र एक रुपये में जूते देने का विज्ञापन दिया था, जिसके बाद रात दो बजे से ही भीड़ जमा होने लगी थी। भीड़ इतनी थी कि दुकान की क्षमता से अधिक ग्राहक आ गए जिनमें बच्चे भी शामिल थे और वायनाड जैसे जिलों से भी लोग आए थे।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज का दिन कुछ कमजोर रहने वाला है। शाम को मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। सेहत से संबंधित समस्या को हल्के में न लें।

**तुला** — आज दांपत्य संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। अचल संपत्ति की खरीदारी कर सकते हैं। इष्ट मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृष** — आज नए कार्यों की शुरुआत करने के लिए दिन शुभ है। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। आपकी आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — आज कारोबार में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। मनोनुकूल लाभ होने से आप प्रसन्न रहेंगे।

**मिथुन** — आज कार्यक्षेत्र में अधिकारियों की आज्ञा का पालन करना पड़ेगा। समाज में ख्याति में वृद्धि होगी। अनावश्यक बातों पर ध्यान न दें।

**धनु** — आज आपकी सोच के अनुसार काम नहीं होंगे। क्रोध पर नियंत्रण रखें। वैवाहिक जीवन में सामंजस्य कम हो सकता है।

**कर्क** — आज सामाजिक कार्यों में आपका मन लगेगा। आपकी अच्छी आदतों से लोग प्रसन्न होंगे। तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें।

**मकर** — आज कार्यक्षेत्र में काम का दबाव कम होगा। कला जगत से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी।

**सिंह** — आज संपत्ति के क्रय-विक्रय से आपको लाभ होगा। व्यापार में नया प्रयोग कर सकते हैं। परोपकार में धन खर्च करेंगे।

**कुंभ** — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रबंधन संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी। परिवार के लोगों को आप काफी समय देंगे।

**कन्या** — आज कार्यक्षेत्र में आपको उच्चपद मिल सकता है। अविवाहित लोगों का विवाह तय होगा। पिकनिक का विचार बना सकते हैं।

**मीन** — आज घरेलू खर्चों में वृद्धि होगी। विवादित मामले उभरने की आशंका है। उच्च शिक्षा के लिए विदेश यात्रा कर सकते हैं।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 9 मार्च, सोमवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, षष्ठी 23 .27 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-विशाखा 16 .11 तक तत्पश्चात अनुराधा।

### सुडोकू - 82 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 |
| 5 | 4 | 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 7 | 2 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 3 | 4 |
| 9 | 3 | 6 | 1 | 5 | 2 | 4 | 8 | 7 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 7 | 2 | 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 5 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 9 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 1 | 5 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 8 | 4 | 7 | 9 | 6 | 3 | 2 | 5 |

### सुडोकू -83

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | 6 | 5 | | | | |
| 4 | | 7 | | | 2 | | 5 | 8 |
| | | | 3 | 4 | | 9 | | |
| | | | 5 | | 4 | | | 7 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| 5 | | | 8 | | 1 | | | |
| | 4 | 9 | | 8 | | | | |
| 1 | | | 2 | | | 6 | | 9 |
| | | | | 9 | 6 | | | 3 |

### दिल्ली-गोवा उड़ान में बीड़ी पी रहे यात्री पर केस दर्ज

**पणजी।** पुलिस ने रविवार को बताया कि दिल्ली-गोवा उड़ान के शौचालय में कथित तौर पर बीड़ी पीने के आरोप में एक विमान यात्री के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार को हुई जब दिल्ली निवासी आरोपी आशीष गोवा जाने वाली अकासा एयर की उड़ान क्यूपी-1625 में यात्रा कर रहा था। एयरलाइन ने अपनी शिकायत में कहा है कि उड़ान के दौरान यात्री ने विमान के शौचालय में बीड़ी पी और उसके पास एक लाइटर भी पाया गया।

विवाद

भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और वरिष्ठ नेताओं ने की निंदा, माफी मांगने की मांग की

# राष्ट्रपति मुर्मू के दौरे को लेकर चौतरफा घिरी तृणमूल कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के दौरे के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रोटोकॉल के कथित उल्लंघन राजनीति शुरू होने के साथ तृणमूल कांग्रेस चौतरफा घिर गई है। देश के वरिष्ठ नेताओं के साथ कई संगठनों ने राष्ट्रपति के अपमान का आरोप लगाते हुए इसे पूरे देश के साथ महिलाओं का अपमान बताया है, साथ ही तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी से राष्ट्रपति से माफी मांगने की मांग की है।

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान किया है। संथाल समुदाय से ताल्लुक रखने वाले माझी ने कहा, राष्ट्रपति मुर्मू का अभिनंदन तो दूर की बात है, न तो मुख्यमंत्री और न ही कोई राज्य मंत्री उनका स्वागत करने गए। राष्ट्रपति का अपमान हर महिला और पूरे देश का अपमान है। माझी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को असंवेदनशील करार दिया और कहा कि राष्ट्रपति के अपमान की सभी राजनीतिक दलों को एक स्वर में निंदा करनी चाहिए। यह लोकतंत्र की भावना के विरुद्ध है।

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की पीड़ा का कारण बनने वाले इस प्रकरण ने पूरे देश के लोगों को दुखी कर दिया है। इससे पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार के आचरण पर भी गंभीर सवाल उठे हैं। एक्स पर एक पोस्ट में खांडू ने कहा कि यह स्थिति विशेष रूप से दुखद है क्योंकि राष्ट्रपति स्वयं आदिवासी समुदाय से आती हैं और उन्हें संथाल संस्कृति का जश्न मनाने के उद्देश्य से आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक रूप से निराशा व्यक्त करनी पड़ी।

### राष्ट्रपति के बहाने ओछी राजनीति कर रही है भाजपा : अभिषेक



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा राजनीतिक उद्देश्यों के लिए राष्ट्रपति पद का इस्तेमाल कर रही है। उन्हें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार और केंद्र सरकार के प्रदर्शन पर बहस करने की चुनौती देते हुए भाजपा पर राष्ट्रपति पद को राजनीतिक मुद्दों में घसीटकर ओछी राजनीति करने का आरोप लगाया। कहा, अगर भाजपा वास्तव में राष्ट्रपति का सम्मान करती है तो उन्हें नए संसद भवन के उद्घाटन जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम और अयोध्या में राम मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा में आमंत्रित क्यों नहीं किया। अभिषेक ने एक पुराने कार्यक्रम की तस्वीर का भी हवाला दिया जिसमें मुर्मू खड़ी हैं जबकि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी बैठे हुए हैं।





# स्टेडियम

अयोध्या, सोमवार, 9 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### यमाल के गोल से बार्सिलोना ने बिलबाओ को हराया

**बार्सीलोना।** लेमिन यमाल के गोल से बार्सीलोना ने शनिवार को यहां ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में एथलेटिक बिलबाओ को 1-0 से हरा दिया। मुकाबले के दौरान दोनों टीम के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली लेकिन यमाल ने 68वें मिनट में गोल दागकर अंक तालिका के शीर्ष पर चल रहे बार्सीलोना की जीत सुनिश्चित की। इस जीत से बार्सीलोना के 27 मैच में 67 अंक हो गए हैं और उसने दूसरे स्थान पर चल रहे रीयाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त बना ली है। यमाल मौजूदा सत्र में पहले ही 19 गोल दाग चुके हैं। अन्य मुकाबलों में एटलेटिको मैड्रिड ने रीयाल सोसीदाद को 3-2 से हराया जबकि मार्लोका और ओसासुना का मैच 2-2 से बराबरी पर छूटा। गिरोना और लेवांते ने भी 1-1 से ड्रॉ खेला।

### लक्ष्य सेन आल इंग्लैंड ओपन में उपविजेता रहे



**बर्मिंघम।** लक्ष्य सेन ने पूरा जुझारूपन दिखाया लेकिन आल इंग्लैंड बैडमिंटन खिताब के लिये भारत का 25 साल का इंतजार खत्म नहीं कर सके और पुरूष एकल फाइनल में रविवार को चीनी ताइपै के लिन चुन यी से हार गए। चार साल पहले उपविजेता रहे लक्ष्य दूसरी बार आल इंग्लैंड फाइनल खेल रहे थे। अलमोड़ा के 24 वर्ष के इस खिलाड़ी को 57 मिनट तक चले मुकाबले में 15.21, 20.22 से पराजय झेलनी पड़ी। लक्ष्य ने बाद में कहा यह अच्छा मैच था। पहले गेम में वह बेहतर खेल रहा था पर मैं दूसरे में बेहतर वापसी कर सकता था। इस पूरे सप्ताह हालांकि अपने प्रदर्शन से मैं खुश हूं। मैच के बारे में सोचकर भावुक हो रहा हूं, पर बहुत कुछ सकारात्मक रहा। लिन आल इंग्लैंड पुरुष एकल खिताब जीतने वाले चीनी ताइपै के पहले खिलाड़ी बन गए।

# भारतीय बल्लेबाजी का शानदार 'बुफे', कई लाजवाब पारियां

## सैमसन, अभिषेक, ईशान और शिवम ने कीवी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए टी-20 विश्व कप फाइनल का रिकॉर्ड स्कोर बनाया



**अहमदाबाद, एजेंसी**

भारतीय बल्लेबाजों ने रविवार को ऐसी शानदार बल्लेबाजी का 'बुफे' पेश किया कि उसमें से सर्वश्रेष्ठ चुनना मुश्किल हो गया। संजू सैमसन ने निडर अंदाज में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए 89 रन बनाए। अभिषेक शर्मा ने फॉर्म हासिल करते हुए 21 गेंदों में 52 रन जड़े जबकि भरोसेमंद ईशान किशन ने 54 रन बनाए। न्यूजीलैंड द्वारा पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने के बाद भारत के शीर्ष तीन बल्लेबाजों ने फाइनल के अनुरूप आक्रामक बल्लेबाजी की। तीनों ने लगभग बिना किसी जोखिम वाली पारी खेली और उनके बल्ले से निकला लगभग हर शॉट बेहतरीन साबित हुआ।

पावरप्ले में ही मैच में भारतीय बल्लेबाजों का दबदबा दिखने लगा, जब सलामी बल्लेबाज सैमसन और शर्मा ने छह ओवर में बिना विकेट खोए 92 रन जोड़ दिए। यह टी20 में पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड साझेदारी रही। मैच के 10 ओवर तक भारत का स्कोर एक विकेट 127 रन था।

15 ओवर पूरे होने तक भारत एक विकेट पर 203 रन तक पहुंच चुका था और विशाल स्कोर की संभावना साफ दिख रही थी। भारत ने 20 ओवर में 255 रन बना लिए जो टी20 विश्व कप फाइनल का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। इस दौरान शिवम दुबे ने भी आठ गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 26 रन की तेज पारी खेली।

सैमसन एक बार फिर 89 रन पर आउट हो गए, ठीक वैसे ही जैसे वह सेमीफाइनल में हुए थे। वह 16वें ओवर की पहली गेंद पर पवेलियन लौटे। इसी ओवर में किशन भी आउट हो गए और कप्तान सूर्यकुमार यादव भी पहली ही गेंद पर बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। सैमसन ने 46 गेंद में 89 रन की पारी खेली जिसमें आठ छक्के और पांच चौके शामिल थे। उनका स्ट्राइक रेट लगभग 194 रहा। इससे पहले शर्मा ने अपनी 21 गेंदों की पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाए।

शर्मा के आउट होने से पहले उन्होंने सैमसन के साथ 43 गेंदों में 98 रन की साझेदारी की। इसके बाद किशन क्रीज पर आए और उन्होंने सैमसन के साथ 48 गेंदों में 105 रन की साझेदारी की। सैमसन की बल्लेबाजी की आक्रामकता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वह हर 3.5 गेंद में एक बाउंड्री लगा रहे थे। उन्होंने जिन गेंदों का सामना किया, उनमें से लगभग तीन-चौथाई गेंदें चौके या छक्के में बदलीं। उन्होंने थर्ड मैन, लांग लेग, स्क्वायर लेग, कवर और सीधे पिच के ऊपर से छक्के लगाए।

उन्हें फर्क नहीं पड़ा कि गेंदबाज स्पिनर था (रचिन रविंद्र के खिलाफ तीन छक्के), तेज गेंदबाज था (लॉकी फर्ग्यूसन को तीन छक्के लगाए) या मध्यम गति का गेंदबाज (मैट हेनरी पर भी दो बार छक्के जड़े)। कुछ ही हफ्ते पहले तक टीम से बाहर चल रहे केरल के इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने 2026 टी20 विश्व कप में अपनी पिछली तीन पारियों से इतिहास में जगह बना ली है। सुपर आठ में वेस्टइंडीज के खिलाफ 97 रन की पारी के बाद इंग्लैंड के खिलाफ 89 रन की पारी ने उनकी प्रतिभा को साबित किया। न्यूजीलैंड के खिलाफ वही स्कोर बनाकर उन्होंने अपनी बादशाहत पर मुहर लगा दी।



जीत का जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। एजेंसी

### भारत

**255/5** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन का मैकोंची बो नीशाम | 89 |
| अभिषेक शर्मा का सीफर्ट बो रविंद्र | 52 |
| ईशान किशन का चैपमैन बो नीशाम | 54 |
| हार्दिक पंड्या का सेंटनेर बो हेनरी | 18 |
| सूर्यकुमार का रविंद्र बो नीशाम | 00 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 08 |
| शिवम दुबे नाबाद | 26 |

**गेंदबाजी :** हेनरी 4-0-49-1, फिलिप्स 1-0-5-0, डफी 3-0-42-0, फर्ग्यूसन 2-0-48-0, सेंटनेर 4-0-33-0, रविंद्र 2-0-32-1, नीशाम 4-0-46-3

### महाधुनाई

- भारत की पूरे टूर्नामेंट में पहली ओपनिंग अर्धशतकीय साझेदारी हुई।
- अभिषेक शर्मा ने 18 गेंदों में अर्धशतक लगाया।
- पावर प्ले में भारतीय टीम ने टीम ने पावरप्ले में वर्ल्ड कप का सबसे बड़ा स्कोर 92/1 बनाया।
- 10 ओवर में भारत ने एक विकेट पर बन गए थे 127 रन।
- 11.3 ओवर में 150 रन बने।
- संजू सैमसन ने टूर्नामेंट में सर्वाधिक 28 छक्के जड़े।
- ईशान किशन ने 23 गेंदों में अर्धशतक जड़ दिया।
- 15 ओवर में 200 रनों का आंकड़ा पार कर लिया था।
- भारतीय टीम ने 19 चौके और 18 छक्के लगाए।

### 3000 पुलिसकर्मी लगे सुरक्षा में

अहमदाबाद के पुलिस आयुक्त जी एस मलिक ने कहा बंदोबस्त के तहत करीब 3000 पुलिसकर्मी और 1000 होमगार्ड तैनात किये गए हैं। हमने भगदड़ की आशंका से बचने के लिए गेट नंबर एक और दो के पास होल्डिंग क्षेत्रग बनाये हैं। पहली बार मैच के दौरान इसे आजमाया जाएगा।

- सैमसन टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के मार्लोन सैमुअल के 85 रन का रिकॉर्ड तोड़ा।
- न्यूजीलैंड के टिम साईफर्ट ने भी तूफानी पारी खेली, उन्होंने महज 23 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया।

# पॉप स्टार रिकी मार्टिन ने मचाई धूम

**अहमदाबाद, एजेंसी**

दुनिया भर में मशहूर पॉप आइकन और दो बार के ग्रैमी विजेता रिकी मार्टिन ने रविवार को यहां आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप फाइनल से पहले आयोजित समापन समारोह में अपने हिट गाने 'लिविन ला विदा लोका' और 'द कप ऑफ लाइफ' से मंच पर धूम मचा दी।

मार्टिन के साथ भारतीय गायक सुखबीर और फाल्गुनी पाठक ने भी दर्शकों का मनोरंजन किया। अहमदाबाद में भारत और न्यूजीलैंड के बीच फाइनल मुकाबले से पहले तीनों गायकों ने मिलकर संगीत का शानदार माहौल बनाया। 'प्रिंस ऑफ भांगड़ा' के नाम से मशहूर सुखबीर ने अपने डांस ट्रूप के साथ अपने लोकप्रिय पंजाबी गीत 'ओ हो हो हो - ओ हो हो हो' सहित कई हिट गाने प्रस्तुत किए।

वहीं 'डांडिया क्वीन' के नाम से मशहूर फाल्गुनी पाठक ने लगभग 50 डांसरों के साथ गुजराती लोकगीतों और बॉलीवुड गीतों से कार्यक्रम की शुरुआत की। लैटिनो गायक-गीतकार मार्टिन ने अपनी प्रस्तुति का समापन अपने सबसे बड़े हिट गाने 'मारिया' और 'ला कोपा डि ला विदा' के साथ किया।



संगारंग कार्यक्रम के दौरान सिंगर रिकी मार्टिन। एजेंसी



## दर्शकों का उत्साह चरम पर, क्रिकेट का बुखार हर तरफ

**अहमदाबाद।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी20 विश्व कप फाइनल से पहले मानों पूरा शहर क्रिकेट के बुखार की गिरफ्त में है और नरेंद्र मोदी स्टेडियम की ओर जाने वाले हर रास्ते पर 'जीतेगा भाई जीतेगा, इंडिया वर्ल्ड कप जीतेगा' का शोर सुनाई दे रहा है। देश भर से क्रिकेटप्रेमियों का जमावड़ा मानों स्टेडियम में लगा है। भारतीय टीम की जर्सी और कैप पहने हजारों की संख्या में दर्शक स्टेडियम के बाहर काफी पहले ही से जमा होने लगे।

केरल से आये प्रशंसकों का एक समूह खास तौर पर संजू सैमसन और वरूण चक्रवर्ती के लिये जमा है। केरल से आये मनोज कुमार ने कहा हम यहां केरल से संजू सैमसन और वरूण के लिये आये हैं। वे भारत को विश्व कप दिलाएंगे। यह कठिन मैच होगा। हम पिछली बार आस्ट्रेलिया से हारे थे लेकिन इस बार जीतेंगे।



नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खिताबी मुकाबला देखने के लिए दर्शकों का अपार जनसमूह एकत्र हुआ। स्टेडियम ही नहीं पूरे अहमदाबाद में हर तरफ नीला समुंद्र नजर आ रहा था। एजेंसी

# ऑस्ट्रेलिया ने एकमात्र टेस्ट में भारत को रौंदा

**पर्थ, एजेंसी**

- **ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली की शानदार विदाई**
- **मेजबानों के 25 रनों का लक्ष्य बिना विकेट खोए हासिल किया**

ऑस्ट्रेलिया ने महिलाओं के एकमात्र दिन-रात्रि क्रिकेट टेस्ट में अपना दबदबा बरकरार रखते हुए रविवार को यहां तीसरे दिन भारत के खिलाफ 10 विकेट की आसान जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दूसरी पारी में 149 रन पर समेटने के बाद 25 रन के मामूली लक्ष्य को बिना किसी परेशानी के हासिल कर लिया। यह कप्तान एलिसा हीली के लिए शानदार विदाई रही जिन्होंने अपने करियर का अंत एक ऐसे विरोधी पर शानदार जीत के साथ किया जिसके खिलाफ उन्होंने हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया।

भारतीय टीम अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 105 रन से आगे खेलते हुए 48.2 ओवर में 149 रन पर सिमट गई जिसमें प्रतिका रावल ने 137 गेंद में 63 रन की पारी खेली। एशले गार्डनर (आठ रन पर दो विकेट) ने कल की दोनों नाबाद बल्लेबाजों स्नेहा राणा (30) और प्रतिका को आउट किया। गार्डनर ने स्नेह को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा। प्रतिका भी गार्डनर की गेंद को पुल करने की कोशिश में हवा में लहरा गईं और एनाबेल सदरलैंड ने उनका शानदार कैच लपका जिससे भारतीय पारी का अंत हुआ। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए सिर्फ 25 रन की दरकार थी और सलामी बल्लेबाजों जॉर्जिया वोल (नाबाद 16) और फोबे लिचफील्ड (नाबाद 11) ने 4.3 ओवर में ही बिना विकेट खोए हालिस कर लिया।

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

| | |
|---|---|
| भारत | 198 व 149 |
| ऑस्ट्रेलिया | 323 व 28/0 |

## हम टेस्ट में लय बरकरार नहीं रख सके : हरमनप्रीत

**पर्थ।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि हमने बहु प्रारूप सीरीज में मजबूत शुरुआत की, लेकिन वाका ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में लय बनाए नहीं रख सके और मुकाबला हार गए। टेस्ट में मिली हार के बाद कौर ने कहा हमने बहुत अच्छी शुरुआत की, टी-20 में बहुत अच्छा क्रिकेट खेला लेकिन दुर्भाग्य से, उसके बाद, हम इसे जारी नहीं रख पाए, लेकिन मुझे लगता है कि कुल मिलाकर यह एक अच्छी सीरीज थी। ऑस्ट्रेलिया में हर समय खेलकर बहुत खुश हूं, और मुझे लगता है कि यह एक शानदार मुकाबला था। उन्होंने कहा कि मल्टी-फॉर्मेट सीरीज और पिंक-बॉल टेस्ट खेलना टीम के लिए एक कीमती अनुभव था। उन्होंने कहा यह बहुत मजेदार था, और उम्मीद है कि भविष्य में भी हमें इस तरह के टूर्नामेंट मिलते रहेंगे क्योंकि इससे आपको बहुत कॉन्फिडेंस मिलता है।

**नाराजगी**

**डिकॉक और मिलर ने आईसीसी की आलोचना की, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका से पहले इंग्लैंड को स्वदेश भेजने पर उठाए सवाल**

# अजीब है कि कुछ टीम का असर अन्य से अधिक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

क्विंटन डिकॉक और डेविड मिलर ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आलोचना की है कि उसने कथित तौर पर दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बजाय इंग्लैंड के यात्रा कार्यक्रम को प्राथमिकता दी जबकि दोनों टीम अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष के कारण हुई दिक्कतों के बीच अब तक स्वदेश लौटने का इंतजार कर रही हैं।

बृहस्पतिवार को दूसरे सेमीफाइनल में भारत से शिकस्त झेलने वाला इंग्लैंड शनिवार शाम को मुंबई से लंदन के लिए सीधी चार्टर्ड उड़ान से रवाना हुआ। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीम हालांकि अब भी भारत में ही हैं। पिछले रविवार को ईडन गार्डन्स में भारत से पांच विकेट से हारने के बाद वेस्टइंडीज टी-20 विश्व कप से बाहर हो गया जबकि बुधवार को कोलकाता में पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से हारने के साथ दक्षिण अफ्रीका का अभियान भी खत्म हो गया। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज दोनों के कोलकाता से एक और चार्टर्ड उड़ान से एक साथ यात्रा करने की उम्मीद है। उड़ान के समय की अभी पुष्टि नहीं हुई है लेकिन इसके रविवार को रवाना होने की संभावना है।

डिकॉक ने इंस्टाग्राम पर लिखा मजेदार है कि आईसीसी ने हमें कुछ नहीं बताया। इस बीच इंग्लैंड किसी तरह से हमारे से पहले कैसे जा रहा है? वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका तो बस अंधेरे में हैं। अजीब है कि अलग-अलग टीम का दूसरों से अधिक असर होता है। टीम के डिकॉक के साथी मिलर ने भी निराशा जताई। मिलर ने ईएसपीएनक्रिकइंफो की एक पोस्ट के कमेंट सेक्शन में लिखा मजेदार बात यह है कि वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के बाद इंग्लैंड बाहर हुआ और आज रात चार्टर्ड उड़ान से स्वदेश वापस लौट गया जबकि वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका अब भी कोलकाता में जवाब का इंतजार कर रहे हैं।

दो बार विश्व कप जीतने वाली वेस्टइंडीज टीम के पूर्व कप्तान और मौजूदा मुख्य कोच डेरेन सैमी ने भी इस मामले पर अपनी राय दी। सैमी ने लिखा डेविड मिलर पीछे बैठे लोगों को सुनाने के लिए थोड़ा जोर से बोलो।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भी वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका से पहले इंग्लैंड को स्वदेश भेजने के आईसीसी के फैसले पर सवाल उठाया। वॉन ने एक्स पर लिखातो इंग्लैंड बृहस्पतिवार को बाहर हो गया। आज चार्टर्ड उड़ान से स्वदेश रवाना। वेस्टइंडीज पिछले रविवार को बाहर हो गया और अब भी कोलकाता में है.. दक्षिण अफ्रीका की भी यही स्थिति है। यहीं पर ताकत पूरी तरह से गलत है।





### आईसीसी ने दोहा बैठक स्थगित की

**नई दिल्ली।** अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे टकराव के कारण अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की 25 से 27 मार्च तक कतर के दोहा में होने वाली तीन दिवसीय बैठक स्थगित कर दी गई है। आईसीसी के एक सूत्र के अनुसार बैठक अगले महीने उसी महाद्वीप में आयोजित की जाएगी। सूत्र ने कहा कि अहमदाबाद में भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी20 विश्व कप फाइनल से एक दिन पहले शनिवार को आईसीसी सदस्यों को एक औपचारिक पत्र भेजा गया। इस बैठक में आईसीसी के निदेशक मंडल के सदस्यों, मुख्य कार्यकारियों, समिति के सदस्यों और वरिष्ठ पदाधिकारियों के शामिल होने की उम्मीद थी जिसमें संगठन के संचालन कैलेंडर पर बातचीत होनी थी।